## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# मुझे धर्मशाला की जनता पर भरोसा : राकेश चौधरी

**हिमाचल** प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा की छह सीटों पर होने जा रहे उपचुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां चरम पर हैं। धर्मशाला में आजाद प्रत्याशियों के चुनावी मैदान में उतरने से मुकाबला काफी रोचक होता हुआ नजर आ रहा है। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां से राकेश चौधरी को मैदान में उतारा था, लेकिन इस बार उनको टिकट न देकर सुधीर शर्मा को टिकट दिया गया है। राकेश चौधरी अब आजाद प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर आए हैं। 'अनंत ज्ञान' की रिपोर्टर रीत वशिष्ट ने उनसे विशेष बातचीत की। इस एक्सक्लूसिव इंटरव्यू के कुछ अंश...

*सवाल : कांग्रेस के कुछ नेता बागी हुए और अब भाजपा के भी कुछ नेता बागी हो गए हैं। इसकी वजह क्या है?*

जवाब : यहां राज्यसभा चुनाव में जिस तरह से भितरघात हुआ। हमारे कांग्रेस मित्रों ने जिस प्रकार से क्रॉस वोटिंग कर विपक्ष में बैठी भाजपा के उम्मीदवार को जीत दिला दी, उससे कांग्रेस को काफी शर्मसार होना पड़ा। सूबे के मुख्यमंत्री को शायद विश्वास था कि कोई भितरघात नहीं होगा, लेकिन भाजपा ने कम विधायक होते हुए भी चुनाव जीत लिया। इससे एक बात तो स्पष्ट हो गई कि मुख्यमंत्री की अपने ही विधायकों पर कोई पकड़ नहीं थी। भाजपा ने बड़ी ही चतुराई से अपने प्रत्याशी को चुनाव जिताकर संसद पहुंचा दिया।

*सवाल : आप पहले कांग्रेस में, फिर भाजपा में और अब आजाद प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, ऐसा क्यों?*

जवाब: देखिए, मेरा कोई राजनीतिक बैकग्राउंड नहीं है। कांग्रेस में था तो भी पार्टी कार्यकर्ता ही था। कांग्रेस को छोड़ने के पीछे भी पार्टी के ही कुछ नेता थे। उसके बाद मैं भाजपा में शामिल हो गया। उन दिनों हिमाचल में हुए विधानसभा चुनाव में धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी किशन कपूर को भरपूर समर्थन दिया। उनको जिताने में अपना पूरा जोर लगा दिया। वे जीते भी और कैबिनेट मंत्री भी रहे। हालांकि किशन कपूर ने इस दौरान लोकसभा चुनाव लड़ा और जीतकर संसद पहुंच गए और यहां उपचुनाव हुए। उपचुनाव में पार्टी ने मुझे टिकट न देकर विशाल नैहरिया को टिकट दे दिया। भाजपा से टिकट न मिलने पर मैंने धर्मशाला से आजाद प्रत्याशी चुनाव लड़ा। उस समय हिमाचल में भाजपा की सरकार थी। सरकार और इतने बड़े संगठन के खिलाफ चुनाव लड़ना अपने आप में एक बड़ी बात है।

### मैंने लोगों के सुख-दुख में दिया है साथ, अब चुनाव में जनता देगी मेरा साथ

निर्दलीय प्रत्याशी राकेश चौधरी का एक्सक्लूसिव इंटरव्यू



सवाल : धर्मशाला से सुधीर, जग्गी और आपके बीच कैसी रहेगी टक्कर?

जवाब : देखिए भाजपा और कांग्रेस ने तो दिग्गज नेता चुनाव में उतारे हैं। मैं तो एक छोटा सा आदमी हूं। लेकिन मुझे धर्मशाला की जनता पर भरोसा है। यहां के लोगों के साथ मैं जिस तरह से हर वक्त खड़ा रहा हूं। यहां के लोगों के मैंने जिस तरह से काम किए हैं, उससे मुझे विश्वास है कि यहां की जनता मुझे जरूर चुनेगी। इस बार यहां चुनाव नहीं, अपितु द्वंद्व युद्ध हो रहा है। एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए पार्टियां किसी भी हद तक जा सकती हैं। एक बात तो सच है कि एक विलासिता की जिंदगी जीने वाला व्यक्ति आम जनमानस की पीड़ा को नहीं समझ सकता। ऐसे लोगों को तो आज चुनाव की वजह से घर-घर जाकर वोट मांगने का कष्ट उठाना पड़ रहा है। 15 दिन के बाद जब चुनाव हो जाएंगे तो ये लोग अपने घरों में बंद होकर जनता को कष्ट देंगे।

*सवाल: तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे सरकार ने स्वीकार नहीं किए हैं। क्या कहना चाहेंगे आप?*

जवाब : यह तो बहुत ही हाई लेवल की बातें हैं। राकेश चौधरी एक छोटा सा आदमी है। इसके बारे में मैं क्या बता सकता हूं। मैं तो खुद अपने लिए एक प्लेटफॉर्म ढूंढ रहा हूं, लेकिन निर्दलीय विधायकों के बारे में मुझे एक बात समझ नहीं आई कि ये तो आजाद ही चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे थे तो फिर इनको इस्तीफे देने की क्या मजबूरी थी।

*सवाल : कांग्रेस ने लोकसभ चुनाव में कांगड़ा से आनंद शर्मा को टिकट दिया है, इस बारे में आपका क्या कहना है?*

जवाब: आनंद शर्मा निजी तौर पर बहुत ही बुद्धिमान और सुलझे हुए नेता हैं। वह बहुत सोच-समझकर हर कदम उठाते हैं, लेकिन यहां की जनता उनके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानती है। लोगों के लिए वह एक नया चेहरा हैं। लोग पूछ रहे हैं कि वह कौन हैं और कहां से आए हैं? बाकी कांग्रेस ने उनको टिकट दिया है तो इसके पीछे कोई ठोस वजह जरूर रही होगी।

*सवाल : धर्मशाला में सबसे ज्वलंत मुद्दा क्या है?*

जवाब: धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का बनने वाला कैंपस यहां का सबसे बड़ा और ज्वलंत मुद्दा है। सीयू के कैंपस का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है, लेकिन मुख्यमंत्री इस मामले में क्यों देरी कर रहे हैं, इसके पीछे की वजह समझ नहीं आ रही। हो सकता है कि यहां के पूर्व विधायक इसका कारण हो सकता है कि उनकी वजह से ही धर्मशाला का विकास कार्य थम गया हो। ऐसा संभव भी है क्योंकि मुख्यमंत्री और पूर्व विधायक की आपसी रंजिश जगजाहिर है।

## चुनावी चुटकी

### एक तीर से दो निशाने

नेता जी के चेले अब एक तीर से दो निशाने लगा रहे हैं। नेता जी की सेकेंड लाइन तैयार हो रही है। अब तक जो नेता जी की मेहरबानी से पार्टी में ओहदेदार बने थे वे अब उस्ताद बन गए हैं। करना बड़ा स्पष्ट है, राजनीति में सब जायज होता है। नाजायज भी जायज बन जाता है। एलक्ट्रोल बॉन्ड की बात हो या आस्थाएं बदलना सब माफ है। अब एक नेता जी का टिकट क्या कटा, उनके अपने ही उनका पत्ता साफ करने जुट गए हैं। उनको प्रत्याशी के जिताने के बदले बड़े पद का ऑफर मिल गया है। अब एक विधानसभा में तीन से पांच तक दावेदार सेकेंड लाइन के हैं। ये पार्टी प्रत्याशी के लिए नहीं बल्कि अपनी नेतागिरी चमकाने में लगे हैं। हो भी क्यों नहीं। यह मौका कौन-सा बार-बार आएगा। मुख्य नेता का टिकट कट गया है। नेता मुख्य धारा से अलग हो चुके हैं। उनके बाद उनके ही तीन चेले जिनकी वजह से नेता जी को हार का मुंह देखना पड़ा था अब नेता जी की पक्की विदाई मान रहे हैं। वे एक तीर से दो निशाने लगा रहे हैं। अपने वार्ड और पंचायत क्षेत्र से पार्टी का प्रत्याशी को भारी बढ़त के जुगाड़ में हैं और दूसरी जगह से नीचे लगाने की फिराक में हैं। तीनों अपने अपने एरिया से खुद को आलाकमान के सामने साबित करेंगे। अगर चुनाव में हार मिली तो वार्ड की उपलब्धि बताएंगे, अगर जीत गए तो अपने नेतृत्व को श्रेष्ठ बुलवाएंगे। रौनकी ताऊ भी बुरा नहीं मान रहे। ताऊ का कहना है कि मौकापरस्त इस दुनिया में ये नेता बढ़िया चरित्र निभा रहे हैं।



–राजेश शर्मा

### पैसे का यह कैसा शोर

**पैसे**-पैसे-पैसे, चुनाव में यह शोर अब चारों ओर से सुनाई देने लगा है। पैसे उसने बांट दिए, पैसे उसने खिला दिए, लेकिन हमें कोई पैसे देने वाला और बांटने वाला अभी तक नहीं मिला है। पैसा कोई क्यों बांटेगा, पप्पू ठेकेदार का नाम भी सामने आ रहा है। वन महकमे के ठेकेदार और अवैध शराब माफिया के गप्पू का नाम भी आ रहा है। अब ये पैसा क्यों दे रहे होंगे। अगर पैसा दे भी रहे होंगे तो कौन ले रहे होंगे। यह भी क्या पता पैसा ही है या कुछ और है। अब जहां उपचुनाव हैं वहां ही पैसे का शोर और जोर क्यों है।



बागियों की बगावत से लेकर अब तक पैसा-पैसा खेला जा रहा है। पैसा पीछा ही नहीं छोड़ रहा है। अब पैसा बांटने का आरोप झेलने वाले भी ठेकेदार और खास हैं। उन्होंने कौन-सा इतना पैसा कमाया है कि बांट देंगे। ठेकेदारी भी साल भर चली होगी। कभी-कभार पहले दारू की ब्लैक की होगी तो पैसा वसूली वाले बर्दीधारियों को भी पहुंचाना या चढ़ना पड़ता होगा। पैसा आखिर बांटने वाले हमें क्यों नहीं मिल रहे हैं। हम भी उपचुनाव वाले क्षेत्र में आते हैं। यह तो पता करना पड़ेगा कि पैसे क्यों और किसके बंट रहे हैं। प्रसाद और दक्षिणा भी नहीं बोल सकते कोई भंडारा भी नहीं हो रहा है। रौनकी ताऊ से भी पूछा, ताऊ को भी पैसे कहीं नहीं मिलते दिखे। ताऊ को सोशल मीडिया में पैसे बांटे जाने की खबरें जरूर मिल रही हैं। अब नाम भी उल्टे सीधे लिए जा रहे हैं। अगर साफ बोलें तो ताऊ को भी शक होने लगा है, दाल में कुछ काला है।

# धर्मशाला में धनबल और जनबल की लड़ाई : जग्गी

### अपमान करने वाले से छुटकारा पाने का जनता के पास मौका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

नहीं चलेगी चोरी-ठगी, आ गए हैं देवेंद्र सिंह जग्गी, के नारों से वीरवार को दाड़ी बाजार गूंज उठा। धर्मशाला उपचुनाव से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी वीरवार करीब साढ़े 11 बजे वार्ड नंबर 13 की पार्षद एवं दिग्गज कांग्रेस नेता सविता कार्की के घर कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। जैसे ही जग्गी अपने समर्थकों के साथ दाड़ी पहुंचे तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए उनके पक्ष में नारेबाजी शुरू कर दी है।

अपने चुनाव प्रचार को गति देते हुए देवेंद्र जग्गी ने धर्माल, भटेहड़, शीला, दाड़ी, हरनेड़ सुक्कड़, शीला चौक, उपाहू टीका सुक्कड़ एवं खनियारा आदि विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर लोगों से मतदान का आग्रह किया। वीरवार को आयोजित नुक्कड़ सभाओं के दौरान करीब 150 भाजपा समर्थकों ने कांग्रेस का दामन थामा। इस दौरान उन्होंने लोगों को प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया। जग्गी ने कहा कि धर्मशाला के लोगों को एक ऐसे व्यक्ति से छुटकारा पाने का मौका मिला है जिसने पग-पग पर लोगों का अपमान किया है। धर्मशाला में धनबल और जनबल की लड़ाई है, इसमें जन-बल ही जितेगा। जग्गी ने कहा कि सुधीर शर्मा ने आज तक सिर्फ अपना निजी स्वार्थ ही देखा है। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा को मंत्री पद न मिलने का बड़ा सदमा लगा था और इसी के चलते उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर छल-कपट की राजनीति कर प्रदेश सरकार को गिराने का असफल प्रयास किया।

देवेंद्र सिंह जग्गी ने कहा कि सुधीर शर्मा अपने आपको शहनशाह समझते हैं और उनके रहते एक आम परिवार का व्यक्ति मुख्यमंत्री बन गया, यह बात उन्हें सहन नहीं हुई। सुधीर शर्मा ने 5 और विधायकों को अपने झांसे में लेकर सरकार गिराने का असफल प्रयास किया।



नुक्कड़ सभा में उपस्थित कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी, कांग्रेस पदाधिकारी एवं अन्य।

# सुधीर बोले- सकोह और खनियारा को फिर से पंचायत बनाने का रहेगा प्रयास



धर्मशाला उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा जनसभा को संबोधित करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने वीरवार को सकोह बूथ नंबर 42 और बूथ नंबर 23 दाड़ी त्रियंबल पट्ट में लोगों से वोट मांगें। बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में यहां गांव के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानीं। इस अवसर पर गांव के प्रधान, महिलाएं और गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

सुधीर शर्मा ने कहा कि यह बदलाव हमने धर्मशाला के भविष्य और युवा बच्चों के लिए किया है। वर्ष 2022 में हमने सोचा था कि नई-नई सरकार आई है तो अपने क्षेत्र में पहले काम निपटाएंगे, लेकिन 15 महीने में सरकार ने एक भी काम नहीं किया। कई दफा कोशिश की लेकिन कुछ नहीं हुआ। हम चाहते तो 5 साल आराम से बैठ सकते थे, लेकिन हमने देखा कि जब भाजपा राज में देश आगे बढ़ रहा है तो प्रदेश को भी आगे बढ़ना चाहिए, इसलिए बदलाव किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अल्पमत में है और 4 तारीख को हकीकत सामने आ जाएगी। आए दिन सीएम सुक्खू पैसे का रोना रोते रहते हैं, लेकिन जब सरकार के पास पैसा नहीं है तो फिर 1500 देने का झूठ सरकार क्यों बोलती है। आए दिन महिलाओं से नए-नए फॉर्म भरवाए जा रहे हैं और उनका अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर निगम का विस्तार हुआ। लेकिन सकोह और खनियारा को दोबारा से पंचायत बनाने की और बल दिया जाएगा। इसके साथ ही धर्मशाला के लटके कार्य भी जल्द होंगे, जिससे रोजगार का रास्ता खुलेगा और यहां के बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। आखिर में उन्होंने लोगों से अपील की कि मेरा साथ दें, ताकि धर्मशाला के भविष्य को निखारा जा सके।

# हिमाचल में कांग्रेस को समर्थन देगी आम आदमी पार्टी : सुनील गोल्डी

अनंत ज्ञान, नादौन

देश में लोकतंत्र को बचाने तथा देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देगी। यह बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार गोल्डी ने नादौन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि देश की जनता ने मोदी सरकार को दस साल मौका दिया, परंतु इन दस सालों में मोदी सरकार ने देशवासियों के विश्वास और समर्थन के साथ धोखा कर देशवासियों को ठगने का काम किया। गोल्डी ने कहा कि आज के दौर में बेरोजगारी दर भारतीय इतिहास के शिखर पर है तथा युवा वर्ग पढ़-लिखकर डिग्रियां लेकर घर पर बैठने को मजबूर है। पिछले दस सालों में भाजपा ने देशवासियों से जो भी वादे किए थे उनमें से एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। इसी कड़ी को ध्यान में रखते हुए आम आदमी पार्टी प्रदेश में आगामी चुनाव नहीं लड़ेगी तथा विपक्षी गठबंधन की साथी पार्टी कांग्रेस को अपना समर्थन देगी।

इसके साथ ही वे केंद्रीय मंत्री तथा हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर पर जमकर बरसे तथा कहा कि चार बार के सांसद अनुराग ठाकुर अपने लोकसभा क्षेत्र में लोगों के बीच कोई चार काम ही रख दें जो उन्होंने जनहित के लिए किए हों।

उन्होंने कहा कि अनुराग जनता को बरगलाने के लिए पाकिस्तान और हिंदू मुस्लिम का राग अलाप रहे हैं। उन्होंने इतने सालों में सिर्फ अपने ही घर का विकास किया जो कि उनके चुनावी हलफनामे में भी साफ दिखता है कि पिछले पांच सालों में अनुराग की संपत्ति दोगुना बढ़ गई है।

# कांग्रेस नाकामियां छिपाने के लिए भाजपा को कर रही बदनाम : इंद्रदत्त लखनपाल

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

बड़सर भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल अपने चुनाव प्रचार में पूरी तरह से डट चुके हैं। वीरवार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के खरोटा, देसन, कोहडरा बाजार, पट्टियां, बलदोई, मतकर, बाहिना, गारली, जजल इत्यादि गांवों में अपना चुनाव प्रचार किया। काफी संख्या में बड़सर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रचार-प्रसार में डटे हुए हैं।

लखनपाल ने एक नुक्कड़ सभा के दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए जनता बीच भाजपा प्रत्याशियों को बदनाम करने का काम कर रही है। बड़सर की जनता कांग्रेस की सच्चाई जानती है। कांग्रेस सरकार ने 15 माह में लोगों के लिए कोई कार्य नहीं, लोगों के साथ झूठे वादे किए और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को जनता के बीच बदनाम कर रही है।



बड़सर विधानसभा क्षेत्र में समर्थकों के साथ विजयी चिन्ह बनाते इंद्रदत्त लखनपाल।

लखनपाल ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बड़सर को साढ़े चार सौ करोड़ रुपए देने की बात कर रहे हैं। उसकी लिस्ट मुख्यमंत्री जारी करें कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कौन-सा पैसा उन्होंने दिया है।

उन्होंने कहा कि जिस पैसे की मुख्यमंत्री बात कर रहे हैं वे केंद्र सरकार द्वारा दिया गया है, क्योंकि प्रदेश की सरकार के पास पैसा ही नहीं है। उन्होंने सीटू पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दो माह पहले सीटू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश की सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। आज वही सीटू कांग्रेस पार्टी के मसीहा बनने का काम कर रही है। सीटू लोगों को बरगलाने का काम कर रही है।

# कभी नहीं भुलाया जा सकता देश के सैनिकों का त्याग व समर्पण : भट्ट



सुरेश कश्यप के प्रचार में राजगढ़ पहुंचे केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट।

अनंत ज्ञान, राजगढ़

देश के सैनिकों का समर्पण व त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह बात पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़ मे केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने पूर्व सैनिक संगठन के सम्मेलन में पूर्व सैनिक व उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कही।

भट्ट ने कहा कि पिछले 10 सालो में केंद्र सरकार ने सैनिकों के कल्याण के लिए भरसक प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दस वर्षों में कायाकल्प हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि वह सैनिकों के देश के प्रति समर्पण व श्रद्धा को नमन करते हैं।

उन्होंने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में आज देश पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हुआ है। हाल ही में विश्व के एक संगठन द्वारा सर्वे हुआ है, जिसमें दुनिया के रक्षा के क्षेत्र में 25 देश ऐसे हैं जो रक्षा उपकरण निर्यात करते हैं। उसमें भारत प्रथम स्थान पर आया है, जो कि हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने नारे लगाए कि अबकी बार 400 पार और हिमाचल की चारों चार।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह एक जून तक पार्टी को पूर्ण समय दें और शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को विजयी बनाएं और नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि सैनिकों की पहली बार किसी ने चिंता की है तो वह मोदी सरकार है। अजय भट्ट ने शिमला संसदीय क्षेत्र से सुरेश कश्यप को विजयी बनाने का आह्वान किया। पूर्व सैनिक संगठन के प्रधान राजेश चौहान व प्रकाश ठाकुर ने संगठन की मांगें रखीं, जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक रीना कश्यप, सतीश ठाकुर, प्रभारी एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर, सुरेश ठाकुर आदि ने भी विचार व्यक्त किए।


**राजनीति** मुख्यमंत्री की पहली चुनावी रैली चौगान में, ऑपरेशन लोटस के मुखिया को घेरेंगे सुक्खू

# सुजानपुर में राणा बनाम राणा, 'सिंह गर्जना' आज से

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

हिमाचल में सरकार का तख्ता पलटने का दम भरने वाले और 'ऑपरेशन लोटस' के मुखिया राजेंद्र राणा के खिलाफ शुक्रवार से 'सिंह गर्जना' शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहली मर्तबा सुजानपुर आ रहे हैं। वह चौगान मैदान में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। उनकी यह रैली कांग्रेस के लिहाज से काफी अहम मानी जा रही है। सीएम आज जोल प्लाही, खैरी गोशाला, कक्कड़, उतपुर, ऊहल व पट्टनौण में जनसभाएं करेंगे।

कारण यह है कि जिस 'तुरुप' चाल के जरिए मुख्यमंत्री ने सुजानपुर में उपचुनाव के लिए कैप्टन रंजीत राणा के रूप में बिसात बिछाई है, उसके मायने खास हैं। कारण यह है कि कैप्टन रंजीत राणा और राजेंद्र राणा के दरमियान पिछले विधानसभा चुनाव में भी चुनावी जंग हो चुकी है, लेकिन तब परिस्थितियों अलग थीं। दोनों उम्मीदवारों की पार्टियों भी अलग-अलग थीं, अब मुकम्मल उलट फेर के बाद राजनीति के जानकार इस चुनाव को मुख्यमंत्री के लिए किसी बड़ी जंग से कम नहीं मान रहे।



सीएम सुखविंद्र सिंह



रंजीत राणा



राजेंद्र राणा

राजेंद्र राणा के भविष्य के साथ भी यह चुनाव खास है, इसीलिए मुख्यमंत्री का चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बहाने यह पहला ऐसा दौरा होगा, जो इस क्षेत्र में पार्टी के चुनाव प्रचार की दशा-दिशा तय करेगा। वजह यह भी है कि सुजानपुर का उपचुनाव कांग्रेस के लिए तो जरूरी है ही, भाजपा की दृष्टि से भी कई मायने रखता है, क्योंकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल भी चुनाव लड़ चुके हैं। तब कांग्रेस के टिकट पर राजेंद्र राणा ने उन्हें पटखनी दी थी।

इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कुनबे को भाजपा के कुछ खास 'तबके' से भी उम्मीदें हैं, क्योंकि उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के रूप में अपने नेता को विदाई देने के लिए जो 'टीस' अभी भी उनके चेहरों पर पढ़ी जा सकती है। क्या इसका लेखा-जोखा कांग्रेस किसी खास और योजनाबद्ध चुनावी रणनीति के तहत उठा सकती है? इन सभी सवालों का जवाब अब धीरे-धीरे चुनाव प्रचार के गरमाने के बाद मिलना शुरू हो जाएगा, लेकिन मुख्यमंत्री के दौरे से 'चुनावी धार' इस सारे सिस्टम को किस करवट बैठाएगी, इस पर चुनावी विश्लेषकों की नजरें टिकी हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

### चंद्रशेखर के शब्दबाणों से राणा खेमे में पैदा हुई थी हलचल

**सुजानपुर** में धर्मपुर के कांग्रेस विधायक चंद्रशेखर प्रभारी हैं। उन्होंने शुरुआती दौर में जो शब्दबाण छोड़े थे, उनसे राजेंद्र राणा खेमे में हलचल पैदा हुई थी, लेकिन उसके बाद चाहे चंद्रशेखर खुद आए हों या फिर मंत्री यादवेंद्र गोमा के दौरे रहे हों, शब्दबाणों की 'धार' उतनी पैनी नहीं देखी गई है। उसके पीछे की रणनीति भी कुछ खास बताई जाती है। खैर जो भी हो मुख्यमंत्री का दौरा महत्वपूर्ण है और कांग्रेस की नैया को पार लगाने के लिए सुक्खू खुद यहां पर डेरा डालेंगे। जिस रणनीति के तहत सुजानपुर की लड़ाई मुख्यमंत्री ने लड़ना शुरू की है, उसके मायने अलग हैं। इसीलिए इस 'दंगल' को पहले की तरह इस बार भी खास माना जा रहा है।

मतदान का संदेश




स्वीप टीम कमांद ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सेल्फी लेतीं महिलाएं।

जागरूकता अभियान




'मा भी पाणा वोट' थीम के तहत हटगढ़ स्कूल में स्वीप टीम ने लोगों को मतदान की शपथ दिलाई

# ठगों की पार्टी है कांग्रेस, क्या करेगी विकास : कंगना रनौत

## श्वाड, दलाश और खुन्न में किया प्रचार, कांग्रेस पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, आनी**

**भाजपा** प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस ठगों की पार्टी है और यह विकास क्या करेगी। किसी कार्टून नेटवर्क के हाथों इतने बड़े देश की कमान नहीं देंगे।

मंडी संसदीय क्षेत्र के आनी में कंगना रनौत ने नुक्कड़ सभाओं में कांग्रेस पर निशाना साधा। श्वाड, दलाश, खुन्न में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश गौरवान्वित हुआ है, देश नंबर-1 की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सम्मान दिया है। एक आदिवासी माता देश की राष्ट्रपति है, जिससे महिलाओं का मान बढ़ा है।

राजघराने के सांसद मंडी से बने हैं। प्रतिभा बताएं कि उन्होंने मंडी के लिए क्या किया। प्रतिभा ने स्वयं बयान दिया था कि कांग्रेस सरकार ने कोई काम नहीं किया, जो भी कार्य किया वो भाजपा ने किया है। सांसद बनते ही पूर्व विधायक लोकेंद्र कुमार के साथ मिलकर आनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के साथ-साथ जलोडी टनल और एनएच-305 को चौड़ा करवाने के लिए वचनबद्ध रहेंगी।



आनी में नुक्कड़ जनसभा के दौरान तलवार को लहरातीं भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

### राजघराने के लोग नहीं समझते लोगों का दर्द

**पूर्व** विधायक लोकेंद्र कुमार ने क्षेत्रीय मुद्दों पर प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही भाजपा की ओर से ग्रामीण इलाकों में खोले गए विभिन्न विभाग के दर्जनों संस्थानों को बंद करके आम जनता के साथ खिलवाड़ किया है। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर हमला करते हुए कहा कि वह राजघराने के लोग चांदी-सोने के वर्तनों में खाना खाने वाले लोग हैं। आम जनता की दुख को नहीं समझ सकते। अभी तक बरसात के दौरान बंद सड़कों को नहीं खोला जा सका है। सड़कों पर गिरे डंगे अभी तक लोनिवि मंत्री नहीं लगा सके हैं, तो जनता उन्हें वोट क्यों दें।

# गोमाता के भक्षक देव संस्कृति के लिए स्वीकार्य नहीं : विक्रमादित्य

## भाजपा ने अपना ऐसा प्रत्याशी बनाया, जिसे धर्म का ज्ञान नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से सवाल करते हुए कहा कि वह बताएं कि उन्होंने मंडी के लिए क्या कुछ नया किया। जयराम मंडी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक हवाई अड्डे के निर्माण के सपने लोगों को दिखाते रहे, जो पूरा नहीं हुआ।

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने मंडी में आईआईटी, मेडिकल कॉलेज की सौगात दी, अगर देश को जुमलेबाजों से बचाना है, तो भाजपा को सत्ता से बाहर करना ही होगा। भाजपा बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर कोई बात नहीं करती। प्रदेश में देव संस्कृति के संरक्षण में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा धर्म के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें तो करती है, पर उस पर अमल नहीं करती है। मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर एक ऐसे उम्मीदवार को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिसे न तो धर्म का कोई ज्ञान है और न ही प्रदेश की संस्कृति की कोई जानकारी। गोमाता के भक्षक कभी भी देव संस्कृति के लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

मंडी संसदीय क्षेत्र में भौगोलिक परिस्थितियों के चलते लोगों की अलग-अलग समस्याएं हैं। वह इन समस्याओं को भली-भांति जानते और समझते हैं, उन्हें दूर करना उनकी जिम्मेदारी है।



**जयराम ठाकुर ने सिर्फ मंडी के लोगों को दिखाए सपने**

### भाजपा प्रत्याशी को दी बहस की चुनौती

**विक्रमादित्य** ने कहा कि वह प्रदेश के विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। लोक निर्माण मंत्री के नाते उन्होंने प्रदेश की सड़कों के रखरखाव और निर्माण को 3560 करोड़ उपलब्ध करवाए। आपदा से प्रभावित सड़कों के पुनः बहाली 24 घंटों के भीतर की गई। सांसद के तौर पर वह लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं रखेंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को चुनौती देते हुए कहा कि मंडी के विकास के लिए सेरी मंच पर बहस कर लें, पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के योगदान को कम नहीं आंका जा सकता है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का एक ऐसा पर्व है जिसके माध्यम से देश के प्रधानमंत्री का चुनाव किया जाता है। लोकतंत्र में मतदान करना एक अहम जिम्मेदारी है। मंडी संसदीय क्षेत्र में उद्योगों के विकास को लेकर विसन रखने वाले प्रत्याशी को वोट देते समय ध्यान में रखा जाएगा। देश के विकास के लिए सभी लोग मतदान करें और सही प्रत्याशी को अपना वोट दें।
**वीना शर्मा, मंडी।**



देश में युवाओं को सरकारी संस्थानों में रोजगार मिलने के अवसर बेशक कम हो गए हैं, लेकिन सरकार की ओर से किए गए स्टार्टअप प्रोग्रामों से एक नई शुरुआत देश में हुई है। सांसद ऐसा हो, जो योजना का और भी विस्तारीकरण करे और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करें।
**मुकेश आरोड़ा, मंडी।**



भारत की बहुत बड़ी आबादी गुजारे लाइक वेतन पर काम कर रही है। ऐसे में सांसदों और विधायकों की वेतन भत्ते की मौज-मस्ती देश की एक तिहाई जनता के साथ बेईमानी है। कुछ वर्षों में लोग अपने हकों के लिए सड़कों पर उतर सकते हैं। युवाओं को रोजगार को लेकर जो चिंता बनी रहती है उस पर मंथन जरूर करे। **रागनी, मंडी।**



जनता को सोच-समझ कर मतदान करना होगा। मेरा वोट उसी को जो ईमानदार और पारदर्शिता के साथ काम करे और युवाओं के लिए रोजगार व लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाए। हर बार चुनाव में नेता झूठ वादे कर वोट हासिल कर लेते थे, इस बार ऐसा नहीं होगा। ईमानदार उम्मीदवार को ही वोट दिया जाएगा। **विनोद कुमार, योल कैंट।**



रोजगार के लिए अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने की गारंटी देने वालों को चुनावों में युवाओं का समर्थन मिलेगा। कई बच्चे डिग्री करके बेरोजगार घूमने को मजबूर हैं। कुछ अब बेरोजगारी से तंग आकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े हैं। महंगाई दूसरी ओर से उनके लिए मुश्किल है।
**नीरज शर्मा (कुटलैहड़) ऊना।**



इस बार लोकसभा के चुनाव में युवा और राजनीति में मझे की हुए आदमी को मौका मिलना चाहिए, ताकि वह क्षेत्र की समस्याओं को लोकसभा के सदन पर गंभीरता से रख सके। हर बार जीत हासिल करने के बाद लोगों को भूल जाते हैं और समस्याओं को नहीं उठाते।
**सुरेश कुमार, तंगरोटी।**



महंगाई भी है, बेरोजगारी भी बहुत है। नौकरी और कारोबारी के लिए चिंता का विषय नहीं है, लेकिन दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के हालात अच्छे नहीं हैं। जो भी राजनीतिक दल इनसे छुटकारा दिलाने की योजना बनाएगा, उसे समर्थन मिलेगा। हर बार चुनाव नजदीक आते ही नेता लोगों के साथ झूठे वादे कर वोट हासिल कर लेते हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। **सुरजीत शंभू (कुटलैहड़) ऊना।**



सरकार चाहे किसी भी दल की बने, लेकिन क्षेत्र का विकास होना चाहिए। चुनाव के बाद नेताओं को लोगों की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता है। न विधानसभा में चर्चा होती है और न ही नीतियां बनाई जाती हैं। हमारी सरकार ऐसी हो जो विकास करवाने में सक्षम हो और क्षेत्र को आगे ले आए।
**राकेश धीमान, जवाली।**



**देश** में महंगाई बेरोजगारी और गरीबी बढ़ रही है। राजनीतिक पार्टियां इन सभी मुद्दों का अपने चुनावी प्रचार के दौरान जिक्र तो खूब करती हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता। देश और प्रदेश में जो भी सरकार हो, महंगाई और गरीबी के मुद्दे पर ठोस कदम जरूर उठाए। क्षेत्र में विकास करवाया जाए।
**राजेंद्र राजू, जवाली।**

# मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ने रायजादा के पक्ष में मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर ने वीरवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र की कोटला चिलियां पंचायत के सिंहोटी मॉयदा मंदिर में कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जिस समय आपदा के संकट से जूझ रही थी, उस दौरान भाजपा नेता के सहायता करने की बजाय राजनीति करने में मशगूल थे। प्रदेश की जनता जान चुकी है कि प्रदेश का विकास केवल कांग्रेस सरकार ही करवा सकती है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में मतदान करने का लोगों से विशेष आग्रह किया। इस दौरान कांग्रेस नादौन ब्लॉक अध्यक्ष कै. पृथ्वी चंद भी उपस्थित थे।



# सुक्खू का एकमात्र एजेंडा, मित्रों पर खजाना लुटाना : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**पूर्व** विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने बमसन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने साजिश के तहत विधायकों की सदस्यता खत्म करके तानाशाही का परिचय दिया है और सुजानपुर की जनता को भी जलील किया है। पहली जून को करारा जवाब देने के लिए मतदाता तैयार बैठे हैं।

**कांग्रेस ने विधायकों को जलील किया**



बमसन क्षेत्र में नुक्कड़ सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा।

प्रदेश की जनता मित्रों की इस सरकार को उखाड़ने का पूरा मन बना चुकी है। 15 माह के शासन में मुख्यमंत्री सुक्खू का एकमात्र एजेंडा अपने मित्रों पर खजाना लुटाना और चुने हुए विधायकों को जलील करने का रहा है। राज्यसभा चुनाव में भी एक बाहरी प्रत्याशी को प्रदेश पर थोपकर प्रदेशवासियों के स्वाभिमान पर चोट करने की कोशिश की गई, लेकिन 9 विधायकों ने प्रदेश का स्वाभिमान दांव पर नहीं लगने दिया और प्रदेश से संबंधित नेता को राज्यसभा में भेजने के लिए वोट किया।


### जनता वोट की चोट से देगी जवाब

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने सुजानपुर के लिए पूर्व सरकार की ओर से मंजूर किए गए आईपीएच और इलेक्ट्रिकल विभाग की डिवीजन को सत्ता में आते ही बंद कर दिया। सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती रोक दी। विकास कार्य पर विराम लगाने की कोशिश की, लेकिन सुजानपुर की जनता पहली जून को अपने वोट की चोट से सुजानपुर की एकता का जलवा सुक्खू को दिखाएगी।

# मुख्यमंत्री सुक्खू के हिमाचल लौटते ही गर्माएगा सियासी माहौल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**उत्तर प्रदेश** की रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के बाद सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू 17 मई को हिमाचल लौटेंगे।



इसके बाद सीएम लोकसभा उम्मीदवारों सहित विधानसभा का उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री के हिमाचल लौटते ही सियासी माहौल गर्माएगा। शुक्रवार को नाम वापस लेने की आखिरी तारीख है, जिसके बाद चुनावी रण में उतरने वाले उम्मीदवारों को लेकर तस्वीर साफ हो जाएगी। चुनाव प्रचार का जिम्मा सीएम सुक्खू ने अपने कंधों पर लिया है। मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे सीएम सुक्खू ने बागियों पर हमले भी तेज कर दिए हैं।

### बागी रहेंगे निशाने पर

**राहुल** गांधी के लिए प्रचार के बाद वापस लौटते ही बागी फिर से मुख्यमंत्री के निशाने पर रहेंगे। हिमाचल में लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा उपचुनाव में बागियों का दलबदलकर भाजपा में शामिल होना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कांग्रेस हर जनसभा में भाजपा पर धन-बल से सरकार को गिराने का आरोप लगा रही है। बागियों पर भी बिकने का आरोप लगाकर तीखे हमले किए जा रहे हैं। आने वाले समय में कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालेंगे।

# अब पीओके से उठ रही भारत में शामिल होने की मांग : जयराम

## मोदी की नीति से बदले कश्मीर घाटी के हालात, अनुच्छेद-370 हटने से कश्मीर में आई शांति

**अनिल शर्मा, मंडी**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आज पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की ओर से भारत में होने को लेकर विद्रोह हो रहा है। वहां के लोग भी कह रहे हैं कि उन्हें भी नरेंद्र मोदी जैसे क्षमतावान और दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता है।

वह भारत में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। अनुच्छेद-370 के समाप्त किए जाने के बाद से कश्मीर में शांति बहाल हो गई है। जिस घाटी में खौफ का साया था, जो घाटियां वीरान पड़ी थीं, आज उसमें सुकून पाने के लिए देश-दुनिया से लोग आ रहे हैं। विकास के लिए दशकों से उपेक्षित रहे कश्मीर में दस साल में विकास की ऐसी बयार बही कि कश्मीर की पहचान ही बदल गई। यह सब देश-प्रदेश के लोगों के वोट की वजह से ही संभव हुआ। इसी तरह के बदलाव और विकास को गति देने के लिए मोदी बहुत जरूरी हैं। सिराज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न जनसभाओं में कहा कि आप नरेंद्र मोदी को मजबूती दें, बाकि देश और प्रदेश के विकास की गारंटी नरेंद्र मोदी खुद हैं। उनका तीसरा कार्यकाल विकास की दृष्टि से और भी ऐतिहासिक होगा। जयराम ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आपके एक वोट पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। इसलिए आप सभी भाजपा प्रत्याशी कंगना को भारी से भारी संख्या में वोट करें। (अनंत ज्ञान)




जनसभा को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

### देश का भविष्य चुनने का समय

**जयराम** ने कहा कि यह समय देश के लिए सिर्फ नेतृत्व चुनने का ही नहीं देश के भविष्य चुनने का भी समय हैं। इस देश में एक तरफ नरेंद्र मोदी जैसा नेता है, जिनके लिए सभी देशवासी ही परिवार हैं, दूसरी तरफ अपने ही परिवार के हितों को सर्वस्व समझने वाले नेता और उनकी पार्टियां हैं। एक तरफ दस साल ऐतिहासिक विकास का काल खंड है, जहां 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। दूसरी तरफ ऐतिहासिक घोटाला करने वाले परिवारवादी नेता और उनकी पार्टियां हैं।

**राजनीति** कांग्रेस और भाजपा में भितरघात की संभावना, दोनों पाटियों को सता रहा निर्दलीय प्रत्याशी का खतरा

# धर्मशाला उपचुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** उपचुनाव के बेहद रोमांचक होने की संभावना बन गई है। कांग्रेस से प्रत्याशी के तौर पर देवेंद्र सिंह जग्गी मैदान में हैं, तो भाजपा ने पूर्व कांग्रेसी सुधीर शर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं, विधानसभा चुनाव 2022 के भाजपा प्रत्याशी राकेश चौधरी टिकट न मिलने से खफा होकर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे हैं, जिससे कांग्रेस और भाजपा को नुकसान हो सकता है।

धर्मशाला विधानसभा सीट के लिए तीनों प्रत्याशियों की जनता के बीच कदमताल तेज है। यहां दोनों प्रमुख दलों में भितरघात के खतरे से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।



सुधीर शर्मा



देवेंद्र जग्गी



राकेश चौधरी

### ओबीसी समुदाय के वोट ज्यादा

**धर्मशाला** विधानसभा क्षेत्र में ओबीसी समुदाय के वोटों की काफी संख्या है। ऐसे में राकेश चौधरी को मिलने वाले मतों की संख्या भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए असरकारक साबित होगी। हालांकि, इससे पहले भाजपा में रहे राकेश चौधरी के भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के माध्यम से राजनीति में आए राकेश चौधरी के कांग्रेस के वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर तीनों प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत को पक्का करने के लिए मैदान में मोर्चा संभाले हुए हैं।

### भाजपा में अंदरखाते रोष कांग्रेस भी घबराई

**सुधीर** शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से भाजपा के पुराने नेताओं में अंदरखाते रोष होने के कारण पार्टी को नुकसान होने की आशंका है। वहीं, कांग्रेस की टिकट के भी कई दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए टिकट झटकने में कामयाब रहे देवेंद्र जग्गी को भी पार्टी के ही लोग नुकसान पहुंचा सकते हैं। दूसरी तरफ आजाद चुनाव लड़ रहे राकेश चौधरी के भी भाजपा के वोट बैंक के साथ कांग्रेस के वोटों को नुकसान पहुंचाने की भी चर्चा है। पिछले चुनावों में ओबीसी समुदाय के राकेश चौधरी ने निर्दलीय एवं भाजपा की टिकट के साथ अच्छे-खासे वोट लिए थे। ऐसे में यह मुकाबला त्रिकोणीय होने के कारण वोटों का नफा-नुकसान निर्णायक हो सकता है।

# भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगी भाजपा : सुरेश कश्यप

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**शिमला** संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिससे आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को नई पहचान मिली है।

पीएम मोदी ने अपने 10 सालों के कार्यकाल में ऐसी कई स्कीमों की शुरुआत की, जिसका फायदा गरीबों को हो रहा है। लोगों को सब्सिडी या फिर आर्थिक लाभ दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में एक योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना है। इस योजना को मुख्यतौर पर 18 पारंपरिक व्यापारों से जोड़ा गया है, ताकि इनसे जुड़े लोगों को लाभ मिल सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देते हैं व स्थानीय कारीगरों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों को उपहार में देकर भारतीय हस्तकला के अंतराष्ट्रीय एंबेसडर बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लेकर भाजपा कार्य कर रही है।



नाहन में चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप।

# अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के दिन बच्चों ने चित्रों के माध्यम से दर्शाया अपनी मां के प्रति प्यार, यादगार बनाए पल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**अंतरराष्ट्रीय** मातृ दिवस को यादगार बनाने तथा बच्चों की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' ने नगरोटा बगवां तथा कांगड़ा के स्कूलों के बच्चों से चित्र मंगवाए । बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने चित्र भेजे। बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से मां के प्रति अपना प्यार जताया। उन्होंने चित्रों के माध्यम से मां के महत्व को दर्शाया।

एक चित्र में एक बच्चे ने अपनी मां को भगवान का दर्जा दिया। उसने अपने चित्र में बताया कि भगवान हर जगह नहीं हो सकते इसलिए भगवान ने मां बनाई। एक चित्र में मां की गोद में बच्चे को इस तरह दिखाया गया है, जैसे उस मां के लिए उसका बच्चा सबसे बड़ा तोहफा हो। मां के लिए बनाई गई चित्रकला देखकर हर कोई हैरान है। ये चित्र वाकई दिल को छू जाते हैं और मन भाव विभोर हो जाता है। दुनिया में मां से बढ़कर किसी के लिए कुछ भी अहम नहीं है।

## 'अनंत ज्ञान' के आयोजन में इन्होंने लिया भाग

**अंतरराष्ट्रीय** मातृ दिवस पर 'अनंत ज्ञान' के इस आयोजन में लिटल फ्लावर पब्लिक हाई स्कूल नगरोटा बगवां की पहली कक्षा की प्रियल, दूसरी की पूर्वी, मेघावी और देवांश, चौथी कक्षा की अर्शिया, पांचवीं के अर्णव सचित, मानवी और कृतिका, सातवीं की अदिति, आठवीं की राखी और अर्जुन, नौवीं की कृष्णा, शिवानी, माही और साक्षी तथा दसवीं की मानसी और रिधिमा ने चित्र प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा डीवाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल कांगड़ा की छठी कक्षा की मेहनाज कौर तथा इश्विन कौर तथा गवर्नमेंट ब्वॉयज स्कूल नगरोटा बगवां के नौवीं कक्षा के हिमांशु ने भी अपने चित्र के माध्यम से मां की महानता को दर्शाया।




## इंदौरा कॉलेज में बताए आग बुझाने के तरीके

**अनंत ज्ञान, डमटाल**



राजकीय महाविद्यालय इंदौरा में माता श्री फायर सर्विस की टीम ने आपातकालीन आग लग जाने पर उसको बुझाने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुमीक्षा गुप्ता, प्रोफेसर अश्वनी अवस्थी, प्रोफेसर योगेश कुमार व महाविद्यालय की फायर सर्विस कमेटी में प्रोफेसर कुलवंत परमार, प्रोफेसर रेखा पठानिया, प्रोफेसर नीरज कुमार, प्रोफेसर दीपक कुमार, प्रोफेसर सुरेश कुमार व महाविद्यालय का पूरा स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान फायर सर्विस कमेटी के अधिकारियों ने बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने पर किस तरह से बुझाया जा सकता है,यह बात उन्होंने मॉकड्रिल करके समझाई। उन्होंने बताया कि सिलेंडर में आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। इसके लिए एक बोरे और कपड़े को भिगोकर उनके मुंह पर रखकर आग को बुझाया जा सकता है।

## धौलाधार कॉलोनी में कल बिजली बंद

**धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला ने बताया कि 18 मई, 2024 शनिवार को विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते धौलाधार कॉलोनी धर्मशाला, लोअर बड़ोल और साथ लगते क्षेत्रों में प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## जवाली में चुनाव पर्यवेक्षक ने किया उड़नदस्तों के कामों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कांगड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षक (1-कांगड़ा) प्रतिभा चौधरी ने वीरवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तैनात उड़नदस्तों तथा स्थिर निगरानी दस्तों आदि के कार्यों का निरीक्षण किया और उन्हें जरूरी दिशानिर्देश भी दिए।

जवाली निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मध्यनजर कई उड़नदस्ते और स्थिर निगरानी दस्ते तैनात हैं, जो सप्ताह के सात दिन 24 घंटे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर नजर रखने व किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए छापामारी तथा नाके लगाकर अवैध व निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अधिक मात्रा में नकदी, जेवर, उपहारों के रूप में प्रयुक्त हो सकने वाली वस्तुओं आदि को जब्त करके आगामी कार्रवाई के लिए संबंधित संबंधित विभागों को प्रेषित करने के लिए अधिकृत हैं। इसके अतिरिक्त वीडियो निगरानी दस्ते ,उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों की रैलियों आदि के स्थलों पर जाकर वीडियोग्राफी भी कर रहे हैं ताकि उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों द्वारा लोकसभा निर्वाचन में किए जा रहे खर्चे का हिसाब रखा जा सके।

## नूरपुर में किया नाकों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने नूरपुर में लोकसभा चुनावों से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कंडवाल, ढांगू और लोधवां में पुलिस द्वारा स्थापित अंतरराज्यीय नाकों का निरीक्षण किया तथा प्रशासन व पुलिस द्वारा किए गए इंतजामों का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों के दौरान स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की शत -प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित बनाना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सीमा सीमांत राज्य पंजाब के साथ लगती होने के कारण बाहरी राज्यों से जिला की सीमा में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की गहनता से चेकिंग करना तथा अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखना जरूरी है। जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों को हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के साथ चौकसी बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस उप अधीक्षक विशाल वर्मा ने पुलिस जिला नूरपुर द्वारा किए गए प्रबंधों व तैयारियों के बारे जानकारी दी।



नाकों के निरीक्षण के दौरान व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी व अन्य।

## गुग्गा जाहिर वीर मंदिर में भंडारा 19 को

**डाडासीबा।** धवाला में स्थित प्राचीन गुग्गा जाहिर वीर मंदिर में 19 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर पुजारी कीकर सिंह ने बताया कि मंदिर में वैसे तो पूरे साल भंडारे चलते रहते हैं कभी किसी आयोजन पर तो किसी आयोजन पर, लेकिन यह हर वर्ष नई फसल होने के अवसर पर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो भंडारे में नई फसल से हुए अन्न का प्रसाद बनाया जाता है वह मंदिर में आए सभी लोगों को वितरित किया जाता है। मंदिर पुजारी ने लोगों से बड़ी तादात में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया है।

## हाइब्रिड धान का बीज खरीदने इच्छी पहुंचे दूर-दूर के किसान

**अनंत ज्ञान, गगल**

इकबाल सीड स्टोर इच्छी में वीरवार सुबह से ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें दूर-दूर से किसान उच्चतम क्वालिटी का बीज खरीदने के लिए इकबाल सीड स्टोर में सुबह ही पहुंच गए। इकबाल गुलेरिया ने बताया कि पिछले वर्ष भी हाइब्रिड का बीज जिन-जिन किसानों ने खरीदा था उन किसानों का मुझे काफी रिस्पांस मिल रहा है। इतना ही नहीं इस वक्त मेरे पास नूरपुर, सिहूंता, जवाली, शाहपुर, नगरोटा बंगवा के लोग यहां अच्छी किस्म का बीज खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। गुलेरिया ने बताया कि इस वक्त मेरे पास धान के हाइब्रिड बीज के उच्चतम क्वालिटी के बीज जिनमें से 807, 8100, 5632, 100, 300, 320, 340,350 ,180 नंबर आदि के हाइब्रिड बीज उपलब्ध हैं। इकबाल ने कहा कि हमारी मनसा पैसे कमाने की नहीं बल्कि किसानों को लाभ पहुंचाने की है। यही कारण है कि आज दूर-दूर से किसान मेरे पास उच्चतम क्वालिटी का बीज खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं।

## लोगों की आस्था का केंद्र बाबा भौडी सिद्ध गुफा मंदिर

- ज्येष्ठ मास के पहले रविवार को संतान सुख से वंचित दंपतियों को दिया जाता है प्रसाद

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली सुआं ग्राम पंचायत में स्थित सिद्ध पीठ बाबा भौडी सिद्ध गुफा मंदिर असंख्य लोगों की आस्था का केंद्र है। हिमाचली तथा पंजाबी हिंदू आराध्य बाबा बालक नाथ जी ने यहां गांव भौडी की त्रिहद घाटी की प्राकृतिक गुफा में हजारों वर्ष पूर्व जन कल्याण के लिए स्वयं स्थान ग्रहण किया है तथा पिंडी रूप में विराजमान हैं।

यहां इन्हें बाबा भौडी सिद्ध जी के नाम से जाना जाता है। यूं तो पूरा वर्ष इस सिद्ध पीठ में दूर-दूर से श्रद्धालु तथा नव-दंपती मन्नत मांगने ,पूरा होने पर तथा संतान सुख प्राप्ति आशीर्वाद के लिए यहां आते रहते हैं। समय-समय पर जन कल्याण के लिए बहु उपयोगी दिशा निर्देश भी बाबा भौडी सिद्ध जी किन्ही खास भक्तों,पुजारियों या पज्यालों के माध्यम से देते हैं। प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के पहले रविवार को श्री बाबा भौडी सिद्ध गुफा मंदिर में पुजारी द्वारा बाबा भौडी सिद्ध आशीर्वाद रूपी फल ऐसे दंपतियों को वितरित किया जाता है,जो बिना किसी ठोस




कारण संतान सुख से वंचित होते हैं। निश्चय ही उन औरतों को संतान सुख की प्राप्ति होती है।

फलीभूत होते अनेक प्रमाणों के कारण श्रद्धालु प्रतिवर्ष इस दिन के इंतजार में रहते हैं। इस वर्ष यह दिन रविवार, 19 मई को है। सभी जन कल्याण में भागीदार बने तथा प्रत्येक जरूरतमंद को जानकारी दें। यह जानकारी सपना राणा सह अध्यक्ष बाबा भौडी सिद्ध विकास सभा भौडी ने दी। (अनंत ज्ञान)

**प्रचार** भाजपा प्रत्याशी बोले- सुक्खू की जमीनों का जल्द तथ्यों सहित करूंगा खुलासा

## मानसिक संतुलन खो बैठे सीएम: सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा का प्रचार जोरों पर है। वीरवार को चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों के सवालों पर सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला की जनता का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। धर्मशाला में उनकी लड़ाई कांग्रेस के प्रत्याशी से नहीं, बल्कि सीधे मुख्यमंत्री से है।

यह चुनाव मुख्यमंत्री बदलने के लिए है। उन्होंने कहा कि सीएम मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें मुख्यमंत्री ने सुधीर शर्मा को भू-माफिया करार दिया था। सुधीर शर्मा ने कहा कि आज से पहले कभी किसी मुख्यमंत्री के साथ ऐसा नहीं हुआ, इसलिए मुख्यमंत्री बौखलाहट में इस तरह के काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को बातें करने से पहले अपनी उन कमियों को भी कम से कम छिपा देना चाहिए था, जो उन्होंने नामांकन के छोड़ रखी हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार नामांकन में जो कमियां रही, वह भी तथ्य के साथ जनता के सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि उनके पास मुख्यमंत्री के खिलाफ तथ्य भी हैं कि किसके भाई के पास कितनी जमीन है और किसके परिवार के सदस्य के पास कितनी जमीन है, सब कुछ तथ्य के साथ सामने आएगा। उन्होंने कहा कि जब यह चिट्ठे निकलेंगे, तो पूरे तथ्यों के साथ जनता के सामने आएंगे। सुधीर शर्मा ने कहा कि वह चुनाव में ऐसा छक्का लगाएंगे, जो सीधा स्टेडियम के बाहर जाएगा। सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री खुलासा करने के लिए ऐसे तारीख देते हैं, जैसे उन्हें किसी कोर्ट के लिए पेशी में जाना हो। मुख्यमंत्री ने धर्मशाला तहसील में एसडीएम को फोन कर रजिस्ट्री के सारे रिकॉर्ड निकालने के लिए कहा है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तो ऐसी बात कर रहे हैं, जैसे धर्मशाला में हर जमीन का लेनदेन सुधीर शर्मा ही करवा रहा हो। मुख्यमंत्री आम लोगों को भी तंग करने का काम कर रहे हैं। आम लोगों के भी सरकार की ओर से कागज निकलवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बौखलाहट में है और उनकी मुख्यमंत्री के साथ पूर्ण संवेदनाएं हैं।

## शाहपुर स्कूल की नौवीं कक्षा की तीन छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति



नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली शाहपुर स्कूल की छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर की नौवीं कक्षा की तीन छात्राओं प्रिया, प्रिया देवी व सेजल ने एससीआरटी सोलन की ओर से आयोजित की जाने वाली नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अभिभावकों और स्कूल स्टाफ के मार्गदर्शन को दिया है। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल जरियाल ने कहा कि स्कूल की इन छात्राओं ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर शाहपुर का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एचपी बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं और 12वीं की परीक्षा में भी स्कूल के अधिकतर बच्चों ने बढ़िया अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने दी जानकारी

# चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाता सुविधा केंद्रों में करेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि सभी मतदान दल प्रशिक्षण स्थलों पर स्थापित संबंधित मतदाता सुविधा केंद्रों पर 23, 24 और 29, 30 मई, 2024 को मतदान कर सकेंगे। वीरवार को सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि मतदान दलों के अलावा चुनाव डयूटी पर तैनात मतदाता पुलिस कर्मी, वीडियोग्राफर, चालक और परिचालक, सफाई कर्मी और चुनाव ड्यूटी में तैनात अन्य कर्मचारी मतदान तिथि से तीन दिन पूर्व 29 से 31 मई, 2024 तक आरओ एव एआरओ कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्रों में मतदान कर सकेंगे। उन्होंने डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के बारे में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नए मानदंडों के अनुसार चुनाव ड्यूटी पर एक मतदाता को संबंधित एआरओ द्वारा स्थापित सुविधा केंद्र पर ही अपना वोट डालने के लिए डाक मतपत्र प्रदान किया जाएगा और केवल सुविधा केंद्र पर ही मतदान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि



विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा।

विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया में डाक मतपत्र के लिए आवेदन करने, एआरओ द्वारा जारी चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र, मतदाता सुविधा केंद्रों में वोट डालने और मतपत्रों को समय पर मतगणना केंद्रों तक पहुंचाने के चरणों के बारे विस्तारपूर्वक बताया। यह सुविधा पुलिस कर्मियों, चालकों और परिचालकों, मतदान कर्मियों और चुनाव ड्यूटी पर तैनात अन्य कर्मचारियों को प्रदान की जा रही है। उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं को अपने डाक मतपत्र का उपयोग करने के लिए प्रत्येक सुविधा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में मतदान कक्ष और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है तथा सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं से प्राप्त कंस्टेंट के आधार पर वोटिंग के लिए आवश्यक टीम गठित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, एसीटूडीसी नोडल ऑफिसर डाक मतपत्र, सुभाष गौतम उपस्थित थे।

# आमिर खान ने छोटा भंगाल की खूबसूरत वादियों में पाया सुकून

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

सिने जगत के मशहूर फिल्म स्टार आमिर खान पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध घाटी बीड़ बिलिंग तथा प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर अति दुर्गम घाटी छोटा भंगाल फुर्सत के कुछ दिन-व्यतीत करने आए हुए थे। फिल्म स्टार आमिर खान बीड़ बिलिंग से राजगुदा होते हुए छोटा भंगाल पहुंचे।

इस दौरान वे राजगुदा से थोड़ी ही दूर नलोता नामक जगह पर एक मढ हाउस (मिट्टी का घर) में रुके हुए थे। यहां पर उन्होंने तीन दिन का समय बिताया और वीरवार 7:30 बजे रवाना हो गए। बॉलीवुड स्टार ने कुदरत के इस अलौकिक नजारे



फिल्म स्टार आमिर खान प्रशंसकों के साथ।

का भरपूर आनंद उठाया। यहां तक की आमिर खान ने स्थानीय लोगों के साथ अपने कुछ अनुभव भी साझा किए तथा उन्होंने यहां के रीति रिवाज तथा यहां की संस्कृति के बारे में भी लोगों से बात की। इस बीच उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ फोटो खींचने में भी कोई परहेज नहीं किया और दोस्ताना तरीके से सभी लोगों से पेश आए। इस दौरान आमिर खान हिमाचली टोपी भी लगाए रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ऐरला में करंट लगने से महिला की मौत

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां की तहसील बड़ोह के अंतर्गत पंचायत ऐरला के वार्ड एक की संतोष कुमारी उम्र 65 वर्ष पत्नी जगदीश चंद पशुओं के चारे के लिए जंगल में एक पेड़ पर चढ़ी थी, लेकिन टहनी कटकर बिजली की तारों पर गिर गई जिससे पेड़ में करंट आ गया। इस कारण संतोष कुमारी करंट की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। बड़ोह चौकी पुलिस ने शव वीरवार को पोस्टमार्टम हेतु टांडा अस्पताल पहुंचाया जहां पोस्टमार्टम के बाद मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसकी पुष्टि नगरोटा बगवां पुलिस थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने की है।

### 10 माह से लापता महिला छत्तीसगढ़ में बरामद

**गगल।** पिछले वर्ष जुलाई महीने में घर से लापता गांव रच्छियालु की विवाहिता को पुलिस ने आरोपी युवक के साथ छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर से गिरफ्तार कर लिया है। गगल पुलिस के थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया की महिला तथा पुरुष की लापता होने की शिकायत दोनों के परिजनों ने जुलाई महीने में दर्ज करवाई थी। गगल पुलिस थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस पिछले लंबे समय से इस फरार जोड़ी को तलाश कर रही थी तथा मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई। पकड़े गए जोड़े को गगल पुलिस की टीम लेकर आ रही है जो दो दिन तक गगल पहुंच जाएगी। पुलिस टीम के साथ पंचायत के उपप्रधान मुख्तियार खान भी साथ में है।

### पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

**बैजनाथ।** बैजनाथ तथा आसपास के इलाकों में फैले पीलिया के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने काफी हद तक काबू पा लिया है। बीएमओ महाकाल दिलावर सिंह देयोल ने बताया कि वीरवार को कोई भी पीलिया का नया मामला सामने नहीं आया है। उपचाराधीन अधिकतर बच्चों को अस्पताल से ठीक होने पर छुट्टी दे दी गई है। दो-तीन स्कूली बच्चे अभी भी उपचाराधीन है। स्वास्थ्य विभाग ने फीमेल हेल्थ वर्कर, आशा वर्कर्स तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी सहित टीमों का गठन कर दिया है जो गांव-गांव जाकर लोगों को पीलिया से बचाव के बारे में जागरुक भी करेंगे तथा जिन लोगों को कोई स्वास्थ्य संबंधी मुश्किल है उनका इलाज भी करेंगे। उधर जल शक्ति विभाग ने भी कई जगह पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेश शर्मा ने लोगों से अपील की है कि वे भी सफाई का ध्यान रखें।

### खैरा की संगिनी ने पास की स्कॉलरशिप परीक्षा

**डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा की नौवीं कक्षा की छात्रा संगिनी राणा ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप की परीक्षा पास की। इस परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को 12000 रुपए प्रतिवर्ष मिलते हैं। यह छात्रवृत्ति 4 सालों तक नौवीं से लेकर 12वीं कक्षा तक दी जाती है। इस छात्रवृत्ति के लिए राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया जाता है। संगिनी की इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य विजय शर्मा, एसएमसी प्रधान व अध्यापकों ने शुभकामनाएं दीं।

### बाजार गया युवक लापता, शिकायत दर्ज

**पठानकोट।** विगत तीन सप्ताह में जिला के तीन युवकों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की घटनाएं घटित हो चुकी है परंतु इनमें से एक युवक खुद व खुद अपने घर वापस आ गया जबकि दो युवकों का अभी तक कोई अता-पता नहीं चल पाया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला माडल टाऊन तथा अबरोल नगर में दो युवकों के लापता होने के बाद वीरवार को जिला पुलिस के पास मोहल्ला छोटा दौलतपुर से भी एक शिकायत आई है जिसके बाद पुलिस की ओर से जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को दर्ज करवाई गई शिकायत में पूजा निवासी छोटा दौलतपुर ने बताया कि उसका बेटा साहिल गत रविवार को सायंकाल अपने घर से बाजार गया था परंतु अभी तक वापस नहीं आया। उन्होंने बताया कि उसके बेटे के पास मोबाइल तक नहीं है। मोहल्ला निवासी बलजीत सिंह तथा विक्रम विक्कू ने बताया कि परिवार की ओर से इस संबंधी शिकायत दर्ज करवा दी गई है।

### बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन का प्रशिक्षण

**पालमपुर।** क्षेत्रीय प्रयोगशाला, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला ने विवेकानंद मेमोरियल अस्पताल पालमपुर में बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। क्षेत्रीय प्रयोगशाला धर्मशाला के अधिकारियों की टीम द्वारा कर्मचारियों को पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई, जिसमें संजीव शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, डॉ. अजय वर्मा, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी और पूजा कौंडल, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ने कर्मचारियों को नियमों के प्रावधानों से अवगत कराया। सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर में श्री संजीव शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला द्वारा सीएसआईआर के वैज्ञानिकों, विद्वानों और कर्मचारियों के लिए अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के संक्षिप्त परिचय पर एक प्रस्तुति दी गई।

### भाजपा ने बेरोजगारों को ठगा: अजय

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अजय महाजन ने रोड अघार पंचायत में नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने दस साल के कार्यकाल में बनाई गलत नीतियों के कारण हर वर्ग का जीना मुश्किल किया है। जनता से किए गए वादों की घोर अनदेखी की गई है। बेरोजगारी एक विकराल रूप धारण कर चुकी हैज युवाओं को रोजगार के नाम पर जमकर ठगा गया। देश की जनता अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है। इस बार केंद्र में सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है जिसमें इंडिया गठबंधन की जीत होगी। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा को जनता जीताकर संसद भेजेगी।

### मोदी सरकार ने व्यापारियों का किया शोषण

**धर्मशाला।** वन रैंक वन पेंशन की बात करने वाली मोदी सरकार ने युवाओं के लिए अग्निवीर योजना लाकर युवाओं और देश की सेना के साथ एक भद्दा मजाक किया है। कांग्रेस की इंडिया अलायंस की सरकार बनते ही इस योजना का तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। मोदी सरकार उद्योगपतियों के लोन माफ करने में जुटी रही जबकि आम लोगों, किसानों, गरीबों, मजदूरों व छोटे व्यापारियों सहित विभिन्न वर्गों का जमकर शोषण किया गया। यह बात धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की वर्किंग कमेटी के पर्मानेंट इन्वायटी गुरदीप सिंह सप्पल ने कही। उन्होंने मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल पर तीखे हमले करते हुए कहा कि जो वादे वह कर के आए थे उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं कर पाए हैं।

### निगरानी दलों के साथ की बैठक

**पालमपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर पारदर्शी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से प्रक्रिया सुनिश्चित बनाने के लिए चुनाव व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने 19-पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव आयोग द्वारा व्यय निगरानी के लिए गठित टीमों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम पालमपुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी नेत्रा मेती भी विशेष रूप से मौजूद रही। बैठक में व्यय पर्यवेक्षक ने चुनाव व्यय निगरानी के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली।

### सत्यम कॉलेज ऑफ नर्सिंग में धूमधाम से मनाया नर्सिंग-डे

# मानवता से बड़ी कोई सेवा नहीं : कमल

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर मनाए जाने वाले नर्सिंग-डे को सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के तहत सत्यम कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर प्रशिक्षु छात्रों द्वारा पोस्टर मेंकिंग, रंगोली के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई वहीं पर नुक्कड़ नाटक आदि का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर सत्यम एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष कमल शर्मा, एमडी परविंदर ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर कॉलेज का सारा स्टाफ मौजूद रहा। असिस्टेंट प्रो. सविता चौधरी, शिवानी धीमान,



लेक्चरर्स काजल, दिव्या रैना, लता, नर्सिंग ट्यूटर शबनम, पल्लवी, रितिका चौधरी ,नीलम, अदिति, मनीषा कोमल, दीपांशु, दीक्षिता, नेहा हिमाचली, भारती कटोच, मोहिनी, सुपरिटेंडेंट अनुपम कुमारी, क्लर्क दीपिका पठानिया, रिपन चौधरी सहित सारा स्टाफ उपस्थित रहा। इस मौके पर समिति अध्यक्ष कमल शर्मा ने फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह से नाइटेंगल ने अपने जीवन में नर्सिंग के क्षेत्र में सेवा भाव से अपना नाम रोशन किया।

उन्होंने बताया कि समाज में मानवता से बड़ी सेवा कोई नहीं है अपने कार्य को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करना चाहिए, ताकि आने वाले समय में आप भी इस महान शख्सियत की तरह अपनी एक अलग पहचान बना सकें।

## राजपूत कल्याण सभा धीरा की बैठक 19 को

**डरोह।** राजपूत कल्याण सभा धीरा की बैठक 19 मई रविवार को सुबह 9 बजे काली महादेव मंदिर धीरा में प्रधान कंवर भान राणा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। सभी राजपूत कल्याण सभा धीरा के सदस्यों से निवेदन है कि इस मीटिंग में अधिक से अधिक संख्या में पधारे। इसमें महाराणा प्रताप जयंती 9 जून को महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धर्मगिरि में प्रस्तावित हुई है, उसमें इस शाखा की भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह जानकारी राजपूत कल्याण सभा धीरा इकाई के जनरल सेक्रेटरी ध्यान सिंह पटियाल ने दी।

# डाडासीबा बाजार में मनकोटिया ने रायजादा के लिए मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

देश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए पार्टी प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजना होगा। यह बात प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान कही। उन्होंने वीरवार को डाडासीबा बाजार व अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल लोगों की उम्मीदों पर



खरा नहीं उतरा है। भाजपा ने देवभूमि को शर्मशार किया है। भाजपा ने जो कृत्य हिमाचल में करने का प्रयास किया उसका खामियाजा उसे चुनाव में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव की सभी सीटें कांग्रेस जीतेगी, क्योंकि जनता का आशीर्वाद उनके साथ है।

# नशे में धुत्त गुगलाड़ा स्कूल पहुंचे प्रवक्ता पर गिरेगी गाज

**अनंत ज्ञान, जवाली**

शराब पीकर स्कूल पहुंचने वाले प्रवक्ता पर विभागीय कार्रवाई शुक्रवार को हो जाएगी। विभाग के डिप्टी डायरेक्टर द्वारा मामले की जांच कर शिक्षा विभाग के डायरेक्टर को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेज दी गई है।

गौरतलब है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगलाड़ा में बुधवार को एक प्रवक्ता ने शराब के नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुंचकर शिक्षा के मंदिर को अपवित्र किया था।

स्कूल प्रबंधन कमेटी ने उक्त प्रवक्ता के खिलाफ एक्शन लेते हुए इसकी शिकायत मुख्यमंत्री संकल्प सेवा 1100 पर की तथा उक्त

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

प्रवक्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय राणा, पूर्व अध्यक्ष व कमेटी सदस्य राजेश कुमार ने आरोप लगाया था कि उक्त प्रवक्ता अकसर नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुंचता है हर बार माफी मांगने पर प्रवक्ता को छोड़ दिया जाता है। इस बारे शिक्षा विभाग के निदेशक अमरजीत सिंह ने कहा कि शराब पीकर स्कूल पहुंचे लेक्चरर को जल्द ही सस्पेंड कर दिया जाएगा। आगामी कार्रवाई अमल में चलती रहेगी।

## एयरपोर्ट विस्तार पर सुनवाई अब 17 जून को

**गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में वीरवार को हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 17 जून तक रख दी है। इस बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि वीरवार को इस बारे शिमला में सुनवाई हुई । अब अगली सुनवाई 17 जून को होगी। इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा। जनता को उसका हक न्यायालय दिलाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर नजर टिकाए हुए हैं।

# भारद्वाज ने डोर-टू-डोर किया प्रचार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने वीरवार को जसूर में डोर-टू-डोर प्रचार कर अपने लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं और ईमानदार राजनेता मोदी के बीच चयन करने का चुनाव है।



राजीव भारद्वाज ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए साफ-साफ कहा है कि पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे लेकर रहेंगे। 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर में शांति लौट आई है, लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है।

उन्होंने कहा कि 2019 में सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद कश्मीर में शांति लौट आई है, लेकिन अब हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं। पहले आजादी के नारे जगह जगह सुनाई देते थे, अब वही नारे पीओके में सुनाई देते हैं।

पहले वहां पत्थर फेंके जाते थे अब पीओके में पथराव हो रहा है। पीओके पर कब्जे की मांग का समर्थन नहीं करने के लिए कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए भारद्वाज ने कहा कि मणिशंकर अय्यर जैसे कांग्रेस नेता कहते हैं कि ऐसा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उनके पास परमाणु बम है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि यह पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का हिस्सा है, हम इसे लेकर रहेंगे। राजीव ने कहा कि वर्तमान लोकसभा चुनाव इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं और ईमानदार राजनेता नरेंद्र मोदी के बीच चयन करने का चुनाव है।

नरेंद्र मोदी के वर्षों मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री होने के बावजूद कभी भी उनके खिलाफ एक पैसे के भ्रष्टाचार भी आरोप नहीं लगा। इस दौरान उन्होंने लोगों ने अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की और लोगों को कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से भी अवगत करवाया।

# कांग्रेस ने किया सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग: पवन काजल

**आशीष दमीर। कांगड़ा**

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी,स्टार प्रचारक विधायक पवन काजल ने वीरवार को मटौर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। काजल ने कहा कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र और धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की हार को देखते हुए कांग्रेस के नेता सरकारी कर्मचारियों को तबादलों का खौफ दिखाकर मतदान उनके पक्ष में करने के लिए कथित तौर पर दबाव बना रहे हैं।



मटौर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते विधायक पवन काजल।

व्यापारियों को भी डराया धमकाया जा रहा है । देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को डूबता हुआ जहाज करार देते हुए काजल ने कहा कि प्रदेश की भोली भाली जनता ने झूठी गारंटी और वादे के नाम पर गुमराह होकर हिमाचल में कांग्रेस को बहुमत देकर सत्ता में काबिज किया, लेकिन कांग्रेस सरकार जनता की गारंटियों को पूरा करने में नाकाम रही है। काजल ने कहा धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेगी। काजल नें कहा 19 मई को भाजपा उम्मीदवार राजीव भारद्वाज कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर एक दर्जन पंचायतों की जनता से समर्थन मांगेंगे। (अनंत ज्ञान)

## सवाणा में मिली लाश का किया संस्कार

**डाडासीबा,देहरा।** ग्राम पंचायत सवाणा के वार्ड नंबर 1 में 13 मई को मिली लाश पहचान के लिए रखी थी, लेकिन चार दिन बाद भी उसकी पहचान न लगने के कारण वीरवार देर शाम पुलिस व प्रशासन व डाडासीबा पंचायत प्रधान परमेश्वरी दास व डाडासीबा व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा व सवाणा के बीडीसी सदस्य रमेश कुमार की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस चौकी इंचार्ज रवि दत्त शर्मा ने बताया कि शव मिलने के बाद इसे पोस्टमार्टम करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज टांडा के लिए भेजा गया था। उसकी कोई भी पहचान नहीं हो पाई, इसलिए उस शव का अंतिम संस्कार वीरवार शाम को कर दिया गया।

## बीबी जागीर कौर पहुंचीं पठानकोट



**पठानकोट।** शिरोमणि अकाली दल (पीऐसी) मेंबर पंजाब जत्थेदार गुरमीत सिंह लुवाना की अध्यक्षता में लोकसभा हलका गुरदासपुर के उम्मीदवार डॉक्टर दलजीत सिंह चीमा के हक में पठानकोट में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें शिरोमणि अकाली दल कोर कमेटी मेंबर बीबी जागीर कौर मुख्य रूप से पहुंची। इस मौके पर जत्थेदार गुरमीत सिंह लुवाना की ओर से बीबी जागीर कौर को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके बीबी जागीर कौर ने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई थी इन्होंने जो वादे किए थे वह पूरे नहीं किए जिसका खामियाजा लोग अब तक भुगत रहे हैं। जत्थेदार गुरमीत सिंह लुवाना ने कहा कि डॉक्टर दलजीत सिंह चीमा को भारी बहुमत से जीताकर लोकसभा में भेजेंगे। इस मौके पर जिला पठानकोट ऑब्जर्वर राज कुमार गुप्ता, अमनदीप सिंह, गगनदीप सिंह (जोंटी),अकाली सीनियर मनप्रीत सिंह साहनी, जसप्रीत सिंह राणा यूथ अध्यक्ष देहाती, रविंद्र मौजूद रहे।

# धर्मशाला अस्पताल में रात को किया गया पोस्टमार्टम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

धर्मशाला के क्षेत्रीय अस्पताल में हिमाचल प्रदेश में पहली बार रात को हुआ पोस्टमार्टम करने का दावा प्रबंधन ने किया है। यहां बताते चलें कि आम तौर पर रात को शवों का पोस्टमार्टम नहीं किया जाता लेकिन बुधवार रात को क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला के शव गृह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की निगरानी में डॉ. दीपक, डॉ. सुरेंद्र मिन्हास और सपोर्ट स्टाफ सुरेंद्र कुमार ने रात को पहली बार पोस्टमार्टम किया। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार नई गाइडलाइंस के अनुसार बिजली का उचित प्रबंध होने तथा कुछ खास परिस्थितियो में रात के समय पोस्टमार्टम किया जा सकता है। बताते चलें कि कहा जाता है कि पहले के समय में बिजली की व्यवस्था न होने के कारण रोशनी की कमी के कारण पोस्टमार्टम नहीं किया जाता था तथा उसी समय से बनी रिवायत के चलते रात के समय अब भी पास्टमार्टम नहीं किया जाता। क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला के सीएमओ डॉक्टर राजेश गुलेरी ने बताया कि बुधवार रात को क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला के शव गृह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की निगरानी में डॉ. दीपक, डॉ. सुरेंद्र मिन्हास और सपोर्ट स्टाफ सुरेंद्र कुमार, ने रात को पहली बार पोस्टमार्टम किया है।

**जागरूकता** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सराह के स्लम एरिया में लगाया कैंप

# 200 लोगों के खून के सैंपल लिए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय डेंगू दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला के सौजन्य और टोंगलेंन चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से वीरवार को ग्राम पंचायत सराह के स्लम क्षेत्र में आयोजित किया गया।

डेंगू दिवस मनाने के साथ साथ सराह में स्लम बस्ती के लोगों की गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग (एच आई वी, हैपेटाइटिस बी एवं सी) के साथ खून की जांच के लिए सैंपल भी लिए गए, जिसका लाभ लगभग 200 से अधिक लोगों ने लिया। इस शिविर मे लोगों को मुफ्त दवाइयां भी दी



सराह के स्लम क्षेत्र में आयोजित कैंप में मौजूद लोग व अन्य।

गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि लोगों को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक किया जा सके। इसके लक्षणों का पता लगाकर सही समय पर डेंगू जैसी बीमारी का उपचार किया जा सके। इस दौरान वर्ष 2024 में राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम डेंगू रोकथाम सुरक्षितकल के लिए हमारी जिम्मेदारी रहा।

## निशुल्क दवाइयां बांटीं

**धर्मशाला।** मां बगलामुखी जयंती पर वीरवार को श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा द्वारा बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निशुल्क मेडिकल स्टॉल लगाया गया। एक दिवसीय मेडिकल स्टॉल श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा के एमडी डॉ. राजेश शर्मा के दिशा निर्देशानुसार लगाया गया। इस मेडिकल स्टॉल के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं सुबह 8 बजे से और शाम 8 बजे तक दी गई। श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने श्रद्धालुओं के आंख, नाक व गला सहित विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच की और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### टौणी देवी क्षेत्र में 18 व 20 को बंद रहेगी बिजली

**टौणी देवी।** विद्युत उपमंडल टौणी देवी के अंतर्गत कुछ स्थानों पर 18 और 20 मई को विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मरों को बदलने के कार्य किए जाएंगे, जिस कारण क्षेत्र के कई गांवों में बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता दीपक चैहान ने बताया कि 18 मई को झनिक्कर, बराड़ा, सपनेड़ा, पंजोत, टिक्करी, दरबयार, बगवाड़ा, समीरपुर, संगरोह, अवाहदेवी, बुहाणा, मतलाणा और साथ लगते गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 20 मई को दरकोटी, ठाणा दरोगण, कोट, कलंझड़ी, सराहकड़, कराड़ा, ढनवान, मोहीं, रोपा और साथ लगते गांवों में भी विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से सायं 5 बजे तक आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### रैली निकाल कर मतदान बारे किया जागरूक



**रंगस।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ के स्टूडेंटस ने एक रैली निकालकर नारों और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को मतदान बारे जागरुक किया। स्कूल की प्रिंसिपल राज कौशल ने बताया कि रैली के माध्यम से स्टूडेंटस ने अपने मताधिकार का प्रयोग सही व्यक्ति के लिए करने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ भी मौजूद था।

### राजेंद्र राणा का सुजानपुर में रोड शो आज

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा शुक्रवार को सुजानपुर बाजार में 11 बजे से 1 बजे तक रोड शो निकालकर शहर की जनता से वोट स्पोर्ट की अपील करेंगे। सुजानपुर भाजपा मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने बताया कि सुजानपुर भाजपा शहरी इकाई और मंडल सहित तमाम मोर्चा प्रकोष्ठ के सदस्य इस भव्य एवं शानदार रोड शो में उपस्थित होंगे। यह रोड शो प्रातः 11 बजे मुरली मनोहर मंदिर प्रांगण से शुरू होगा। यहां पर तमाम भाजपा के कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग इकट्ठे होंगे। उसके बाद यह रोड शो शुरू किया जाएगा। सुजानपुर भाजपा परिवार ने रोड शो के कार्यक्रम के लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### जनता धनबल की बजाय जनबल के साथ : सुनील

**हमीरपुर।** वीरवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के चबूतरा में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी के कार्यालय का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने सुजानपुर क्षेत्र के चबूतरा, री-1 व 2 तथा स्वाहल बूथ में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। सुनील ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की हरेक पंचायत व सभी गांवों में जनता का अपार समर्थन व सहयोग मिल रहा है। जनता भी धनबल की बजाय जनबल के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव वर्तमान सुक्खू सरकार नहीं, बल्कि ईमानदार व आम जनता के सीएम सुक्खू के पक्ष में सुजानपुर सहित समूचे प्रदेश की जनता यह चुनाव लड़ रही है। इस दौरान उनके साथ प्रवीण लक्की, रमेश भाटिया, वीर सिंह, सुनील मैहरा, सुनील कुमार, जगदीश कोशिक, गोजू, अरविंद कटोच व निशांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रंगस में दो कारों की टक्कर, बड़ा हादसा टला



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त कार।

**रंगस।** रंगस बाजार में दो कारों में टक्कर हो गई, जिससे कारों का काफी नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार एक कार (नंबर एचपी 12 ओ 1261) हमीरपुर से नादौन की तरफ जा रही थी, जबकि दूसरी कार (नंबर एचपी 40 सी 0114) हमीरपुर की तरफ जा रही थी। इस दौरान रंगस में रैल की तरफ जाने वाले चौक पर दोनों में टक्कर हो गई, जिस कारण कारें काफी क्षतिग्रस्त हुईं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बतायार कि सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया और छानबीन में जुट गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना का मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### मतदाता जागरूकता रैलियां निकालने के निर्देश

**जाहू।** लोकतंत्र पर्व को सफल बनाने के लिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र में हर नागरिक की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। इसके लिए हर विभाग के सरकारी कर्मचारी को 1 जून को पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करना होगा तथा इसकी विभागों के मुखियाओं से रिपोर्ट ली जाएगी। यह बात भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने वीरवार को पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में गठित मतदाता चुनावी साक्षरता क्लबों को 18 मई को अपने क्षेत्र में सुबह 9 बजे से दस बजे तक मतदता जागरूकता रैली का आयोजन करना होगा। इसके अलावा रैली के सुंदर दो फोटो प्रत्येक चुनावी साक्षरता क्लब के ग्रुप में शेयर करना अनिवार्य किया गया है। स्कूलों, कॉलेजों में गठित ईएलसी क्लब के सदस्य लगातार लोगों को वोट डालने के लिए जगरूक करने में लगे हुए हैं, ताकि भोरंज विस क्षेत्र के हर बूथ पर वोट की प्रतिशता में वृद्धि हो।

### विजय कुमार की भाजपा में घर वापसी

**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के हार मसनदा गांव के विजय कुमार ने पिछले हफ्ते कांग्रेस ज्वाइन की थी आज फिर से पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री के जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने भाजपा में घर वापसी करते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने बताया कि कुछ कांग्रेसियों के बहकावे से पिछले हफ्ते उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन की थी पर एक हफ्ते में ही मुझे कांग्रेस पार्टी में घुटन महसूस होने लगी थी इसलिए मैंने फिर से भाजपा को ज्वाइन किया है। उन्होंने बताया की आपदा के समय में भरेडी जोलसप्पड़ मार्ग का एक बड़ा हिस्सा बरसात में वह गया था। उस सड़क को आज तक रिपेयर नहीं किया गया। इस संपर्क मार्ग पर कुनाह खड के पुल के लिए नीम पत्थर आज तक नहीं रखा गया, जबकि विधानसभा चुनाव से पहले सभी कांग्रेसी यहां पुल निर्माण का आश्वासन दे रहे थे।

### मुख्य सचिव कल करेंगे चुनाव प्रबंधों की समीक्षा

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना 17-18 मई को हमीरपुर प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार प्रबोध सक्सेना 17 मई शाम को हमीरपुर पहुंचेंगे। 18 मई को सुबह 6 बजे वह मतदाता जागरूकता के लिए उपायुक्त कार्यालय परिसर से साइक्लोथॉन का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद सुबह 10 बजे वह जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके चुनाव से संबंधित आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा करेंगे। बैठक के तुरंत बाद वह शिमला लौट जाएंगे।

### खेतों में काम करते दंपती में झगड़ा, मामला दर्ज

**बिझड़ी।** खेतों में काम कर रहे पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और मामला पुलिस तक पहुंच गया। बड़सर पुलिस को शिल्पा देवी पुत्री मिंटू राम निवासी चकमोह ने दी शिकायत में बताया कि उसका अपने पति प्रवीण कुमार पुत्र कमल कुमार गांव धवीरी से झगड़ा हो गया था। इस दौरान वह उसे जबरदस्ती बाजू से पकड़कर घसीटता हुआ पशुशाला तक ले गया और उसके साथ मारपीट की। उसने मुश्किल से भागकर जान बचाई। इस बारे पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है और शिकायतकर्ता का मेडिकल भी करवाया है।

# बड़सर के जंगलों में भीषण आग से करोड़ों की वन संपदा जलकर राख

## दमकल विभाग और स्थानीय लोगों के सहयोग से पाया काबू

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**



बिझड़ी रेंज के बीहडू बीट के जंगल में बुधवार शाम लगी भयंकर आग का दृश्य।

भीषण गर्मी के बीच उपमंडल बड़सर में जंगलों का दहकना लगातार जारी है। एक तरफ हीट वेव का पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है, वहीं आए दिन वन्य संपत्ति आग की चपेट में हरे भरे पेड़ व वन्य संपत्ति जलकर राख हो रही है।

बिझड़ी रेंज के बीहडू बीट के जंगल में बुधवार शाम को भयंकर आग लग गई, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने दमकल विभाग बिझड़ी को दी। बीहडू बीट के जंगल के साथ लगते गांव सरयाला दी बाहल के पास आग इतनी भयंकर थी उसको काबू पाना बहुत मुश्किल था। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो जंगल के साथ लगते गांव आग की चपेट में आ सकते थे। हालांकि दमकल विभाग के कर्मचारियों और ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया, लेकिन चीड़ के बेशकीमती पेड़ों के अलावा जंगली जीव जंतु भी आग की भेंट चढ़ गए हैं।

लोगों का कहना है की फायर सीजन में वन क्षेत्र में आना-जाना और माचिस बीड़ी सिगरेट लेकर चलना पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए। संदिग्ध लोगों की सीसीटीवी कैमरे के साथ नजर रखी जानी चाहिए, जो भी व्यक्ति वन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं उन पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए, ताकि कोई ऐसी हरकत न करे। बीहडू बीट में लगी आग को दमकल विभाग और स्थानीय लोगों ने जद्दोजेहद के बाद काबू पाया परंतु तब तक वन्य संपत्ति को करोड़ों का नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों में संजीव कुमार, देवेंद्र कुमार, रतन चंद, राजेश कुमार, मंगत राम, केसरी देवी, बीना देवी, संजय शर्मा मनोज कुमार सहित ग्रामीणों ने आग बुझाने में सहयोग दिया है।

उधर, वन परिक्षेत्राधिकारी मनीष कुमार ने लोगों से अपील की है जंगलों में आग न लगाएं। अगर कहीं आग लगती है, तो तुरंत वन विभाग या अग्निशमन विभाग को सूचित करें। उनके अनुसार विभाग ने एक फ्लाइंग स्कॉड बनाया है जो वन क्षेत्र में हो रहे गतिविधियों पर 24 घंटे नजर रखेगा। अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर वन संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, वाहनों की हो रही चैकिंग

## एसएसटी ने व्यय पर्यवेक्षक का वाहन भी किया चेक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



व्यय पर्यवेक्षक डॉ. कुंदन यादव के वाहन की चेकिंग करती स्टैटिक सर्विलांस टीम।

लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए, चुनाव में धनबल और बाहुबल के प्रयोग को रोकने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कड़े प्रबंध किए गए हैं।

इसी के तहत अलग-अलग टीमें 24 घंटे कार्य कर रही हैं। स्टैटिक सर्विलांस टीमें (एसएसटी) भी महत्वपूर्ण स्थानों पर नाके लगाकर हर वाहन की चेकिंग कर रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए व्यय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव वीरवार को जब नादौन से ऊना की ओर जा रहे थे तो जिला ऊना की सीमा पर तैनात स्टैटिक सर्विलांस टीम ने उनके वाहन को भी चेकिंग के लिए रोका और चेकिंग के बाद ही वाहन को ऊना की ओर जाने दिया।

स्टैटिक सर्विलांस टीम के इस कदम की व्यय पर्यवेक्षक डॉ. कुंदन यादव ने काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों में भी अलग-अलग टीमें 24 घंटे अलर्ट पर रखी गई हैं।

# भरेड़ी में पेयजल के लिए मचा हाहाकार, एक माह से सप्लाई नहीं

## कार्य पूरा, जल शक्ति विभाग नहीं कर रहा जलापूर्ति

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के भरेडी बाजार में सड़क किनारे नालियां बनाई जा रही हैं जिस कारण बाजार में पानी की पाइपें निकालने के कारण पिछले एक महीने से पानी के लिए हाहाकार मच गया है। नालियों का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा हो गया है, लेकिन विभाग अब भी पानी की सप्लाई नहीं दे रहा है।



पिछले कई दिनों से जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से समस्या को हल करने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। पूरे बाजार में पानी की समस्या से व्यापारियों को जूझना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन महंगे दामों पर टेंकरों द्वारा पीने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। व्यापारियों में खूब सिंह, कृष्ण देव सहगल, नरेंद्र सहगल, दीना नाथ, संजय कुमार, फिरोज खान, पिंकू, रमेश, प्रकाश चंद, नरेंद्र शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, कोशोरी लाल शर्मा, हुक्म चंद, निर्मल कुमार, मनोहर लाल, प्रताप सिंह, सुखदेव, रूप लाल आदि ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पानी कि समस्या हमेशा बनी रहती है।

इस बारे में भोरंज विधायक के सामने भी कई बार समस्या रखी गई, लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ है। इस बारे जल शक्ति विभाग के जेई राजेश कानूनगो ने बताया कि सड़क किनारे फुटपाथ बनाए जाने के कारण यह समस्या पैदा हुई थी, पाइपों को जोड़ा जा रहा है दो या तीन दिनों में पानी की समस्या का हल करवाया जाएगा।

# पूर्व विधायक तिलक ने सुभाष ढटवालिया के लिए मांगे वोट



सदर के पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा लोगों को साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

चुनाव नजदीक आते ही पार्टी के नेता अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए लोगों के घर द्वारा पहुंच कर समर्थन मांग रहे हैं। यही नहीं अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोर आजमाइश शुरू कर दी है।

वीरवार को सदर के पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद्र ढटवालिया के लिए गांव-गांव जाकर वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की उपलब्धियां गिनाई।

उन्होंने कहा सुभाष ढटवालिया की जीत सुनिश्चित करें और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हाथ मजबूत करें। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विपिन ढटवालिया सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव कल करेंगे 'साइक्लोथॉन' का शुभारंभ

**हमीरपुर।** 18 मई को साइक्लोथॉन और 'फिट मतदाता, देश का भाग्य विधाता' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के यूथ ऑर्गेनाइजर विवेक वर्मा ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही 'साइक्लोथॉन' का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना करेंगे। विवेक वर्मा ने बताया कि यह 'साइक्लोथॉन' 18 मई को प्रातः 6 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर से शुरू होगी और गांधी चौक, भोटा चौक, बाईपास रोड, नाल्टी चौक , गवर्नमेंट आईटीआई तथा नादौन चौक होते हुए वापस उपायुक्त कार्यालय परिसर में समाप्त होगी। उन्होंने 'साइक्लोथॉन' में भाग लेने के इच्छुक सभी हमीरपुर वासियों से 18 मई को प्रातः 6 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर में पहुंचने की अपील भी की।

# वायुसेना की भर्ती के लिए 22 से करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**मेडिकल असिस्टेंट एयरमैन की भर्ती रैली 3 जुलाई से**

भारतीय वायुसेना में ग्रुप-वाई (नॉन टेक्निकल) मेडिकल असिस्टेंट एयरमैन की भर्ती रैली के लिए पुरुष उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस भर्ती के लिए वेब पोर्टल-एयरमैंसलेक्शन. सीडैक.इन पर 22 मई सुबह 11 बजे से लेकर 5 जून को रात 11 बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है।

वायु सेना भर्ती कार्यालय अंबाला कैंट के कमान अधिकारी विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि मेडिकल असिस्टेंट एयरमैन की भर्ती रैली 3 जुलाई से 12 जुलाई तक चंडीगढ़ स्थित वायुसेना के बेस रिपेयर डिपो में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती रैली में पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के 12वीं पास या फार्मेसी में डिप्लोमा अथवा बीएससी डिग्रीधारक युवा भाग ले सकते हैं। फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और अंग्रेजी के साथ 12वीं कक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

2 जनवरी 2004 से 2 जनवरी 2008 तक जन्मे 12वीं पास अविवाहित युवा भर्ती के लिए पात्र हैं, जबकि, फार्मेसी में डिप्लोमा या बीएससी डिग्रीधारक अविवाहित उम्मीदवारों में 2 जनवरी 2001 से 2 जनवरी 2006 तक जन्मे युवा पात्र होंगे। फार्मेसी के वर्ग में ही 2 जनवरी 2001 से 2 जनवरी 2004 तक जन्मे विवाहित उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। कमान अधिकारी ने बताया कि भर्ती से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# स्कूल का रास्ता ठीक नहीं किया तो बच्चों के अभिभावक देंगे धरना

**टौणीदेवी।** राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य चल हुआ है, जिसकी वजह से टौणी देवी, हॉस्पिटल चौक के पास डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरकोटी की ओर जाने वाला रास्ता बाधित है और बच्चों को आने-जाने में बहुत कठिनाई हो रही है। बच्चों के साथ दुर्घटना भी हो सकती है, क्योंकि जिस रास्ते से अभी आ रहे हैं वह बच्चों के चलने के लिए ठीक नहीं है, रास्ता जोखिम भरा है, लेकिन मजबूरी है। स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह डोगरा ने इस समस्या के बारे में उपायुक्त व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया, लेकिन समस्या के निपटारे का पूर्ण आश्वासन नहीं मिला है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि मार्ग को फिर से पहले की तरह ही आने-जाने योग्य बनाया जाए। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि इस समस्या का समाधान तुरंत नहीं हुआ तो वे शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन करेंगे। यदि ऐसा हुआ तो आवागमन के साधनों पर प्रभाव पड़ेगा व लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

# जमली धाम में धूमधाम से मनाई मां बगलामुखी जयंती

## क्षेत्र की खुशहाली के लिए ब्राह्मणों ने किया हवन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जमली धाम परिसर में क्षेत्र की खुशहाली के लिए हवन करते ब्राह्मण।

ठाकुरद्वारा गोशाला जमली धाम परिसर में वीरवार को मां बगलामुखी जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर गौशाला में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक क्षेत्र की खुशहाली के लिए मां बगलामुखी का हवन उच्च कोटी के ब्राह्मण द्वारा किया गया, जिसमें सैकडों लोगों ने हवन यज्ञ में भाग लेकर अपनी मनोकामना पूरी की। पूर्ण आहूति स्वाहल के समाज सेवक रोशन लाल शर्मा के हाथों की गई तथा उसके बाद भंडारे का कार्यक्रम सारा दिन होता रहा।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्यारे लाल शर्मा, अजय शर्मा, सहकारी क्षेत्र के नरेंद्र ठाकुर, ओम प्रकाश नुघाल, बलदेव धीमान, रणजीत सिंह गुलेरिया, हरवंश धीमान, देवराज, गोशाला कमेटी के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया, बालक राम, संजीव शर्मा, राजेश, जगदीश चंद, लेखराज शर्मा, ओंकार चंद, रोशन लाल, महिला मंडल काले अंब, भलेड़ा, सेर, मझोट व अन्य गांवों से भी भारी संख्या लोगों ने भाग लिया।

# टेस्ट ड्राइव के नाम पर बाइक को भगा ले गया युवक, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के जलाड़ी में बिक्री की बाइक को टेस्ट ड्राइव के नाम पर युवक भगाकर ले गया।

नादौन की जलाड़ी पंचायत के गांव हौड़ के विपुल ठाकुर पुत्र रमेश चंद ने पुलिस थाना नादौन में दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी बाइक एचपी नंबर 36डी-6642 बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाली हुई थी। बाइक को खरीदने के लिए जालंधर से अरमान कपूर हाउस नंबर 414 गली नंबर 2 डोगरी रोड न्यू हरगोबिंद नगर जालंधर आया हुआ था। उसने कहा कि पहले उसने बाइक का टेस्ट ड्राइव करना है। इसी बहाने से वह उसकी बाइक को ले गया और वापस नहीं आया।

लोगों में चर्चा है कि क्या इस धोखेबाज का नाम पता सही भी है या नहीं? फिलहार पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# रविंद्र ने घर-द्वार मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



घर-द्वार जाकर समर्थन मांगते रविंद्र डोगरा, साथ हैं अन्य।

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी प्रत्याशी रविंद्र सिंह डोगरा ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण स्थानों में पहुंचकर घर द्वार जाकर जनसमर्थन मांगा। डोगरा ने बताया कि उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में भारी जन समर्थन मिल रहा है। लोग इस बार बदलाव चाहते हैं।

उन्होंने बताया कि उन्होंने कोरोना काल में इस एरिया में सैनिटाइजेशन अभियान चलाया था। कोरोना के बाद भी वह लोगों से उनकी समस्याओं को लेकर जुड़े रहे। उन्होंने बताया कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई समस्याएं हैं। जीतने के बाद प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं का हल किया जाएगा। वहीं, लोगों का यह मानना है कि जो व्यक्ति उनके काम आएगा उसी को वह वोट देंगे।

# हिट एंड रन मामले के आरोपी ने किया सरेंडर

**नादौन।** नादौन के भरमोटी तकियां में नेशनल हाईवे पर कार से हिट करने वाले आरोपी चालक ने सरेंडर कर लिया है, जबकि कार को पुलिस ने पहले ही गलोड़ से कब्जे में ले लिया है। गौर रहे कि आरोपी जगजीत कार नं. एचपी 55सी-6987 को ड्राइव करके बीते रोज नादौन की ओर आ रहा था कि भरमोटी के पास कार ने नादौन के अमलैहड़ खूए दी बूं गांव के 24 वर्षीय युवक शुभम हिट कर दिया था जिससे उसकी मौका पर ही मौत हो गई थी और आरोपी मौके से फरार हो गया था। उसने कार अपने ससुराल गलोड़ में खड़ी की और स्वयं चंडीगढ़ भाग गया था।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार उक्त स्थान पर बरामद कर आरोपी को सरेंडर करने की हिदायत दी। इसके बाद आरोपी ने आज सरैंडर कर लिया।

**क्रिकेट** अंतर जिला स्तरीय अंडर-19 के सेमीफाइनल में मंडी के दिवेश और रोहित ने जड़े शतक

# मंडी ने कांगड़ा को हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**अनंत ज्ञान, नादौन**



क्रिकेट स्टेडियम अमतर (नादौन) में मंडी की टीम सेमीफाइनल जीतने के बाद सामूहिक चित्र में

मंडी ने क्रिकेट स्टेडियम अमतर (नादौन) में अंतर जिला स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कांगड़ा को पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना कुल्लू से होगा।

क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि मंडी की टीम ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 358 रन बनाए।

मंडी के बल्लेबाज दिवेश कटोच व रोहित ठाकुर ने शतक जड़े। दिवेश ने 111 व रोहित ने 112 रन बनाए। कांगड़ा के गेंदबाज अभिषेक ने 2, साहम, आर्यन व सिदक ने 1-1 विकेट ली। पहली पारी के आधार पर मंडी की टीम को विजेता घोषित किया गया है।

# हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 14 लाख से ज्यादा वोटर पंजीकृत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह।

प्रदेश के पांच जिलों में फैले संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के 17 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में 15 मई तक दर्ज मतदाताओं की कुल संख्या 14,32,636 है, जिनमें 715681 पुरुष, 716940 महिलाएं, 15,514 दिव्यांग और 15 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

इनके अलावा 17 विधानसभा क्षेत्रों में सर्विस वोटर्स की कुल संख्या 23,455 है। सर्विस वोटर्स में महिलाओं की संख्या केवल 596 है। संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि 15 मई तक के आंकड़ों के अनुसार सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों में 18-19 वर्ष के आयु वर्ग के नए युवा मतदाताओं की संख्या 43,034 है, जबकि 20-29 वर्ष के आयु वर्ग में 2,61,433 मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 18,172 है। नादौन विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 95,036 मतदाता पंजीकृत हैं।

दूसरे नंबर पर घुमारवीं में 90,563 पंजीकृत मतदाता हैं। सुजानपुर में सबसे कम 75,649 मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के 17 विधानसभा क्षेत्रों में एक जून को कुल 1784 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा।

नादौन विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 121 और गगरेट में सबसे कम 91 मतदान केंद्र होंगे। इनके अलावा देहरा विधानसभा क्षेत्र में 100, जसवां-परागपुर में 111, धर्मपुर 107, भोरंज 101, सुजानपुर 104, हमीरपुर 94, बड़सर 112, चिंतपूर्णी 102, हरोली 106, ऊना 99, कुटलैहड़ 118, झंडूता 108, घुमारवीं 111, बिलासपुर 101 और श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में 98 मतदान केंद्र होंगे।

# 400 पार का नारा हो गया है हवा : मुकेश अग्निहोत्री

## कुटलैहड़ व नालागढ़ में गरजे उपमुख्यमंत्री, कहा-लोकसभा चुनाव में बुरी तरह परास्त होगी भारतीय जनता पार्टी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रायबरेली व अमेठी में अपने दौरे के तुरंत बाद हिमाचल पहुंचते ही कांग्रेस के लिए धुआंधार प्रचार करना शुरू कर दिया है। शिमला सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के लिए उन्होंने नालागढ़ में हरदीप बाबा द्वारा आयोजित जनसभा में भाग लिया, तो वहीं ऊना पहुंच कर कुटलैहड़ क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा के समर्थन में आयोजित चताड़ा की जनसभा में भाग लिया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रायबरेली में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा को अनेक राज्यों में बड़ा नुकसान हो रहा है।


चताड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा के समर्थन में जनसभा में उपस्थित लोग उपमुख्यमंत्री का भाषण सुनते हुए।

उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हवा हो गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चमत्कारी परिणाम होंगे और बीजेपी चारों लोकसभा की सीट हार रही है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार से हिमाचल की देवभूमि में धनबल से सरकार तोड़ने की साजिश रची, इस साजिश का प्रदेश की जनता करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार भाजपा की साजिश के बाद और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि इन उपचुनावों के परिणाम के बाद सरकार पूरी तरह मजबूत होगी।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आने वाले उपचुनावों को भी कांग्रेस पार्टी जीतेगी। शिमला के सांसद अपना रिपोर्ट कार्ड जनता को बताएं कि क्या किया है? उन्होंने कहा कि नालागढ़ में कांग्रेस को बढ़त मिलेगी। विनोद सुल्तानपुरी शिमला क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाएंगे।

सरकार विकास के काम करेगी। वहीं, उन्होंने कुटलैहड़ क्षेत्र चताड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो बिक गए जिन्होंने ईमान बेच दिया, उन्हें सबक सिखाने की जरूरत है।

ऊना जिले के दो विधायकों ने कांग्रेस पार्टी को धोखा दिया, लेकिन कांग्रेस पार्टी की सरकार को बचाने के लिए ऊना के दो विधायक मैं और सुदर्शन बबलू सरकार के साथ खड़े रहे, यह भी इतिहास में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि आज फिर जिला ऊना के पास मौका आया है कि धोखा देने वालों की परमानेंट नो एंट्री करें और गगरेट व कुटलैहड़ से कांग्रेस प्रत्याशियों को जीत दिलाकर सरकार को मजबूत बनाएं।

विवेक शर्मा कुटलैहड़ के विकास के ध्वजवाहक बनेंगे। उन्होंने कहा कि विकास के हर कार्य को किया जाएगा। पानी की समस्या को दूर करेंगे। धार्मिक पर्यटन को मजबूत करेंगे। जल क्रीड़ा को मजबूत करेंगे। विकास के कार्य चरणबद्ध ढंग से करेंगे। मुकेश ने कहा कि कुटलैहड़ को भी आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। भाजपा के नेता अति उत्साह में हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता फील्ड में उतर जाएं। सभी का मान-सम्मान कांग्रेस की सरकार व पार्टी द्वारा किया जाएगा।

महिलाओं को 1500 रुपए देने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। लाहौल-स्पीति में तो 1500 रुपए मिलने शुरू हो गए हैं। कर्मचारियों को पेंशन देकर उनका भविष्य सुरक्षित कर दिया गया है। भाजपा महिला, युवा, किसान, बागवान व कर्मचारी विरोधी है, इसलिए हिमाचल की जनता हिमाचल का आपदा के समय में विरोध करने वाले नेताओं को सबक सिखाए।

उन्होंने कहा कि 4500 करोड़ रुपए का पैकेज हिमाचल सरकार ने अपने संसाधनों से दिया है। 11000 करोड़ रुपए का क्लेम केंद्र की सरकार को भेजा गया, उसमें से कोई पैसा नहीं आया है। आपदा का पिछले वर्षों का जो पैसा रुका था, वही आया है, जो कि हिमाचल का हक था। उन्होंने कहा कि हिमाचल के दुख के दिनों में कौन आया, कौन नहीं आया, जनता यह सब याद रखे? मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए, आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए जनता कांग्रेस का साथ देकर कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताए, कांग्रेस की सरकार आम आदमी की सरकार है, हर वर्ग के कल्याण के लिए काम करेगी। मुकेश ने कहा कि हिमाचल को आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़ाएंगे।

# अंडर-19 प्रतियोगिता के फाइनल में कुल्लू की टीम


कुल्लू की विजेता टीम के खिलाड़ी जिन्होंने सेमीफाइनल में हमीरपुर की टीम को हराया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बिलासपुर के लुहनू मैदान में सेमीफाइनल मुकाबला कुल्लू और हमीरपुर के बीच में आरंभ हुआ था, जिसमें कुल्लू की टीम ने पहली पारी में 222 रन बनाए। सागर मल्हान ने 31, आर्यन ने 41 और अर्नब जामवाल ने 95 रन बनाए। हमीरपुर के सात्विक और अनिकेत ठाकुर ने तीन, पारस ने दो, जबकि शिवांश और अश्मित ठाकुर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हमीरपुर की टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हमीरपुर की टीम मात्र 56 रन पर ऑलआउट हो गई। कोई भी बल्लेबाज कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। कुल्लू के सुशांत सिंह ठाकुर ने 6, अर्णव जामवाल ने दो, संयम ठाकुर और शिवांश कपूर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। कुल्लू की टीम ने हमीरपुर की टीम को फॉलोआन खिलाते हुए हमीरपुर ने दूसरी पारी में 249 रन बनाए। इसमें अनिकेत ठाकुर ने 106 और सात्विक ने 74 रन बनाए।

कुल्लू के सुशांत सिंह ठाकुर ने 2, मोक्षित ने तीन, शिवांश कपूर ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि अर्णव जमवाल और सागर मल्हान ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। कुल्लू की टीम ने तीन विकेट खोकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया, त्रिशिर 45 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि देवेश जोशी ने 21 रन बनाए। कुल्लू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से मैच जीत लिया और फाइनल में प्रवेश कर लिया।

# बढेड़ा में स्वास्थ्य कर्मियों ने डेंगू के लक्षण व बचाव के तरीके बताए



बढेड़ा में जागरूकता शिविर में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ऊना के सूचना शिक्षा एवं सम्प्रेषण प्रभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा के दिशा निर्देशानुसार गांव बढेड़ा में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कृष्ण ने बताया कि डेंगू एडीज इजिप्टी मादा संक्रमित मच्छर के काटने से होता है, जो कि दिन के समय काटता है। डेंगू होने पर रोगी को तेज बुखार, सिर दर्द, बदन में दर्द, आखों के पीछे दर्द, कई बार नाक से व अमाशय से रक्त का स्राव हो जाता है जो कि खतरनाक हो सकता है। ये लक्षण दिखाई दें तो तुरंत जांच करवाएं।

इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वंदना, अशोक कुमार हरोली ब्लॉक की आशा अध्यक्ष सुनीता देवी सहित खंड हरोली के विभिन्न गांवों की आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# पीठासीन व मतदान अधिकारियों की दूसरी रिहर्सल 25 मई को

**बंगाणा।** लोकसभा चुनावों और विधानसभा उपचुनावों को लेकर तैनात किए गए महिला मतदान कर्मियों के लिए दूसरे चरण की रिहर्सल 24 मई को होनी थी, लेकिन अब यह रिहर्सल 25 मई को होगी। यह जानकारी उप निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ निर्वाचन क्षेत्र-45 में तैनात महिला पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए दूसरे चरण की रिहर्सल 25 मई को अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय डिग्री कॉलेज बंगाणा में होगी। इसमें उनको काफी बारीकी से जागरूक किया जाएगा, तथा कुछ जरूरी दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।



# अबाहड़ में छात्रों ने चुनाव में भागीदारी निभाने का लिया संकल्प


आईटीआई बंगाणा के छात्र-छात्राएं सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

स्वीप और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आईटीआई अबाहड़ बंगाणा में हस्ताक्षर अभियान और वोटर विद सेल्फी कार्यक्रम करवाया गया। सभी छात्रों ने आगामी चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कुटलैहढड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न तरह के एक्टिविटी, सोशल मीडिया व प्रचारकों का प्रयोग किया जा रहा है।

एस अवसर पर आईटीआई अबाहड़ के एमडी संजीव कुमार, प्रिंसिपल विनोद कुमार, एनएसएस वॉलिंटियर मनीष, इंस्ट्रक्टर अमन धीमान, अमित शर्मा , राहुल कुमार, मोहित कुमार, अनिल शर्मा, वंदना कुमारी और सुनिता देवी मौजूद रहे।

# कब्जाधारियों से मुक्ति दिलाना जरूरी : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान में बह बरसाला में प्रचार किया, वहीं लोगों के साथ उन्होंने सरकार की नीतियों और जन कल्याण के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि आज जो दूसरों की जगह कब्जा करने वाले चुनाव लड़ रहे हैं, वे बताएं कि पंचायतीराज मे चेयरमैन और वाइस चेयरमैन रहते कौन-कौन सी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री भी इस बात को हिमाचल सदन में उठा चुके हैं कि इनका अवैध कब्जा है। इससे साफ होता है कि अवैध कब्जे वाले को क्षेत्र का मुखिया बनाने पर क्या होता है, आज जनता को बताने की जरूरत नहीं।


डोर-टू-डोर प्रचार अभियान में जुटे कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा।

ऐसे लोग इसी तरह अपनी धौंस जमाने की कोशिश करते हैं और इसका खामियाजा क्षेत्र को भुगतना पड़ता है। जहां बाकी क्षेत्रों में विकास की गाथा लिखी जा रही तो कुटलैहड़ में फिर अपने मुखिया को चुनना होगा। जनता से अपील करते हुए कहा कि अब जनता को इन कब्जाधारियों से मुक्ति दिलाना जरूरी है और आप सभी को इस पुण्य कार्य में मतदान की आहुति करनी होगी। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में अनेक कल्याणकारी कार्य किए, लेकिन फोटो डालना उनकी फितरत में नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके दादा स्व. पंडित धनी राम बचपन में एक ही बात करते थे कि भलाई करो, अच्छे काम करो, लेकिन किसी से चर्चा या अपनी बड़ाई नहीं करना। जो आज प्रश्न उठा रहे हैं, उनको अपने बारे में मंथन करना चाहिए।

**ये रहे उपस्थित :** कांग्रेस प्रत्याशी के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, राजेश धीमान, मुनीश बैंस, पंकज, मोहित, विवेक मिन्का, गोपाल सैनी, नरेश, सुरेश, सुनील, बिट्टू, रिंकू, साहिल, गणेश, राम कुमार, नवीन, अशोक कुमार, सुमन, रेखा, कौशल्या, स्वर्णा, शीला, राम प्यारी इत्यादि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला पार्षद उपाध्यक्ष ने देवेंद्र भुट्टो के पक्ष में डोर-टू-डोर प्रचार किया शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भाजपा का हर कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं से जनता को जागरूक करके एक एक वोट भाजपा के पक्ष में डलवाए, ताकि 2024 का लोकसभा चुनाव इतिहास के पन्नों में दर्ज होकर लगातार तीसरी बार विकास पुरुष नरेंद्र मोदी देश का तीसरी बार नेतृत्व करें।


कृष्ण पॉल और भाजपा समर्थक प्रचार करते हुए।

जिला पार्षद उपाध्यक्ष ऊना कृष्ण पॉल शर्मा ने गृह पंचायत थानाकलां के बूथ से डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के डोर-टू-डोर प्रचार करके केंद्र की दस वर्षों की योजनाओं से जनता को जागरूक करें और हर मतदाता को लोकसभा एवं विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। उन्होंने कहा कि जिन कांग्रेस विधायकों ने राज्य सरकार को आइना दिखाया है, उन्हें भारी बहुमत से जिताए। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो की जीत को इतना बड़ा बना दें कि उनकी जीत की खनक दिल्ली तक पहुंचे।

कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि अगर महिलाओं को सम्मान देने की बात करें तो उसमें भाजपा अग्रिम भूमिका में नजर आती है। अगर हिमाचल में पंचायतीराज चुनाव में 50 फीसदी आरक्षण लगाया तो भाजपा के समय लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लगाया है जो कि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कांग्रेस पार्टी के 55 साल के शासनकाल में आज तक महिलाओं को उचित सम्मान नहीं मिल पाया। राज्य की सुक्खू सरकार अब जनता के लिए दुक्खू सरकार बन गई है और हर मोर्चे पर फेल साबित हो रही है।

## सामान्य पर्यवेक्षक ने जिला अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठकें

# निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें सुनिश्चित : पूनिया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और विधानसभा उपचुनाव को लेकर गगरेट और कुटलैहड़ के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने ऊना में जिला अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अलग अलग बैठकें कीं।

इस दौरान उन्होंने सभी से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित बनाने को कहा। इस अवसर पर निर्वाचन आयोग द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और ऊना जिले के दो विधानसभा उपचुनावों के लिए नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक अभिषेक जोरवाल भी उपस्थित रहे। बता दें, सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जबकि पुलिस पर्यवेक्षक अभिषेक जोरवाल 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।


सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने ऊना में जिला अधिकारियों और राजनीतिक

सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिले में किए प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित बनाने को कहा। उन्होंने ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों में किए इंतजामों, चुनावी कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं उनके रहने-खाने के प्रबंधों, पुलिस और होमगार्ड्स की तैनाती, सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की स्थिति, सुविधा ऐप तथा सी-विजिल ऐप, व्यय निगरानी समेत चुनाव प्रबंधन से जुड़े प्रत्येक पहलू की बिंदुवार जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ ही उनके प्रश्नों-शंकाओं के जवाब देकर शंका समाधान भी किया गया।

**आचार संहिता उल्लंघन की सभी शिकायतों का किया निपटारा :** जतिन लाल ने बताया कि जिले में अब तक आचार संहिता उल्लंघन की 253 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें सी-विजिल ऐप पर 74 शिकायतें मिली हैं। सभी शिकायतों का तय समय में निपटारा सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव संबंधी शिकायतों को लेकर उपायुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यह चौबीसों घंटे संचालित किया जा रहा है तथा लोग टोल फ्री नंबर 1950 और लैंडलाइन नंबर 01975- 291137, 291138, 291139 तथा 291141 पर किसी भी समय कॉल कर सकते हैं। उन्होंने ने बताया कि चुनाव आचार संहिता की अवधि में जिले में अब तक नकदी, अवैध शराब, ड्रग्स और अन्य कीमती आभूषण इत्यादि की 3.27 करोड़ रुपए की जब्तियां की गई हैं।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में उपायुक्त जतिन लाल के साथ पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, एएसपी संजीव भाटिया, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, एसडीएम अंब विवेक महाजन, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार सुमन कपूर, नायब तहसीलदार अजय शर्मा, चुनावों को लेकर तैनात नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया।

# छात्रों को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक


बंगाणा पुलिस स्टेशन में दौरा के दौरान गणमान्यों के साथ विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

पुलिस विभाग की कार्यशैली, यातायात नियम व बाल श्रम सबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबेहड़ा के विद्यार्थियों को बंगाणा थाने का भ्रमण कराया गया।

छात्रों को बाल मित्र योजना के तहत बंगाणा निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने विभागीय कार्यों की जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों को थाने के बंदी गृह, वायरलेस रूम, बाल मित्र कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना आदि के बारे में जानकारी दी।

उपनिरीक्षक कुलविंदर ने भी जानकारी दी। बंगाणा निरीक्षक ने बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी होने पर बेझिझक थाने से सहायता लेने का सुझाव दिया। शिक्षक दीपक के नेतृत्व छात्रों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को जाना।

## ऊना में प्रचंड गर्मी से लोग बेहाल

**ऊना।** जिले में तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। सूर्य देव आग उगलते नजर आ रहे हैं। जिले के जंगल भी भयंकर आग की चपेट में हैं। वीरवार को जिला ऊना मुख्यालय का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री, जबकि न्यूनतम 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बीते रोज से एक डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान में वृद्धि हुई है। दोपहर के समय सड़कों पर सुनसान पड़ी हुई थीं।

**जागरूकता**

## झुग्गियों में अग्नि सुरक्षा एवं कानूनी अनुपालना पर कार्यशाला आयोजित

# सतर्कता और समझदारी से आपदा के नुकसान को कर सकते हैं कम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

खंड विकास कार्यालय हरोली में एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर की अध्यक्षता में झोपड़ियों में अग्नि सुरक्षा एवं कानूनी अनुपालना पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में झुग्गियों के जमीनी मालिक, संबंधित पटवारी एवं संबंधित पंचायत सचिवों सहित लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि आपदा एक अचानक से होने वाली घटना है, जिसे रोका तो नहीं जा सकता है, परंतु पूर्व तैयारी, सतर्कता एवं समझदारी से हम होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।


झुग्गी झोंपड़ियों की अग्निसुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि

कार्यशाला में मौजूद रहे सभी प्रतिभागियों को अग्निसुरक्षा के नियमों एवं आपदा प्रबंधन एक्ट 2005 के अनुसार नियमों की अनुपालना करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय ऊना से प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक सुमन चाहल, तहसीलदार हरोली जैमल सिंह, खंड विकास अधिकारी विरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार ईसपर विजय शर्मा, नायब तहसीलदार दुलैहड़ राज कुमार, अग्निशमन विभाग से सुनील दत्त, उपमंडल कानूनगो सूरज शर्मा, रिया शर्मा सुपरवाइजर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय ऊना तथा आपदा मित्र जगदीप सिंह (पंचायत भदसाली) उपस्थित रहे।

### पंचायतों में लगेंगे अग्निसुरक्षा जागरूकता शिविर

राजीव ठाकुर ने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को जल्द से जल्द संबंधित सभी पंचायतों में अग्नि सुरक्षा पर पंचायत प्रधान, वार्ड पंच एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित युवा स्वयंसेवियों एवं आपदा मित्र स्वयंसेवियों की सहायता से जागरूकता शिविर का आयोजन निर्देश दिए। कार्यशाला में पिछले वर्षों के दौरान हुई झुग्गियों में आगजनी की घटनाओं में हुए नुकसान एवं झुग्गियों में भयानक अग्निकांड के मामला को लेकर अध्ययन पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी एवं पंचायत सचिव इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी भूमि पर झुग्गियां न बनें तथा निजी जमीन पर बनाई गई झुग्गियां आपदा प्रबंधन एक्ट के सुरक्षा नियमों के अनुसार ही बनी हों तथा उनमें लगभग तीन मीटर की दूरी होनी चाहिए। यह पेट्रोल पंप एवं संवेदनशील जगह से दूर होनी चाहिएं।

# प्रदेश में भाजपा सरकार के आने पर नहीं होगी ओपीएस बंद : राजीव

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर ओपीएस को बंद नहीं किया जाएगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही। वशिष्ट ने कहा कि कर्मचारी नेता प्रदीप ठाकुर ओपीएस को लेकर कर्मचारियों को गुमराह कर रहे हैं कि अगर प्रदेश में भाजपा सरकार आई तो ओपीएस को बंद कर दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा कर्मचारी हितैषी रही है। कर्मचारियों को अन्य वित्तीय लाभ भी दिए जाएंगे, जिन्हें कांग्रेस नहीं दे पा रही है। केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते की 50 प्रतिशत की किश्त दे दी है, जबकि प्रदेश सरकार ने 38 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किश्त दी है, उसका अभी तक चार प्रतिशत का एरियर नहीं दिया गया है। इसके अलावा कर्मचारियों के वित्तीय लाभ लीव इन कैशमेंट, नए स्केल का एरियर, कम्यूटेशन, ग्रेच्युटी को वर्ष 2016 से नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार सेवानिवृत कर्मचारियों को चिकित्सा बिलों का भुगतान करने में भी नाकाम रही है तथा इस सरकार ने हिम केयर कार्ड तक बंद कर दिए। इससे लोगों को महंगा इलाज करवाना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार ने 300 यूनिट बिजली फ्री तो नहीं की, लेकिन भाजपा द्वारा दिए जा रहे 125 यूनिट फ्री सुविधा को भी बंद कर दिया। इसके अलावा बिजली व पानी के दाम में बढ़ोतरी कर लोगों पर महंगाई थोपने का काम किया है। राजीव वशिष्ट ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्ज पर चल रही है। प्रदेश पर भारी कर्ज थोप दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल चहेतों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। जनता अब असलियत जान चुकी है। जनता अब इनके बहकावे में नहीं आएगी और लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों में कांग्रेस को जरूर सबक सिखाएगी।

## संपादकीय

# संकट में वन्य जीव

हिमाचल में संरक्षित वन्य जीवों के अंगों की तस्करी का दिन-ब-दिन बढ़ना बेहद चिंता का विषय है। चंबा जिले में एक के बाद एक मामले सामने आने से पुलिस के हाथ-पांव फूल गए हैं। इस काले धंधे में तस्करों के तार दूसरे राज्यों से भी जुड़े हैं। तस्करों का नेटवर्क अब अंतरराज्यीय स्तर पर फैल गया है। हिमाचल में बड़े पैमाने पर वन्य जीवों का अवैध शिकार किया जा रहा है और उनके अंगों को बेचकर तस्कर खूब चांदी कूट रहे हैं। वन विभाग की टीम को गोह, सियार, कस्तूरी मृग और कोबरा की त्वचा, कुछ हड्डियां, नाखुन और मांस के टुकड़े मिले हैं। यह गिरोह काफी समय से सक्रिय था। चंद रुपए की खातिर इंसान इतना लालची और स्वार्थी हो गया है कि उसे किसी जीव की हत्या करने में संकोच नहीं होता। वन्य जीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में कारगर होते हैं।

तस्करों की बढ़ती गतिविधियों से वन्य जीवों के लिए इस धरती पर रहना दूभर हो गया है। वन्य जीव अपनी जान बचाते इधर-उधर फिरने को मजबूर हैं। यही हाल रहा तो भविष्य में वन्य जीवों का अस्तित्व समाप्त होने में देर नहीं लगेगी। प्रदेश में न जाने कितने पशु-पक्षियों की प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति लोगों का जागरूक होना लाजिमी है। लोग जब तक जागरूक नहीं होंगे, तस्करों के हौसले इसी तरह से बुलंद होते जाएंगे। संरक्षित वन्य जीवों की तस्करी न केवल हिमाचल की समस्या है, बल्कि यह पूरे देश की समस्या है। यहां तक कि पूरी दुनिया इस समस्या से जूझ रही है। वन्य जीवों को तस्करी आदि अन्य खतरों से बचाना जरूरी है।

वन्य जीवों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल तीन मार्च को वन्य जीव दिवस मनाया जाता है। वन्य जीव मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुन: प्राप्ति में सहयोग करते हैं। वन्य जीवों को मारने के लिए तस्कर रसायनों का प्रयोग भी कर रहे हैं। वैज्ञानिक लुप्तप्राय या संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए विशेष रूप से चिंतित हैं, क्योंकि उन्हें अब अपने अस्तित्व के लिए अन्य खतरों के साथ-साथ इन हानिकारक रसायनों से भी जूझना पड़ रहा है। पिछले कुछ सालों में तस्करों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क एवं गिरोहों के कारण वन्यजीवों की तस्करी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। लंबे समय से यह जरूरत महसूस की जा रही है कि वन्य जीव और इनके अंगों के तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने का काम तेजी से होना चाहिए। विडंबना यह है कि योजनाएं तो बहुत बन जाती हैं, लेकिन उन्हें धरातल पर नहीं उतारा जाता। हालांकि वन्य जीवों की तस्करी को रोकने के लिए भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने सामूहिक रणनीति बनाई है। इस पहल को सकारात्मक कहा जा सकता है। तस्करी के कारण जिन देशों में वन्य जीव खतरे में नजर आते हैं, वहां समन्वय की कमी भी एक कारण माना जाता है। इसकी वजह से यह गैरकानूनी काम बेरोकटोक होता रहा है।

आमतौर पर तस्करी के जरिए दूसरे देश से ऐसे वन्यजीव लाए जाते हैं, जो स्थानीय जंगल में नहीं मिलते। वन्य जीवों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए साझा तंत्र विकसित करने की जरूरत है। यह तंत्र इन देशों में वन्य जीवों की बरामदगी के प्रकरणों का विश्लेषण करेगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। साथ ही तस्करों के नेटवर्क की पहचान कर इसे इंटरपोल की मदद से तस्करों के वित्तीय प्रवाह के तंत्र को तोड़ने का काम भी करेगा। यह सर्वविदित है कि वन्य जीवों की तस्करी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसके ज्यादातर उन देशों में अपने संपर्क हैं, जिनके सहयोग से संरक्षित श्रेणी के वन्य जीवों की तस्करी एक देश से दूसरे देश में की जाती है। जहां इन वन्य जीवों की मांग होती है, उन देशों से ये तस्कर मोटी कमाई भी करते हैं। प्रकृति ने धरती से लेकर वायुमंडल तक विस्तृत जैव विविधता को इतनी खूबसूरती से विकसित एवं संचालित किया है कि अगर उसमें से एक भी प्रजाति का वजूद खतरे में पड़ जाए तो संपूर्ण जीव जगत का ही संतुलन बिगड़ सकता है। प्राकृतिक संतुलन के लिए सभी वन्य प्राणियों का सरंक्षण बेहद जरूरी है, यही समय की मांग है। ■

# प्रौद्योगिकी के बिना संचार प्रतिभागियों के बीच जानकारी आदान-प्रदान करना संभव नहीं

**विश्व दूरसंचार दिवस पर विशेष**

संचार जीवन के लिए बेहद आवश्यक है। आज के समय में तो संचार जीवन का पर्याय बन गया है। एक समय था, जब किसी तक अपनी बात पहुंचाने के लिए काफी सोचना समझना पड़ता था। यदि कोई बहुत जरूरी संदेश हो तभी वह किसी और तक पहुंचाया जाता था। आम आदमी तो किसी भी तरह का संदेश पहुंचाने की सोच भी नहीं सकता था। कभी राजा के सैनिक, दूत उनके संदेश लेकर दूसरे राज्य जाने में महीनों, सालों लगा देते थे, वहीं आज स्थित बदल गई है। आज सालों तक में पहुंचने वाली बात एक क्षण में पहुंच जाती है।

व्यक्ति चाहे दुनिया के किसी भी कोने में रह रहा हो, वह कहीं न कहीं आज तकनीकी सूचना से जुड़ा हुआ है। सूचना के इसी आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिवर्ष विश्व दूरसंचार दिवस मनाया जाता है। एक संचार जो केबल, टेलीग्राफ या प्रसारण द्वारा किसी दूरी से किया जाता है, उसे दूरसंचार कहते है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि यह सिग्नल, संदेश, शब्द, लेखन, छवियों और ध्वनियों या किसी भी प्रकार की जानकारी का संचरण है। प्रौद्योगिकी के बिना संचार प्रतिभागियों के बीच जानकारी का आदान-प्रदान संभव नहीं है। वर्ष 1973 में एक सम्मेलन के दौरान विश्व दूरसंचार दिवस मनाने की घोषणा हुई, तब से 17 मई को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की स्मृति के रूप में प्रत्येक वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। संचार लैटिन शब्द कम्यूनिकेशन से लिया गया है, जिसे सूचना विनिमय को सामाजिक प्रक्रिया माना जाता है। चूंकि, संचार में विभिन्न प्रौद्योगिकियां शामिल हैं, इसलिए बहुसंख्यक रूप में दूरसंचार का उपयोग किया जाता है। प्रत्येक वर्ष इसे अलग-अलग थीम पर आयोजित किया जाता है। वर्ष 2018 में विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस की थीम थी 'सभी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक उपयोग को सक्षम करना' इस थीम के अनुसार संयुक्त राष्ट्र सतत विकास के लक्ष्यों को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्षमता पर फोकस किया गया।



लेखक : बॉबी गोस्वामी
वरिष्ठ पत्रकार

**विश्व दूरसंचार दिवस का महत्व :** एक दूरी पर संचारित करने के लिए संदेश संकेतों की आवश्यकता होती है और हम इस प्रक्रिया को दूरसंचार के रूप में जानते हैं। इससे पहले, दूर-दराज के लोगों को संदेशों को संवाद करने के लिए चिट्ठी, ड्रम, सेमफोर, झंडे या हेलीओग्राफ का उपयोग किया जाता था। आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ दूरसंचार के लिए टेलीफोन, टेलीविजन, रेडियो या कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग आम हो गया। विश्व दूरसंचार दिवस विश्व दूरसंचार दिवस को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) की स्थापना की सालगिरह को चिह्नित किया जाता है, जिसे 1865 में शुरू किया गया था। पूरे विश्व में 17 मई को विश्व दूरसंचार दिवस मनाया जाता है।

भारत में संचार के रूप में टेलिफोन की शुरुआत 1880 में हुई, जब दो टेलीफोन कंपनियों द ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी लिमिटेड और एंग्लो इंडियन टेलीफोन कंपनी लिमिटेड ने भारत में टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना करने के लिए भारत सरकार से संपर्क किया। इस अनुमति को इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया कि टेलीफोन की स्थापना करना सरकार का एकाधिकार था और सरकार खुद यह काम शुरू करेगी। 1881 में सरकार ने अपने पहले के फैसले के खिलाफ जाकर इंग्लैंड की ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी लिमिटेड को कोलकाता, मुंबई, मद्रास (चेन्नई) और अहमदाबाद में टेलीफोन एक्सचेंज खोलने के लिए लाइसेंस दिया। इससे 1881 में देश में पहली औपचारिक टेलीफोन सेवा की स्थापना हुई। विश्व दूरसंचार दिवस राष्ट्रीय नीतियों को बढ़ाने, तकनीकी मतभेदों को भरने, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, सिस्टम की वैश्विक अंत:क्रियाशीलता को बढ़ावा देने और इंटरनेट, टेलीविजन, फोन इत्यादि के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भौतिक दूरी पर नियंत्रण करने के लिए केंद्रित है। आज संचार के कारण दो लोगों के बीच की दूरी कम हो पाई है। पहले लोग पहले एक-दूसरे से बात किए बिना एवं उन्हें देखे बिना सालों तक दूर रहते थे, किंतु आज सूचना क्रांति के कारण उनकी दूरी एक क्षणभर की रह गई है। इंटरनेट की तेजी, मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप इत्यादि के जरिए जिन लोगों से मुलाकात किए सालों बित जाते थे, आज उनसे रोज बाते की जा सकती है। व्यक्ति के विकास में भी दूरसंचार ने अहम भूमिका निभाई है। आज कोई भी व्यक्ति इंटरनेट के जरिए अपनी शिक्षा ग्रहण कर सकता है। अपनी बात दूसरों तक आसानी से पहुंचा सकता है। आज शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति लाने का श्रेय भी दूरसंचार तकनीक को ही जाता है। आज के समय में फाइव जी के आ जाने से संचार के क्षेत्र मे क्रांति आई है। इस तकनीक ने मोबाइल की दुनिया को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है।

थ्री जी फोन सबसे पहले 2001 में जापान में लांच किया गया था। थ्री जी तकनीक के मोबाइल की सबसे बड़ी खासियत इसकी स्पीड है, लेकिन आज दुनिया भर में थ्रीजी की तेजी के टक्कर देने के लिए फोर जी, फाइव जी मोबाइल, इंटरनेट आ गए हैं। जो एक सेकंड से भी कम समय में आपके संदेश को एक देश से दूसरे देश पहुंचा देते हैं। तकनीकी के आ जाने से आज सूचना पहुंचाना सबसे असान कार्य हो गया है। सूचना केवल पृथ्वी पर ही नहीं बल्कि अब तो अंतरिक्ष और अन्य ग्रहों के जरिए भी सूचना का आदान-प्रदान संभव हो पाया है।

**विश्व दूरसंचार दिवस के कार्यक्रम :** विश्व दूरसंचार दिवस जनता के बीच संचार प्रौद्योगिकी के सकारात्मक के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए जानकारी और संचार को अधिक सुलभ बनाना है। इस दिन हर साल एक अलग विषय के साथ मनाया जाता है। वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन डे 1997 के लिए विषय विश्व दूरसंचार दिवस 2005 के लिए 'दूरसंचार और मानवीय सहायता' था, यह विश्व दूरसंचार दिवस 2006 के लिए 'टाइम फॉर एक्शन' था, यह विश्व दूरसंचार दिवस 2007 के लिए 'वैश्विक साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देना' था। विश्व दूरसंचार दिवस 2008 के लिए 'युवाओं को जोड़ना, आईसीटी के अवसर', यह 'विकलांग लोगों से जुड़ना' था। इस दिन लोग सूचना के क्षेत्र में तरक्की को प्रोत्साहित करते हैं। इंटरनेट से होने वाले फायदे एवं नुकसानों के प्रति भी लोगों को इस दिन जागरूक किया जाता है। संगोष्ठियों, चर्चाओं एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं द्वारा दूरसंचार के महत्व को प्रदर्शित किया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग दूरसंचार दिवस की महत्वता को समझें और तकनीकी रूप से आए परिवर्तन का सम्मान करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# आज का जीवन व मोबाइल फोन

एक ऐसा भी समय था, जब संदेश का आदान-प्रदान करने के लिए संदेशवाहक का प्रयोग किया जाता था, जिसे संवदिया कहा जाता था। उस समय संदेश पहुंचाने में बहुत समय लग जाता था। फिर पत्रों के माध्यम से संदेश का आदान-प्रदान किया जाने लगा। इससे कम समय में संदेश एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने लगा व यह माध्यम संवदिया की अपेक्षा अधिक गोपनीय भी था, लेकिन अब सोशल मीडिया के आ जाने से संदेशों का आदान-प्रदान दिनों व घंटों की अपेक्षा मिनटों व सेकंडों में होने लगा है ।

मोबाइल व इंटरनेट के आ जाने से हमारे जीवन में क्रांति सी आ गई है। एक छोटे से मोबाइल में कैलकुलेटर, टॉर्च, कैलेंडर, मौसम के हाल से लेकर विभिन्न भाषाओं में समाचार तक उपलब्ध हैं 7 मोबाइल से पल - प्रतिपल देश- विदेश में होने वाली घटनाओं की जानकारी हमें मिल जाती है। पैसों के लेन-देन से लेकर ऑनलाइन खरीददारी तक आज मोबाइल के माध्यम से की जाने लगी है। घर बैठे-बैठे हम स्वास्थ्य से लेकर इंश्योरेंस सेवाओं तक का लाभ हम मोबाइल के द्वारा ले पा रहें हैं, जहां इसके लाभ देखने को मिल रहे हैं, वहीं इसके दुष्परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। कई बार देखने में आता है कि यदि किसी स्थान पर दो या दो से अधिक व्यक्ति बैठे हैं तो एक-दूसरे से बात न करके अपने-अपने मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं। कई बार यही स्थिति घर में बैठे परिवार के सदस्यों के बीच भी देखने को मिल हाती है। इससे समाज व परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल कम होता जा रहा है। लोगों को मोबाइल देखने की आदत पड़ चुकी है, चाहे उसमें संदेश आया हो या नहीं। यदि किसी दिन किसी का मोबाइल गलती से कहीं रह जाए या बैटरी चार्ज न होने से बंद हो जाए तो व्यक्ति खाली-खाली सा महसूस करने लगता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि हम किसी मनोवैज्ञानिक बीमारी का शिकार होते जा रहे हैं या दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि नशे की लत की तरह एक लत हमें लगती जा रही है। यदि ऐसा ही रहा तो एक दिन हमें नशा मुक्ति केंद्रों की तरह हमें मोबाइल मुक्ति केंद्र खोलने पड़ेंगे। अत: हमें मोबाइल का प्रयोग सोच-समझकर करना चाहिए। अगर हम स्वयं पर नियंत्रण रख पाएंगे, तभी हम बच्चों को भी मोबाइल से दूर रहने के लिए कह सकते हैं। मोबाइल रूपी जिन्न का सही प्रयोग करके ही हम अपने जीवन को सुंदर, सुखमय व स्वस्थ बना सकते हैं, अन्यथा नैतिक मूल्यों के हास के साथ हमारा जीवन दुर्भर बन जाएगा।



लेखक : राजेंद्र कुमार
हिंदी प्रवक्ता, जोगिंद्रनगर

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## याद रखेगा हिंदुस्तान



डॉ. जय महलवाल
बिलासपुर, हिप्र

*इस बार करेंगे ऐसा मतदान,*
*याद रखेगा हिंदुस्तान,*
*बनायेंगे एक मजबूत लोकतंत्र,*
*करेंगे उसको स्थिरता प्रदान।*
*दल बदलुओं को सबक सिखाएंगे,*
*कार्यकर्ताओं का बढ़ाएंगे मान सम्मान,*
*मतदान के लिए जागरूक सबको बनायेंगे,*
*याद रखेगा हिंदुस्तान।*
*आम लोगों की भावना से करके जो खिलवाड़,*
*चमकाते अपना नाम,*
*ऐसे नेताओं की रेल बनायेंगे,*
*याद रखेगा हिंदुस्तान।*
*युवा पीढ़ी अगर कर ले ये संकल्प,*
*सशक्त लोकतंत्र की नींव बनायेंगे,*
*अच्छे उम्मीदवारों को ही चुनकर चमकाएंगे देश*
*का नाम, करेंगे ऐसा मतदान याद रखेगा हिंदुस्तान।*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### गजल गायकी के बेताज बादशाह

'चांदी जैसा रंग है तेरा', 'रिश्ता तेरा मेरा', 'न कजरे की धार', 'मत कर इतना गुरूर', 'आदमी खिलौना है' से लेकर 'जिएं तो जिएं कैसे' जैसे ढेरों सुपरहिट गानों को अपनी आवाज देने वाले पंकज उधास का जन्म गुजरात राज्य के राजकोट शहर में हुआ था, बाद में जिन्हें एक प्रसिद्ध गजल गायक के रूप में प्रसिद्धी मिली। भारतीय संगीत जगत में उनको तलत अजीज और जगजीत सिंह जैसे अन्य संगीतकारों के साथ इस शैली को लोकप्रिय संगीत के दायरे में लाने का श्रेय दिया जाता है। उधास को फिल्म 'नाम' में गायकी से प्रसिद्धि मिली, जिसमें उनका एक गीत 'चिठ्ठी आई है' काफी लोकप्रिय हुआ था। इसके बाद से उन्होंने कई फिल्मों के लिए एक पार्श्व गायक के रूप में अपनी आवाज दी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कई एल्बम भी रिकॉर्ड की हैं और एक कुशल गजल गायक के रूप में पूरी दुनिया में अपनी कला का प्रदर्शन किया। उनके भाई निर्मल उधास और मनहर उधास भी प्रसिद्ध गायक हैं। गजल को पूरे विश्व में लोकप्रिय बनाने के लिए उन्हें न्यूयॉर्क के बॉलीवुड म्यूजिक अवार्ड में स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। लंदन के वेम्बली कांफ्रेंस सेंटर में इस प्रतिष्ठित स्थान पर प्रदर्शन के 20 साल पूरे करने के लिए विशेष सम्मान दिया गया। 2006 में पंकज उधास को गजल गायकी के करियर में सिल्वर जुबली पूरा करने के उपलक्ष्य में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



**पंकज उधास**
**जन्म :** 17 मई, 1951
**मृत्यु :** 26 फरवरी, 2024

# आज भारत को एक व्यापक जनसंख्या नीति की जरूरत

18वीं लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच एक ऐसी रिपोर्ट आई है, जिसे देश पहले से ही जानता था, पर आधिकारिक तौर पर मुहर अब लगी है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के द्वारा जारी 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी-एक क्रॉस कंट्री विश्लेषण (1950-2015)' शीर्षक से एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में बहुसंख्यक (हिंदुओं) की जनसंख्या हिस्सेदारी में गिरावट आई है। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत में 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 1950 में 84.68 प्रतिशत से घटकर 2015 में 78.06 प्रतिशत हो गई है, अर्थात इसमें 7.82 प्रतिशत की कमी हुई है, जबकि इसी अवधि (65 वर्ष) में मुसलमानों की हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई है, अर्थात 43.15 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि। इसी अवधि में ईसाइयों में 5.38 प्रतिशत की वृद्धि, सिखों में 6.58 प्रतिशत की वृद्धि और बौद्धों में मामूली वृद्धि देखी गई, जबकि जैन और पारसियों की संख्या में कमी देखी गई।

आजादी के समय देश का धर्म के आधार पर मुसलमानों और सेक्युलरों के बीच विभाजन हुआ। जहां पकिस्तान केवल मुसलमानों के लिए बना, वहीं हिंदुस्तान सभी धर्मों और संप्रदायों को साथ लेकर चलने वाला देश बन गया। जहां पकिस्तान से चुन चुनकर हिंदुओं को भेजा गया या मार दिया गया, वहीं हिंदुस्तान में बड़ी संख्या में मुसलमान रह गए, जिनको समानता के साथ देश का नागरिक बने रहने का अधिकार मिला। कालखंड में इनकी संख्या बढ़ती गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत सेक्युलर है और यहां के बहुसंख्यक हिंदू सेक्युलर हैं। यही वजह है कि यहां और धर्मों और संप्रदायों को मानने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। शोर के विपरीत, इस रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चलता है कि अल्पसंख्यक न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि वास्तव में भारत में फल-फूल रहे हैं, पर इस रिपोर्ट का एक दूसरा भी पहलू है। वह यह कि जैसे-जैसे हिंदुओं की संख्या घटेगी, देश में सेक्युलरिज्म की अवधारणा पर चोट पहुंचेगी। हाल की दिनों में यह स्पष्टता से देखने में आया है। जहां-जहां हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं वहां इनटॉलेरेंस बढ़ने की, शरिया लागू करने की मांग उभर कर आ रही है। देश के अनेक राज्यों और जिलों में जहां-जहां हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं, वहां हिंदुओं के धार्मिक जुलूसों पर पथराव, हिंदू मान्यताओं का विरोध आदि शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल और केरल इसके मुख्य उदाहरण हैं।



लेखक : श्याम जाजू
भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं (ये राज्य और केंद्रशासित प्रदेश हैं - लद्दाख, जम्मू व कश्मीर, लक्षद्वीप, मिजोरम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, और अरुणाचल प्रदेश)।

कुछ लोग पंजाब का भी नाम लेते हैं, पर वहां के बहुसंख्यक सिख हिंदुओं का ही बृहत्तर हिस्सा हैं। इसके अलावा देश ऐसे कई राज्य हैं, जहां हिंदुओं की जनसंख्या तेजी से घट रही है और मुस्लिम जनसंख्या बढ़ रही है, जैसे कि पश्चिम बंगाल, केरल और उत्तराखंड जहां पर 2001 से 2011 के दशक में ही यह वृद्धि दो प्रतिशत की थी। 2011 के बाद निस्संदेह यह संख्या बढ़ ही रही है।

इकोनॉमिक और पॉलिटिकल वीकली में छपी एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार केवल प्रदेशों में ही नहीं, देश के अनेक जिलों में जनसंख्या का असंतुलन चिंताजनक तरीके से बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार देश के 458 जिलों में 2001 से 2011 के बीच मुस्लिम आबादी की वृद्धि 24.4 प्रतिशत की थी। कई जिले तो ऐसे हैं, जो पूरी तरह से मुस्लिम बहुल हो गए हैं। उदाहरण के तौर पर बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी है। दरअसल मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या दर वोट बैंक की राजनीति का परिणाम है। कांग्रेस के अलावा तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी सरीखे कई क्षेत्रीय दलों ने मुसलमानों को एक वोट बैंक के तरीके से इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने तो आजादी के समय से ही सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए मुस्लिम कार्ड खेला है। याद कीजिए ये कांग्रेस ही थी, जो सत्ता के लिए धर्म के आधार पर देश का विभाजन करने को तैयार हो गई थी और ये वही कांग्रेस थी जो एक ओर तो हिंदुओं से 'हम दो, हमारे दो' का आह्वान करती रही है, वहीं दूसरी ओर आज मुसलमानों के लिए 'जितनी आबादी, उतना हक' जैसे नारे देती है। पश्चिम बंगाल में तो सत्तारूढ़ तृणमूल पर वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर मुस्लिम जनसंख्या बढ़ाने का आरोप है। बंगाल सरकार की शह पर घुसपैठियों ने कथित तौर पर वोटर कार्ड से लेकर राशन, आधार कार्ड व पासपोर्ट जैसे दस्तावेज तक बना लिए हैं, जिससे मुस्लिम संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो चुनाव में अहम रोल निभाते हैं। आज बंगाल में मुस्लिम वोट बड़ा फैक्टर बन गया है। ये लोकसभा की 42 में से 13 सीटों और विधानसभा की 294 सीटों में से करीब सौ सीटों पर हार-जीत करते हैं। आज भारत को एक व्यापक जनसंख्या नीति की जरूरत है।

धर्म आधारित जनसंख्या असंतुलन को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। जनसंख्या का यह 'असंतुलन' ही अंत में भौगोलिक सीमा में बदलाव का कारक होता है। यह हम 1947 में देख चुके हैं जब देश का विभाजन जनसंख्या के 'असंतुलन' के कारण ही हुआ था। समय आ गया है कि केंद्र में आने वाली एनडीए की सरकार कुछ सख्त फैसले ले और देश में जनसंख्या नियंत्रण, समान अचार संहिता जैसे कानून लाए। इससे आबादी बढ़ा कर राजनीतिक सत्ता हासिल करने की प्रवत्ति पर रोक लगेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

दुनियाभर में आज सबसे बड़ा संकट ग्लोबल वार्मिंग का है। इससे सारी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग ने कई तरह की दुश्वारियां पैदा की हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने (ग्लोबल वार्मिंग) और उसकी वजह से होने वाला जलवायु परिवर्तन आज प्रकृति की तबाही की सबसे महत्वपूर्ण कारक है। पृथ्वी के औसत तापमान में बढ़ोतरी या ग्लोबल वार्मिंग मुख्यत: कार्बन उत्सर्जन की तेजी से बढ़ती दर और कम होते जंगलों का परिणाम है। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में इस साल चली भयंकर लू का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग ही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग नहीं रुकी तो शताब्दी के आखिर तक पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 2 डिग्री बढ़ जाएगा और इससे लू की तीव्रता और नियमितता 30 गुना बढ़ जाएगी। दैनिक अनुभव से भी हम यह जानते हैं कि सिर्फ तपती गर्मी या लू से उतनी तकलीफ नहीं होती, जितनी तकलीफ गर्मी और उमस के एक साथ होने से होती है। ग्लोबल वार्मिंग से हवा का तापमान बढ़ता है और गर्म हवा ठंडी हवा के मुकाबले ज्यादा वायुमंडल की नमी वहन करती है। माना जाता है कि ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित बारिश, जंगलों की कटाई और भूमिगत जलस्तर में तेज गिरावट को देखते हुए यह तय है कि सूखा और जल संकट आने वाले दिनों में और बढ़ेगा। वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट 2022 के अनुसार 2050 तक भारत में सात करोड़ लोग जलवायु परिवर्तन के कारण भुखमरी का शिकार हो सकते हैं, जिससे हमें सावधान रहने की जरूरत है। **-विक्रमा देवी, मस्सल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# जागरूक समाज भी भ्रामक विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहा

देशभर में झूठे, भ्रामक, फरेब, जालसाज जैसे विज्ञापनों का मामला गर्माया हुआ है। चाहे टीवी हो, अखबार हो या सोशल मीडिया हर जगहे झूठे विज्ञापन भरे पड़े हैं। झूठे विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए तमाम सख्त नियम मौजूद हैं। कानून भी हल्के नहीं, कठोर हैं, लेकिन सभी हाथी के सफेद दांत जैसे निष्क्रिय ही हैं? निष्क्रिय क्यों हैं या किए हुए हैं, इस गणित को भी आसानी से समझ सकते हैं।

दरअसल, 'झूठा विज्ञापन तंत्र' कइयों की जेबें भर रहा है। एक पूरी चेन है इस खेल में? विज्ञापन कंपनियों से लेकर नामचीन हस्तियों, आर्टिस्ट व सरकारों का सीधा वास्ता है, सभी मिलकर मोटा माल काट रहे हैं। ताज्जुब होता है कि ऐसी फिल्मी हस्तियां जो शराब नहीं पीतीं, लेकिन दारू का विज्ञापन करती हैं। ऐसे क्रिकेटर जो गुटखा-खैनी को हाथ तक नहीं लगाते, पर पैसों की चाह में उसका विज्ञापन करते हैं। ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और हस्तियों पर जुर्माने का दिखावा-डर कैसे दिखाया जाता है, जिसका एक ताजा उदाहरण सामने है। आज से 5 वर्ष पहले, जब उपभोक्ता संरक्षण कानून-1986 को रिफार्म करके केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में नए कानून उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 के रूप में इस नियत से पारित किया था कि अब झूठे विज्ञापनों पर पूर्ण विराम लगेगा, लेकिन दुर्भाग्य वैसा हो न सका। तब, नियम तो ऐसे बनाए गए थे कि किसी ब्रांड का अगर कोई नामचीन व्यक्ति झूठा एड करेगा, उस पर 10 लाख रुपए का जुर्माना या पांच वर्ष तक की जेल भी हो सकती है। वह बदला हुआ कानून भी कराह रहा है।



लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मौजूदा समय में टीवी के पर्दे झूठे विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। सवाल उठता है, क्या उन्हें सरकार की निगरानी समिति नहीं देखती? जरूर देखती है, लेकिन देखकर अपनी आंखें मूंद लेती है। बीते कुछ महीनों में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की विज्ञापन निगरानी समिति ने खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों के जरिए भ्रामक दावों वाले करीब तीन दर्जन केसों की पहचान की और ये सिलसिला रुका नहीं, बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहा है। समिति केंद्र सरकार को अप्रोच करती है कि रोकथाम लगाएं, लेकिन उनकी भी कोई नहीं सुनता? झूठे विज्ञापन के लिहाज से हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अब तक का सबसे बड़ा मामला एक्सप्रोज किया। भ्रामक विज्ञापन प्रसारित करने पर बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' को तगड़ी फटकार लगाई, उनकी मार्केटिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाया।

सरकार को इस समस्या को रोकने के लिए कमर कसनी होगी, वरना चीजें और बिगड़ेंगी। बाएं हाथ का खेल है हुकूमतों का? हर्जाना और सजा दोनों बिना देर किए एक्टिव की जाएं। हालांकि, कंपनियां और हुकूमतें भी अच्छे से जानती हैं कि ये धंधा गंदा है, जनता परेशान है, पर क्या करें, अंधी कमाई के सामने वे भी नतमस्तक हैं। पतंजलि केस को सुप्रीम कोर्ट में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने दायर किया था। उनका आरोप है कि पतंजलि ने एलोपैथिक चिकित्सा को बदनाम किया है। कोविड-19 के दौरान टीकों के बारे में गलत जानकारी देश में फैलाई। हालांकि, इस मामले में चारों तरफ से जब बाबा फंसे तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से मांफी भी मांगी, पर कायदे से देखें तो उनकी माफी इस बात पर मुहर लगाती है कि उनकी मंशा झूठे दावों की आड़ में क्या करने की रही होगी?

पंतजलि का मामला इसलिए उजागर हुआ, क्योंकि उसे 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने कोर्ट में खदेड़ा। वरना, शिकायतें और भी बहुतेरे पीड़ित करते हैं, जिनकी सुनवाई कोई करना मुनासिब नहीं समझता? एक बात पल्ले नहीं पड़ती कि पढ़ा लिखा और जागरूक समाज भी भ्रामक विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहा है। ये सोची समझी साजिश ही है। बहरहाल, झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर जैसे ही हमले होने शुरू हुए, उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया है। सोशल मीडिया की घेराबंदी कर ली। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भद्दे, अश्लील और अशोभनीय विज्ञापनों की मौजूदा समय में भरमार है। लिंग वृद्धि, स्टेमिना बढ़ाना, मर्दाना जोश बढ़ाना, लंबा-ऊंचाई में वृद्धि करने जैसे तमाम असभ्य विज्ञापन इस वक्त दिखाई पड़ते हैं। इन पर प्रतिबंध लगाना केंद्र सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन इससे जो रेवेन्यू प्राप्त होता है, उस आमदनी को देखते हुए सरकार भी अपने हाथ पीछे खींच रही है। इन सभी परेशानियों से मुकाबला केवल दर्शक कर रहे हैं। वित्तीय नुकसान भी उनका होता है और प्यार से ठगे भी जा रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### तन्मय ने पास की स्कॉलरशिप परीक्षा



**मंडी ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंथल के छात्र तन्मय ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस छात्रवृति के अंतर्गत विद्यार्थी को कक्षा नौवीं से कक्षा बारहवीं तक प्रतिमाह 1000 रुपए की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। स्कूल प्रधानाचार्य मुक्ता टंडन ने खुशी जताई है।

### डॉ. चिरंजीत परमार की स्मृति में छात्रवृत्ति शुरू

**मंडी ।** मंडी के फल वैज्ञानिक स्व. डॉ. चिरंजीत परमार की स्मृति में वीरवार को



उनके जन्मदिवस के अवसर पर परिजनों ने गवर्नमेंट विजय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक छात्रवृत्ति की शुरुआत की है। इस दौरान पुष्पा परमार और उनकी पुत्री दीप्ति परमार चड्ढा मौजूद थे। उनकी यादों को जीवंत रखने के लिए छात्रवृत्ति की शुरुआत की गई है। यह छात्रवृत्ति दसवीं तथा बारहवीं कक्षा के टॉपर स्टूडेंट्स को हर वर्ष 16 मई को दी जाएगी। इस मौके पर प्रिंसिपल जयश्री कपूर भी मौजूद रही।

कमांद स्कूल में दिलाई शत प्रतिशत मतदान की शपथ

### बच्चों ने दिया मतदान जागरूकता का संदेश



**पधर ।** नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कमांद और ग्राम पंचायत कटोला में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कटोला में जागृति महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह और स्थानीय जनता ने भाग लिया। इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कमांद के बच्चों के लिए नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई।

### डेंगू दिवस पर दी उपचार की जानकारी

**मंडी ।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस का जिला स्तरीय आयोजन शीतला माता भवन डैहर जिला मंडी में डॉ. नरेन्द्र कुमार भारद्वाज मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें स्कूल छात्र, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्टाफ नर्स, सीएचओ, आशा कार्यकर्ताओं, विभिन्न स्कूलों से आए प्रिंसिपल व चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। स्कूली छात्रों ने डेंगू बुखार के संदर्भ मे अपने विचार रखे जिसमें महक, सूरज, वैष्णवी, शगुन, प्रिया, सुप्रिया, इशिता व कृतिका ने भाग लिया व इसके लक्षण बचाव व उपचार की जानकारी दी।

### चुनाहन से नाबालिग लापता, केस दर्ज

**मंडी ।** पुलिस थाना बल्ह के चुनाहन क्षेत्र से एक 14 वर्षीय नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बल्ह के तहत चुनाहन क्षेत्र से 14 वर्षीय नाबालिग लड़की रात को बिना बताए कहीं चली गई है। इस पर पुलिस ने लापता नाबालिग लड़की की माता की शिकायत के आधार पर अपहरण का एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। डीएसपी देवराज ने बताया कि पुलिस थाना बल्ह ने मामले में केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### दुकानदारों को बताया मतदान का महत्व




**सरकाघाट ।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सरकाघाट की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम ने वीरवार को खान पंचायत और भदरवाड़ तथा चलोग पंचायतों के बाजार तथा मतदान केंद्रों में युवा और महिलाओं सहित अन्य सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। स्वीप नोडल अधिकारी कर्म सिंह पराशर ने सभी लोगों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### किसी भी उम्मीदवार ने नहीं लिया नामांकन वापस

**मंडी ।** नामांकन पत्र वापस लेने के पहले दिन 2-मंडी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनावों के लिए किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया है। यह जानकारी रिटर्निंग आफिसर, मंडी संसदीय क्षेत्र, अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र से 10 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए थे। मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत, इंडियन नेशनल कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह, बहुजन समाज पार्टी के प्रकाश चंद भारद्वाज, राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के नरेंद्र कुमार, भारतीय परिवार पार्टी के विनय कुमार, हिमाचल जनता पार्टी के महेश सैणी और निर्दलीय उम्मीदवार आशुतोष महंत दिनेश कुमार भाटी, राखी गुप्ता तथा सुभाष स्नेही सहित कुल 10 उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि 17 मई सायं 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते हैं।

### वोटर जागरूकता के लिए स्वच्छता अभियान

**मंडी ।** मतदाता जागरूकता के लिए मंडी सदर की सभी 54 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता



अभियान चलाया गया। खंड विकास अधिकारी सदर मंडी श्याम सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में वोटर जागरूकता से शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए सदर विकास खंड की 54 ग्राम पंचायतों के गांव गांव में स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पंचायतों के महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और बार्ड सदस्यों ने मिलकर सार्वजनिक स्थलों, पेयजल स्त्रोतों और रास्तों की साफ-सफाई की गई। श्रमदान में पंचायत सचिव भी शामिल रहे।

## वन माफिया पर पुलिस और वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 73 स्लीपर सहित आरा मशीन सीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला की सराज घाटी के थाची में पुलिस थाना औट और नाचन वन मंडल की संयुक्त टीम ने अवैध लकड़ी के व्यापार को लेकर एक शिकायत के आधार पर दबिश देकर मौके से देवदार के 73 स्लीपरों सहित एक आरा मशीन और प्लेनर को सीज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाची के साथ लगते तांदी गांव निवासी ओम प्रकाश पुत्र झाबे राम ने पुलिस और वन विभाग को शिकायत दी थी कि तांदी गांव निवासी चेतन प्रकाश पुत्र नोख सिंह द्वारा अवैध लकड़ी की तस्करी की जा रही है।

इसी आधार पर पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीमों ने मौके पर जाकर छापेमारी की तो वहां पाए गए स्लीपरों सहित आरा मशीन और प्लेनर को जब्त कर लिया है।




सीज मशीन और कार्रवाई करती पुलिस।



एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस थाना औट ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 और वन अधिनियम की धारा 31 और 32 के तहत एफआईआर दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है।

### शिकायतकर्ता को मिल रहीं धमकियां

**शिकायतकर्ता** ओम प्रकाश ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई उपरांत उसे दूसरे पक्ष द्वारा जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। ओम प्रकाश ने डाक के माध्यम से एक शिकायत पत्र एसपी मंडी को भेजकर सुरक्षा की गुहार भी लगाई है।

> प्रदेश में अवैध लकड़ी के कारोबार से हमारी वन संपदा को काफी अधिक नुकसान पहुंच रहा है, इससे जहां पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, वहीं पहाड़ों से भूस्खलन के मामले भी सामने आ रहे हैं। इस समस्या को लेकर पुलिस और वन विभाग द्वारा कार्रवाई अमल में लाया जाना एक सराहनीय कदम है।
>
> **-नरेंद्र सैनी, अध्यक्ष, पर्यावरण रक्षक मंच मंडी।**

## तुंगल के सेहली में मनाया बगलामुखी प्रकटोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

तुंगल क्षेत्र के सेहली गांव स्थित माता बगलामुखी मंदिर में बगलामुखी प्रकटोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बगलामुखी प्रकटोत्सव समारोह की पूर्व संध्या पर मंदिर में जागरण का आयोजन किया गया। इसमें हुक्म चंद साईगल के नेतृत्व में रात भर माता के भजनों और भेटों पर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया।

माता के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि रात 12 बजे माता की विशेष आरती के बाद देव खेल का आयोजन किया गया। इसमें माता के पुजारी के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को सुख शांति का आशीर्वाद दिया। वीरवार को मंदिर में हवन-पाठ किया गया और पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि बगलामुखी माता का दस महाविद्याओं में आठवां स्थान है। माता तत्काल प्रभाव देने वाली देवी मानी जाती है। केवल सच्चाई पर माता शत्रुओं का नाश करने में भी अग्रणी है।



माता बगलामुखी सेहली।

### कार्य में बाधा डालने पर केस दर्ज

**सुंदरनगर ।** सिविल अस्पताल डैहर में तैनात महिला मेडिकल ऑफिसर के सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर ने महिला चिकित्सक की शिकायत पर केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार सिविल अस्पताल डैहर में तैनात महिला मेडिकल ऑफिसर डॉ. मृणालनी शर्मा सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का उपचार कर रही थी। इसी दौरान घायलों में मौजूद रक्षा देवी का इलाज करते समय उसका पति रवि कुमार पुत्र बलदेव निवासी भवाना डाकघर जडोल तहसील सुंदरनगर आपातकालीन सेवा कक्ष के अंदर आ गया।

इस पर जब डॉ. मृणालनी ने उसे कक्ष के बाहर बैठने के लिए कहा तो आरोपी उसके साथ बहसबाजी की तथा घायलों का उपचार करते समय उसकी ड्यूटी में बाधा पहुंचाई है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## तीन मामलों में 23 बोतल अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला पुलिस ने जिला के उपमंडलों में गश्त के दौरान 23 बोतल अवैध शराब बरामद की है, जिसमें थाना जोगिंद्रनगर के अंतर्गत पुलिस चौकी लडभड़ोल ने गांव नागण में मुकेश कुमार पुत्र सुभाष चंद गावं बड़ा की दुकान से 8 बोतलें अवैध शराब ऊना नं-1 की बरामद हुई है।




वहीं थाना हटली के रोपा ठाठर के नजदीक पैदल जा रहे राजकुमार पुत्र बंसी राम गांव रोपा ठाठर डाकखाना भांबला तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी के कब्जे से 7 बोतल देसी शराब उन्ना नंबर वन बरामद की। तीसरे मामले में थाना सुंदरनगर के अंतर्गत परीक्षक सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी गांव व डाकघर कालोहड़ में चिकन कॉर्नर की दुकान से 7500 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और आगामी कार्रवाई जारी है।

### स्कूटी से पहुंचाई जा रही शराब की खेप

**शहर** में आरोपी द्वारा स्कूटी में आठ बोतलें शराब की अवैध तरीके से पियक्कड़ों तक पहुंचाई जा रही थी, लेकिन सदर थाना पुलिस टीम ने आरोपी कुलदीप सिंह पुत्र तेज सिंह निवासी गांव व डाकघर बिजनी की स्कूटी नंबर एचपी 33एफ -2027 से 2 बोतल देशी शराब संतरा, 2 बोतल अंग्रेजी शराब, रॉयल स्टैग व 4 बोतल मैकडावल की बरामद की है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एएसपी सागर चंद ने कहा कि शराब माफिया के खिलाफ विशेष अभियान जारी है।

### छापेमारी के दौरान शराब की 18 बोतलें जब्त

**जोगिंद्रनगर ।** जोगिंद्रनगर आबकारी एवं कराधान विभाग की सहायक आयुक्त संगीता गुरंग, चालक रवि, सहायक भूरी सिंह की टीम ने जोगिंद्रनगर के ढेलू हार में मारे गए छापे में 18 बोतल शराब ऊना नंबर वन की बरामद की है।

सहायक आयुक्त संगीता गुरंग ने बताया कि इस मामले में टेकचंद के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश एक्साइज एक्ट 2011 की धारा 39 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता के तहत विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### लापता युवक पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**जोगिंद्रनगर ।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के द्रुब्बल के नेक राम उर्फ राजू पिता का घमंडाराम गांव कुन्कर डाकघर तहसील जोगिंद्रनगर का रहने वाला है, उनके परिवारजनों ने बताया कि उनका बेटा उम्र 42 साल पिछले 14 दिनों से गायब हो गया था। पुलिस चौकी बस्सी में भी शिकायत दर्ज करवाई थी।

चौकी प्रभारी देशराज ने बताया कि वीरवार को इस लापता युवक का टांडा मेडिकल कॉलेज के पास पता चला इसके उपरांत उसे पुलिस चौकी लाया गया, जहां चौकी प्रभारी ने उसके परिजनों को इसके बारे में सूचना दी और परिजनों इसे अपने घर कुशल वापस ले गए।

### विद्यार्थियों को दी मतदान की जानकारी

**सुंदरनगर ।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मलोह के विद्यार्थियों को मतदान संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई तथा मतदाता शपथ पत्र भी प्रदान किए गए जिन्हें वे परिजनों से हस्ताक्षर करवा कर लाएंगे। इसके साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पौड़ा कोठी में भी नारा लेखन व रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया और लोगों से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान का आग्रह किया।




जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे।

### दो आरोपियों से अफीम के पौधे बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पुलिस थाना औट की टीम ने गांव भिजर में दो मामलों में कुल 9000 अफीम के पौधे बरामद किए हैं। मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने गश्त के दौरान भिजर में मीणा राम की भूमि से 4500 और तुले राम की भूमि से 4500 कुल 9000 अफीम के पौधों की खेती बरामद की है।

एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस थाना औट ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## विक्रमादित्य कर रहे कंगना और जयराम पर गलत बयानबाजी : निहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा के जिलाध्यक्ष निहाल चंद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कंगना व जयराम ठाकुर पर अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज परिवार के सदस्य विक्रमादित्य सिंह उसी दिन से खुद जनता में हंसी का पात्र बन गए हैं जब उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा की जीत के तुरंत बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री पद से यह कहकर प्रेस कांफ्रेंस में रोते हुए इस्तीफा दिया था कि उनके पिता स्व. वीरभद्र सिंह की मूर्ति लगाने के लिए इस सरकार ने दो गज जमीन तक रिज में मुहैया नहीं करवाई। आज जनता ही पूछ रही है कि ऐसी क्या मजबूरी है कि इतना अपमान सहने के बाद भी राज परिवार घुटने टेक गया। उन्होंने कहा कि जयराम के खिलाफ अनाप शनाप टिप्पणी करने से बाज आएं।



### जिले में 6625 कर्मी देंगे चुनाव ड्यूटी

**मंडी ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि पोलिंग पार्टियों का गठन कर दिया गया है। जिला में 6625 मतदान कर्मी चुनाव ड्यूटी देंगे।

पर्यवेक्षक की मौजूदगी में मंडी संसदीय क्षेत्र के कुल्लू, किन्नौर, लाहौल और स्पीति जिलों की तथा भरमौर विधानसभा में चुनाव ड्यूटी देने वालों की रैंडमाइजेशन भी की गई। 24 मई को रिहर्सल में पोलिंग पार्टी को जानकारी दी जाएगी कि उन्हें किस विधानसभा में ड्यूटी के लिए जाना है। करसोग के लिए 119 पोलिंग पार्टियां तथा 30 अतिरिक्त पार्टियों का गठन किया गया है।

## अदालत में चेक बाउंस का मामला खारिज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला अदालत मंडी के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर एक आक्षी शर्मा ने चेक बाउंस के एक मामले में शिकायतकर्ता की अपील को खारिज कर दिया। लक्की फिलिंग स्टेशन के मालिक बिहारी लाल वर्मा ढांगू नेरचौक बल्ह मंडी ने यह मामला अदालत में दायर किया था। शिकायत के अनुसार अनिल कुमार गोयल पुत्र श्याम लाल गोयल गांव डैहर तहसील डैहर जिला मंडी पर आरोप था कि उसे उन्होंने खुदाई करने वाली मशीनरी किराए पर दी थी। इसके किराए की एवज में उसने



पार्ट पेमेंट के तौर पर एक लाख का चेक संख्या 408125 दिनांक 10-06-2019 जो पंजाब नेशनल बैंक बरमाणा का था दिया।

चेक बाउंस हो जाने पर शिकायतकर्ता ने आरोपी को कानूनी नोटिस जारी किया मगर तय अवधि के दौरान आरोपी ने न तो कोई अदायगी की और न चेक को क्लीयर करवाने के लिए ही कोई प्रबंध किया। इस पर मामला अदालत में लाया गया। आरोपी अनिल की ओर से एडवोकेट राजेश जोशी ने पक्ष रखते हुए लक्की फिलिंग स्टेशन के साझा मालिकाना व लाइसेंसिंग बिंदुओं पर सवाल खड़े करते हुए शिकायत को गलत साबित कर दिया। अदालत ने राजेश जोशी की दलील को सही करार देते हुए इस मामले में शिकायतकर्ता द्वारा नेगोशिएबल एक्ट की धारा 138 के तहत इसे सही नहीं माना और इसे खारिज कर दिया। आरोपी को किसी भी तरह की सजा का हकदार न होने की टिप्पणी के साथ अपील को डिस्चार्ज करने के आदेश सुनाए।

## धान्या हेड गर्ल और अनिकेत बने हेड ब्वॉय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के झलवान स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में नए सदनों को जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यार्थियों को चार सदनों में विभाजित किया गया। लिबर्टी सदन के नेतृत्व की जिम्मेदारी के लिए 12वीं की छात्रा धान्या को हेड गर्ल चुना गया और अनिकेत को हेड बॉय चुना गया। मोनिका को हार्मनी सदन की हेड गर्ल व योगेंद्र को हेड ब्वॉय चुना गया। ग्लोरी सदन से सेजल को हेड गर्ल और अभिनव को हेड ब्वॉय चुना गया।

गैलंट्री सदस्य छात्रा कशिश को हेड गर्ल व रंशुल को हेड ब्वॉय बनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने बताया कि स्कूल के कप्तान की जिम्मेदारी 12वीं कक्षा के छात्र अंकित शर्मा को दी गई। स्पोर्टस कैप्टन की कमान 11वीं कक्षा के छात्र योगेश को सौंपी गई।

स्कूल के प्रबंधक निर्देशक विशाल अवस्थी ने बताया कि स्कूल में शैक्षणिक व खेलकूद गतिविधियों को व्यवस्थित संचालन के लिए स्कूल के विद्यार्थियों को यह जिम्मेदारी सौंप गई है। उन्होंने नवनियुक्त हेड बॉय सदन के कप्तानों को जिम्मेदारी को ईमानदारी से निर्वहन की शपथ भी दिलवाई।




हेड ब्वॉय अनिकेत व हेड गर्ल धान्या शपथ लेते हुए।


### हटगढ़ स्कूल में दिलाई मतदान की शपथ

**गोहर ।** एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में 'मा भी पाणा वोट' थीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई।

एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। एसडीएम गोहर ने बच्चों को अपने अभियान का ब्रांड अम्बेसडर बताया।

हटगढ़ स्कूल में पेंटिंग में गीतांजलि और भूपेश, नारा लेखन में शिवांगी सहित आदि बच्चों ने पोजिशन हासिल की।

## मतदान जागरूकता के लिए करवाई मैराथन



मैराथन में भाग लेते युवा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडी एवं खेलों भारत आयाम के द्वारा वीरवार को भंगरोटू में रन फॉर वोट मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप शेखावत (अखिल भारतीय खेलों भारत प्रमुख), विशिष्ट अतिथि निखिल अहलूवालिया (पूर्व कार्यकर्ता), विशेष उपस्थिति संजना शर्मा रहे।

प्रदीप शेखावत ने कहा कि युवाओं को अपने मत की अहमियत समझते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की प्रेरणा दी। प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। सीनियर बॉयज में प्रथम स्थान पर रमन, सीनियर गर्ल्स में प्रथम स्थान पर मानसी रहे।

**चुनाव**

## पुरुषों के मुकाबले 1076 अधिक है महिला मतदाताओं की संख्या, 15 शतकवीर मतदाता पंजीकृत

# जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में 1.09 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद



- 868 दिव्यांग मतदाता भी पंजीकृत, कुल 131 मतदान केंद्र किए स्थापित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

आम लोकसभा चुनाव में जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से इस बार एक लाख 968 मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 49 हजार 946 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 51 हजार 22 है। ऐसे में जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या 1076 अधिक है। मंडी लोकसभा क्षेत्र में जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एकमात्र ऐसा निर्वाचन क्षेत्र है जिसमें मतदाताओं की संख्या एक लाख से अधिक है।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि कुल 1 लाख 968 मतदाता पंजीकृत हो चुके हैं जो आगामी 1 जून को लोकसभा चुनाव में अपने सांसद का चुनाव करेंगे। उन्होंने बताया कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं में से 868 दिव्यांग मतदाता भी पंजीकृत हैं। जोगिंद्रनगर विस क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग ने कुल 131 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं।

### 18-19 वर्ष आयु वर्ग में 3404 मतदाता

**सहायक** रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 18-19 आयु वर्ग में कुल 3404 मतदाता पंजीकृत हो चुके हैं, जबकि 15 ऐसे मतदाता हैं जिनकी उम्र एक सौ वर्ष से अधिक है। 15 शतायु मतदाताओं में से 13 ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान करने की इच्छा प्रकट की है। जोगिंद्रनगर विस क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 1195 वरिष्ठ मतदाता भी पंजीकृत हैं। इसके अलावा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता भी पोस्टल बैलेट से मतदान कर पाएंगे।

### 3 क्रिटिकल मतदान केंद्र

**मनीश** चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3 क्रिटीकल मतदान केंद्रों की पहचान की गई है। इन मतदान केंद्रों में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 80 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग भी की जाएगी।

### 2 महिला और एक युवा मतदान केंद्र होंगे स्थापित

सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि जोगिंद्रनगर में दो महिला मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जिनका संपूर्ण संचालन महिला मतदान कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा 1 युवा मतदान केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है जिसका संपूर्ण संचालन केवल युवा मतदान कर्मी ही करेंगे।

## कांग्रेस, माकपा और 'आप' ने चुनाव पर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बने भाजपा विरोधी विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों ने वीरवार को सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में संयुक्त चुनाव अभियान शुरू कर दिया, जिसके तहत सरकाघाट में कांग्रेस, माकपा और आम आदमी पार्टी ने बैठक करके अगले 15 दिनों के लिए चुनाव प्रचार अभियान की रूपरेखा तैयार की और यह संकल्प लिया गया कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से विक्रमादित्य सिंह को बढ़त दिलाने के लिए ये गठबंधन कामयाब होगा।

हालांकि भाजपा ने जो प्रत्याशी चुनाव में उतारी है वे भी इसी क्षेत्र से संबंध रखती है, लेकिन उसकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि और विकास के मुद्दों पर समझ नहीं है इसलिए लोग विकास के बारे व समस्याओं को हल करने की समझ रखने वाले उमीदवार के पक्ष में ही मतदान करने वाले हैं, जिसमें कांग्रेस उमीदवार सबसे बेहतरीन उम्मीदवार हैं।

बैठक में कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पवन ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, कश्मीर सिंह, संजय गुप्ता शहरी मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी के भूपेंद्र सिंह, विजय कौशल, सुरेश शननी, दिनेश काकू, सुरेश राठौर, मान सिंह तथा आम आदमी पार्टी के हरिदास प्रजापति, रणजीत सिंह, जगत राम, ऊधम सिंह के अलावा हितेश कौशल, प्रकाश चंद, अनिल कुमार, प्रकाश चंद, मनोज कुमार आदि शामिल हुए। संयुक्त प्रचार अभियान समिति भी गठित की गई।



विपक्षी दलों के नेता सामूहिक चित्र में।

## न्यूज ब्रीफ

### ऐतिहासिक चौगान में मतदान कप 19 मई को

**चंबा ।** जिला चंबा में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से 19 मई को ऐतिहासिक चौगान नंबर-एक में मतदान कप का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस क्रिकेट मैच में डीसी-11 और एसपी-11 की टीमें आमने-सामने होंगी। उन्होंने बताया कि मैच सुबह 11 बजे आरंभ होगा। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

### क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए ट्रायल 19 को

**चंबा ।** अंतर जिला अंडर-23 वर्ग की वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला चंबा की टीम का चयन 19 मई को सुबह 11 बजे पुलिस ग्राउंड बारगाह में होगा। यह जानकारी जिला क्रिकेट संघ चंबा के पदाधिकारी अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी पहली सितंबर 2001 को या इसके बाद जन्मे हों। ट्रायल करवाने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र, बोनाफाइड हिमाचली तथा आधार कार्ड लेकर आना होगा।

### आषाढ़ नाग देवता मेले के लिए 20 को होगी बैठक

**डलहौजी ।** ऐतिहासिक आषाढ़ नाग देवता मेला 2024 हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, जिसको लेकर 20 को डलहौजी उपमंडलाधिकारी कार्यालय नागरिक में सुबह साढ़े 11 बजे एक बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज करेंगे। बताते चलें इस वर्ष 21 जून से 24 जून तक आयोजन करवाया जाएगा।

### ग्लेशियर की जद में आने से बचे कर्मी

**चंबा।** बैरागढ़-किलाड़ वाया साच पास मार्ग पर साच पास बहाली के कार्य में बारिश और ग्लेशियर पांगी लोक निर्माण विभाग की खूब परीक्षा ले रहे हैं। बीते चार दिन पूर्व संतरूडी से पीछे (कर्थनाला) में मार्ग बहाली के कार्य में जुटी अचानक ग्लेशियर आ गया। मार्ग बहाली के कार्य में जुटी मशीनरी और लेबर कर्मी अचानक से आए बर्फ के ग्लेशियर की जद में आने से बाल-बाल बचे। बहरहाल, मार्ग से टनों के हिसाब से बर्फ हटाने के बाद एक बार फिर से बर्फ ही बर्फ हो चुकी है।

# चुनाव में बेहतर कार्य करें अधिकारी : राहुल

## सामान्य पर्यवेक्षक ने चंबा में लिया चुनावी तैयारियों का जायजा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कांगड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक राहुल तिवारी (आईएएस) ने जिला मुख्यालय चंबा में निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल के अलावा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान सहित जिला के कांगड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न उपमंडलों के सहायक निर्वाचन अधिकारियों ने भाग लिया।

सामान्य पर्यवेक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्रुटि रहित तथा निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव संपन्न करवाने के लिए सभी अधिकारीगण बेहतरीन समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया अवधि के दौरान जिला में होने वाले वीवीआईपी आयोजनों तथा चुनावों से संबंधित अन्य सभी बड़ी घटनाओं बारे उन्हें निरंतर अवगत करवाया जाए।



प्रबंधों का जायजा लेते राहुल तिवारी व मुकेश और अन्य।

सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में कांगड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित जिला चंबा के मतदान अधिकारियों तथा सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया भी की गई जबकि जिला कांगड़ा से संबंधित मतदान अधिकारियों तथा सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया को सामान्य पर्यवेक्षक ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से देखा।

तिवारी ने चंबा के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान (सरोल) में बनाए गए मतगणना केंद्र का दौरा किया तथा वहां पर सुरक्षा व कानून व्यवस्था से संबंधित विभिन्न पहलुओं बारे महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक के उपरांत सामान्य पर्यवेक्षक ने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों के लिए रखी गई प्रशिक्षण कार्यशाला में भी उपस्थित अधिकारियों को संबोधित किया तथा उनके दायित्व बारे महत्वपूर्ण तथा व्यवहारिक जानकारी दी।

### 611 मतदान केंद्र सामान्य

**चंबा** में लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान तथा विधानसभा निर्वाचन 2022 के दौरान क्रमशः 68.79 प्रतिशत तथा 73.90 प्रतिशत मतदान रहा है। जिले में कुल 631 मतदान केंद्र हैं जिनमें से 374 मतदान केंद्र सड़क सुविधा से जुड़े हुए हैं जबकि 121 मतदान केंद्र सड़क से 1 किलोमीटर, 59 मतदान केंद्र सड़क से 2 किलोमीटर, 40 मतदान केंद्र सड़क से 3 किलोमीटर की दूरी पर तथा 37 मतदान केंद्र सड़क से 3 किलोमीटर से अधिक के पैदल रास्ते दूरी पर है। जिले के 611 मतदान केंद्र सामान्य तथा 20 मतदान केंद्र क्रिटिकल श्रेणी के हैं।

### सीमाओं पर किए सुरक्षा के सभी पुख्ता प्रबंध

**बैठक** में पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने जिला में चुनावों से संबंधित सुरक्षा बलों की तैनाती तथा कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। एसपी चंबा ने बताया कि जिला चंबा की सीमावर्ती राज्य पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर के साथ लगती सभी सीमाओं पर सुरक्षा के सभी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं तथा इसके लिए इन राज्यों के पुलिस व प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के साथ जिला पुलिस चंबा निरंतर संपर्क व समन्वय स्थापित करते हुए कार्य कर रही है।

# 'मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी'



लोगों को शपथ दिलाते स्वीप टीम के कर्मी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अनुभाग चंबा की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता अभियान ( स्वीप) टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की श्रृंखला में आज ग्राम पंचायत अठलूंई व ग्राम पंचायत कीड़ी के गांव भबला, लग्गा, द्रोबड़, छिगला, सलोली, समेला, चलोगा, बिसनाल, पद्धरूई, शकला, हसला, डली तथा अठलाड़ी के मतदाताओं और नव पंजीकृत मतदाताओं को हस्ताक्षर, मतदाता शपथ व अन्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदान को लेकर जागरूक किया गया।

विधानसभा अनुभाग चंबा स्वीप के नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि आगामी 1 जून को हिमाचल में होने वाले आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदान प्रतिशतता में सुधार के लिए किए गए प्रयासों को जानने के लिए क्षेत्र में पहुंच कर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया । उन्होंने मतदाताओं को बताया कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है।

मतदान में प्रतिभागी बनकर, नागरिक सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित करने का अधिकार प्राप्त करते हैं और समाज के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता दिखाते हैं। दीपक व डॉ. राजेश सहगल द्वारा 'मेरा वोट मेरी ताकत' की शपथ के अंतर्गत निष्पक्ष, निर्भीक, बिना प्रलोभन और दबाव में मतदान न करने तथा अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ पर हस्ताक्षर करवाए ।

## सूक्ष्म पर्यवेक्षकों के लिए पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**चंबा ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक राहुल तिवारी की अध्यक्षता में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों (माइक्रो आब्जर्वर) की मतदान प्रक्रिया के दौरान भूमिका और उत्तरदायित्व को लेकर आज बचत भवन में पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

इस दौरान उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राहुल तिवारी ने कहा कि सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की मुख्य भूमिका मतदान के दौरान सभी प्रक्रियाओं का गहराई से अवलोकन करना रहता है। उन्होंने लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी सूक्ष्म पर्यवेक्षकों से निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ कार्यान्वयन को निर्देशित किया।

# जेपी नड्डा की जनसभा को लेकर तैयारियों में जुटे नेता

**आरके रांगड़ा, चंबा**

चंबा के ऐतिहासिक चौगान में 18 मई को होने वाली भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की विशाल जनसभा की तैयारी को अंतिम रूप देने में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता जुट गए हैं। गुरुवार को भाजपा नेताओं ने जन सभा स्थल का निरीक्षण कार्य में जुटे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।



तैयारियों का जायजा लेते भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राज सिंह ठाकुर।

इस दौरान चंबा के प्रभारी एवं पूर्व विधायक अर्जुन सिंह तथा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राज सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर ने बताया कि 18 मेई शनिवार को ऐतिहासिक चौगान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश बिसाल जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। उन्होंने कहा 18 तारीख को ठीक 1:00 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा चंबा चौगान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

ऐतिहासिक चौगान में भव्य रैली का आयोजन होगा । चंबा पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## खड़ामुख-होली मार्ग पर वाहनों की आवाजाही एक माह से बंद

# लोग प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने को तैयार

**ओपी शर्मा, भरमौर**

खड़ामुख-होली राज्य मार्ग एक महीना बीत जाने के बाद भी अभी तक वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल नहीं हो पाया है। सड़क बंद होने के कारण अब यहां के स्थानीय लोगों का सब्र का बांध भी धीरे-धीरे टूटने लगा है। लोगों का सरकार व प्रशासन के प्रति गुस्सा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। सड़क बहाल न होने के कारण लोगों ने अब सरकार विभाग व प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

16 अप्रैल के दिन यह सड़क भारी लैंडस्लाइड के चलते बंद हुई थी। इसके बाद एक महीना भी जाने के बाद भी अभी तक यह सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल नहीं हो पाई है।

मुख्य मार्ग बंद होने के चलते तहसील होली की पंचायत में डिपो में सरकारी राशन को पहुंचना भी टेडी खीर बन गया है। यही नहीं इस सड़क से अभी तक लोग पैदल भी आवागमन नहीं कर सकते हैं। सड़क बंद होने के कारण तहसील होली के हजारों लोग और एक दर्जन से अधिक पंचायतें मूलभूत सुविधा को तरस रही हैं। हालांकि छोटी गाड़ियों को वाया भरमौर सियूंर होकर चलाया जा रहा है, लेकिन वहां भी रावी नदी पर बना लकड़ी का पुल कभी भी किसी भी वक्त बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। इस रास्ते से लोगों को अतिरिक्त किराए का भुगतान कर सामान को एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचना पड़ रहा है। हालांकि जेएसडब्ल्यू परियोजना द्वारा लगातार सड़क की बहाली के लिए प्रयास किए जा रहे है, लेकिन अभी तक भी पहाड़ के एक हिस्से से लगातार लैंडस्लाइड जारी है। (अनंत ज्ञान)

### जल्द बहाल हो मार्ग : ब्रह्मानंद ठाकुर

**पूर्व** प्रधान एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द इस सड़क को बहाल किया जाए और इसकी बहाली के लिए युद्ध स्तर पर काम करवाया जाए। उन्होंने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि यहां पर वैकल्पिक रास्ता बनाकर लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखा जाए। उनका कहना है कि पिछले 1 महीने से यहां पर सड़क सुविधा बंद होने के चलते तहसील होली की हजारों की आबादी काफी परेशानियों में है।

# सरकाघाट में कांग्रेस कार्यालय का पवन ठाकुर ने किया उद्घाटन



कार्यालय के शुभारंभ पर सरकाघाट के कार्यकर्ता सामूहिक चित्र में

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट में बस अड्डे के नजदीक वीरवार को ब्लॉक कांग्रेस पार्टी ने कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय का उद्घाटन ब्लॉक अध्यक्ष सुनील शर्मा की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विस क्षेत्र सरकाघाट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पवन ठाकुर ने रिबन काटकर किया। चुनावों के दौरान कार्यकर्ताओं को चुनाव सामग्री यहीं से उपलब्ध करवाई जा सके और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

पवन ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को एकजुट हो कर काम करने को कहा है ताकि तानाशाहों की सरकार को जड़ से उखाड़ा जा सके। इस मौके, पर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया, नगर परिषद के अध्यक्ष कश्मीर सिंह आदि मौजू थे।

# श्रीश्री वेद पाठशाला चमीणू के भवन का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा के चमीणू में चल रहे आर्ट ऑफ लिविंग के नॉर्थ जोन के पहले गुरुकुल श्रीश्री वेद पाठशाला को जल्द अपना भवन मिलने जा रहा है। नए भवन निर्माण को लेकर चमीणू गांव में चयनित भूमि पर आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन डॉ. हरीष व डॉ. अदिती ने किया।

वर्तमान समय में कई जिलों से बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यहां पर वेद की शिक्षा बनारस से तैनात किए गए वेदाचार्य मोनू पांडे तथा कृष्ण बिहारी चौबे प्रदान करते हैं। जबकि, आधुनिक शिक्षा चंबा के शिक्षक प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर डॉ. हरीष चतुर्वेदी, डॉ. अदिती, हेमंत पुरी, डॉ. पूजा, डॉ. नवदीप, डॉ. काजल, रेणू, उपप्रधान ग्राम पंचायत बरौर, गुरुकुल के बच्चे, आचार्य सहित समस्त स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे।



शिलान्यास के दौरान मौजूद डॉ. हरीष व डॉ. अदिती और अन्य।

> चमीणू में चल रही श्रीश्री वेद पाठशाला को जल्द अपना भवन मिलेगा। बुधवार को पाठशाला का नया भवन निर्मित करने को लेकर भूमि पूजन किया गया है।
>
> -हेमंत पुरी, शिक्षक कोआर्डिनेटर चंबा एवं गुरुकुल कमेटी मेंबर।

> श्रीश्री रवि शंकर की ओर से वैदिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा से बच्चों को जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हीं की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण ही पाठशाला के नए भवन का शिलान्यास किया गया है। गुरुदेव के देश व विदेश में कई सेवा प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उन्हीं में से एक चमीणू की वेद पाठशाला भी है।
>
> -मनुज शर्मा, मीडिया प्रबंधक आर्ट आफ लिविंग।

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**चंबा ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विशाल महाजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन ने बताया कि डेंगू बुखार मादा एडीज एजिप्टी नामक मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है ओर मच्छरों की उत्पत्ति ज्यादातर बरसात तथा उसके बाद के मौसम में होती है जिसका एक बड़ा कारण बरसात में पेदा होता इससे बचाव के लिए साफ रखना जरूरी है।

# पीएम मोदी ने आम जनता को ठगा : आनंद शर्मा

**एमएम डैनियल, सिहुंता ( चंबा )**

कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने कहा कि आज से दस साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायदे करके सत्ता में आए थे, मगर उनका एक भी वादा पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा वायदा हर साल दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने का था।

इस हिसाब से अब तक 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए था, मगर आंकड़े बातते हैं कि आज देश में आजादी के बाद पहली बार सबसे बड़ी बेरोजगारी दर दर्ज की गई है जो 12.5 फीसदी के करीब है। उन्होंने बुधवार को जिला चंबा के भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सिहुंता, ककीरा, नैनीखड्डु व तुनुहट्टी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया और सार्वजनिक बैठकें कीं।



आनंद शर्मा की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल होतीं महिलाएं व युवतियां।

कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने कहा कि महिलाओं को भी उनकी सुरक्षा का झूठा भरोसा दिलाया गया था मगर पूरे देश में महिलाओं से अन्याय हो रहा है। आज किसानों को अपनी बात रखने के लिए दिल्ली जाने के लिए रोका जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि जब देश में यूपीए का शासन था तो यही नरेंद्र मोदी तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के खिलाफ संस्कारहीन भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानजनक टिप्पणियां करते थे, मगर आज उनके दस साल के कायार्काल के बाद देश के हालत बदल से बदत्तर होते चले गए हैं।

इस मौके पर विधायक कुलदीप सिंह पठानिया और अन्य स्थानीय नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा ने रोजगार को लेकर की वादाखिलाफी

**डलहौजी।** आनंद शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने देश के युवाओं के साथ रोजगार को लेकर वायदा खिलाफी की है, तो वहीं देश को धर्म के नाम पर जाति-पाति के नाम पर बांटने की भरपूर कोशिश की जा रही है। इस मौके पर कुलदीप सिंह, आशा कुमारी, कमल ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।



जानकारी देते आनंद शर्मा व अन्य ।

| सूडोकु 0065 (मध्यम) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0064 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

# वादों का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखे भाजपा : शर्मा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आनंद शर्मा ने जिला चंबा के डलहौजी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव तो हो जाएगा, मगर जो कटूता पैदा की जा रही है उससे तनाव पैदा हो जाएगा, जिससे देश और समाज का अहीत होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी व अन्य भाजपा नेताओं का नाम लिए बिना कहा कि वे अपने विचारों में ऐसा खौफनाक मंजर दिखाकर देश की जनता को डाराते हैं कि अगर वो न आए तो क्या होगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या मोदी के पीएम बनने से पहले भारत की पहचान नहीं थी। आनंद शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने देश की नींव रखी। कांग्रेस की सोच समावेषी है। समाज के हर वर्ग को जाति, धर्म और क्षेत्र के भेदभाव के बिना बराबरी का दर्जा दिया गया।

उन्होंने कहा कि जब सदी बदल रही थी तो वर्ष 2000 की शुरुआत से पहले कंप्यूटर में संभावित तकनीकी खामी को लेकर सभी देश डरे हुए थे तब हमारे देश के आईटी विशेषज्ञ युवाओं ने विश्वे को इस खतरे से बचाया था। दुनिया के बड़े देश हमारे बेटे-बेटियों को लेकर गए जिन्होंने कंप्यूटर की तकनीकी खामी को दूर किया। आज आईटी से जुड़ी सेवाओं का 55 फीसदी से ज्यादा हिस्सा भारत का है, यह अभी नहीं हुआ है बल्कि मोदी सरकार से पहले का है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री आशा कुमारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल ठाकुर, धर्मसिंह, मुनीष, शरद समेत पार्टी के कई नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने भलेई माता मंदिर में माथा टेका। उन्होंने बताया कि वह यहां पहले भी आ चुके हैं। यहां पहले भी आ चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# हाशु शेख बने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के पर्यवेक्षक

**अनंत ज्ञान, तीसा**

विधानसभा क्षेत्र चुराह से संबंध रखने वाले और लंबे समय से कांग्रेस संगठन के लिए कार्य करने वाले हाशु शेख को हिमाचल प्रदेश अलपसंख्याक विभाग की और से बतौर पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान हाशु शेख ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा प्रतिभा सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश सरकार में युवा मंत्री विक्रमादित्य सिंह, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष इकबाल चौधरी का आभार व्यक्त किया।



हाशु शेख ने बताया कि देशभर में हो रहे लोकसभा के चुनावों में इंडिया की सरकार बनना तो लगभग तय है और हिमाचल प्रदेश की चार लोग सभा सीटों को कांग्रेस जीतने वाली है।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

17 मई, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** नवमीः (8:50) **: नक्षत्र :** पूर्वा फाल्गुनी (9:18), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** व्याघात (9:19) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (10:35 -12:17।

### विशेष दिन

- 17 मई 2024 : श्री हरि जयंती आज।
- 17 मई 2024 : विश्व दूरसंचार दिवस आज।

**मेषः** वाक्य चातुर से कार्य बना लेंगे। व्यापार व्यवसाय में यश कीर्ति की वृद्दि होगी। खेल जगत से जुड़े जातकों के लिए समय श्रेष्ठ है।

**वृषभः** वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिगड़ सकते है। अपनी सोच को बदलें न की दूसरों को बदलने की कोशीश करें।

**मिथुनः** संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पूंजी निवेश से लाभ संभव है। जातकों के लिए समय मिश्रित फलदाई है।

**कर्क :** व्यापार विस्तार की योजना सफल होगी। स्वस्थ रहें, मस्त रहें। व्यर्थ चिंता छोड़ दें। खाद्य पदार्थ से जुड़े जातकों के लिए समय अति श्रेष्ट है।

**सिंह :** व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है। इसका लाभ लें। पारिवारिक जानों से भेंट होगी।

**कन्या :** धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते है।

**तुलाः** लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे। छात्रों के लिए समय मेहनत करने वाला है।

**वृश्चिकः** कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पढ़ेगा। आप कितना सोचते है, पर करते कितना है। इस पर ध्यान दें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** क्या करूं, क्या न करूं इसी स्थिति से आप गुजर रहे है। शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें। वाहन क्रय करने का मन बना रहे है।

**मकरः** बुरा न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें। पेट संबंधित रोग संभव है। समय कम है और काम ज्यादा। मन लगाकर अपने कार्य में लग जाएं।

**कुंभ :** जो करना चाहिए वो ही करिए। फालतू समय बर्बाद न करें। दूसरों की सीख में अपना नुकसान कर बैठेंगे। शान्ति से विचार कर कोई निर्णय लें।

**मीनः** कार्य की अधिकता के कारण जरूरी कार्य पुरे नहीं हो सकेंगे। उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे। अधिकारी वर्ग के लिए समय उत्तम है। दान पुण्य से मन को शांति मिलेगी।

## खुलासा : वन विभाग चंबा ने किया वन्य जीवों को मारने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# पुणे से जुड़े वन्य जीवों के अवशेषों की तस्करी के तार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

वन विभाग चंबा ने आस्था के नाम पर वन्य जीवों को मारने वाले तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसमें गिरोह से जहां वन विभाग ने बड़ी मात्रा में वन्य प्राणियों के अवशेष बरामद किए हैं। वहीं वन्य जीवों के अवशेषों की तस्करी करने वाले गिरोह के तार महाराष्ट्र राज्य के पुणे से जुड़ने के साक्ष्य भी विभाग द्वारा जुटाएं गए है, जिसके चलते अब वन विभाग द्वारा वन्य जीवों को मारने वाले तस्करों के बड़े गिरोह की धड़पकड़ की योजना तैयार की जा रही है। जोकि महाराष्ट्र पुणे का एक जीव तस्करी से जुड़ा गिरोह चंबा जिला में इस रैकेट को अंजाम दे, जिसमें जल्द ही वन विभाग चंबा की टीम महाराष्ट्र के पुणे जिला में दबिश देकर ओर कई तस्करों के चेहरों को बेनकाब करेगी।

गौर हो कि जिला में चंबा में पाए जाने वाली विलुप्त प्रजाति से संबंध रखने वाले कस्तूरी मृग के अलावा घोह (मॉनिटर लिजर्ड) कोबरा सहित अन्य वन्य जीवों के अंश शामिल है, जिसमें वन विभाग की टीम ने दो दिन पूर्व ही बालू में चार व्यक्तियों को वन विभाग में वन्य जीवों के अवशेषों के साथ पकड़ा था। अब वन विभाग की टीम ने इस मामले में अगली कार्यवाही करते हुए आरोपियों के ठिकानों पर दबिश की तो वहां मॉनिटर लिजर्ड के 17 हफ्ता जोड़ी 278 शियार सिंगीं 118 नाखून 17 हड्डियां 50 चमड़ी और पांच कस्तूरी बरामद की है। वहीं पकड़े गए जीवों के अवशेषों को जांच के लिए वन विभाग वन में प्राणी विभाग की फोरेंसिक लैब देहरादून भेजने की तैयारी में जुट गया है। वहां पर इन अंगों की बारीकी से जांच की जाएगी।



वन्य जीवों के अवशेष।

### गिरोह को पकड़ने के लिए योजना तैयार

**मुख्य** वन अरण्य पाल चंबा अभिलाष दामोदरण ने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे का गिरोह चंबा में इस रैकेट को अंजाम दे रहा था। वन विभाग पुणे में इस गिरोह को पकड़ने के लिए भी योजना तैयार कर ली है। वहीं इतने बड़े स्तर पर वन्य जीवों के अवशेषों को पकड़ने के लिए उन्होंने अपनी पूरी टीम को बधाई दी है।

# देव श्री बड़ा छमाहूं 105 साल बाद पहुंचे बंजार मेले में

## बंजार पंहुचने पर देव श्री श्रृंगा ऋषि के साथ हुआ भव्य मिलन, जगह-जगह देवता का हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बंजार**

सृष्टि के रचयिता देव श्री बड़ा छमाहूं 105 सालों के बाद बंजार मेले की शोभा बढ़ाने के लिए वीरवार को मेला मैदान बंजार पहुंचे, जहां देव श्री बड़ा छमाहूं व देव श्री श्रृंगा ऋषि का भव्य मिलन हुआ।

देवता की शोभायात्रा कोटला गांव से लाव-लश्कर के साथ वीरवार सुबह शुरू हुई और चार बजे बंजार पहुंची। बंजार पहुंचने पर देवता श्रृंगा ऋषि सहित मेले में आए अन्य देवी-देवताओं से भव्य मिलन हुआ। देवता के इस कार्यक्रम से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और कोटला गांव से बंजार तक देवता का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। देवता के पुजारी धनेश गौतम, कारदार मोहन सिंह व देवता छमाहूं विकास कमेटी के सचिव शेर सिंह ने बताया कि देवता ने अपनी भविष्यवाणी में कहा कि वह किसी बड़ी आपदा के समाधान के लिए बंजार जा रहे हैं, जहां मेले में विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगें। वहीं, स्थानीय देवताओं से भी गुप्त मंथन होगा। बता दें कि सृष्टि के रचयिता देव श्री बड़ा छमाहूं जहां 105 सालों के बाद बंजार मेले की शोभा बढाएंगे। वहीं, लक्ष्मी नारायण थणी चेड़ा व लक्ष्मी नारायण कलवारी भी पहली बार बंजार मेले में शामिल हुए हैं। आराध्य देवता देव श्री श्रृंगा ऋषि की अगुवाई में मनाए जाने वाले जिला स्तरीय बंजार मेले में देवी-देवताओं का भव्य मिलन हुआ है।

इस देव मिलन के हजारों लोग गवाह बने हैं। सृष्टि के रचयिता देव श्री बड़ा छमाहूं 105 साल बाद हजारों देवलू संग लाव लश्कर के साथ मेला मैदान बंजार पहुंचे हैं, जहां देवता कमेटी व मेला कमेटी ने देवता का जोरदार स्वागत किया है।



बंजार मेले में देवता बड़ा छमाहू और देवता श्रृंगा ऋषि का भव्य देवमिलन।

## राकेश शर्मा के गानों पर नाचा बंजार

**शीला कौल, बंजार**

जिला स्तरीय बंजार मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या राकेश शर्मा, हेम प्रकाश शर्मा, हेम राज भारद्वाज के नाम रही।

इस संध्या के मुख्यातिथि देवता श्रृंगा ऋषि के समस्त कारकून का मेला कमेटी के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह, टोपी पहनाकर स्वागत किया। वहीं, पहली सांस्कृतिक संध्या में कई कलाकारों ने बेहतरीन गीत गाकर उपस्थित श्रोताओं का मनोरंजन किया। जिला स्तरीय बंजार मिले की पहली सांस्कृतिक संध्या के स्टार नाइट हेम प्रकाश शर्मा, राकेश, हेम राज भारद्वाज ने उपस्थित दर्शकों को खूब नचाया। इस अवसर पर उन्होंने कई बेहतरीन पहाड़ी गीत, फिल्मी गीत गाकर काफी वाहवाही लूटी। उन्होंने सबसे पहले श्रृंगा ऋषि महाराज का गीत के माध्यम से स्वागत किया। उसके बाद शराब का नशा मंशा छाड़ी दे, आसा लगा तेरे दांत रा चावा, शेला लगा तेरे कांबले, बबली प्यारी एह, तेरा मेरा प्यार अढ़िए बचपन रा, आजकल के शुहरू प्यार व्यार नहीं जाने। उसके बाद फिल्मी गीत में जट यमला पगला दीवाना मस्ती भरी रात मस्ती भरी रात में बेहतरीन गीतों को गाया, जिस पर उपस्थित श्रोताओं ने नाचने में कोई कसर नहीं छोड़ी। (अनंत ज्ञान)




जिला स्तरीय बंजार मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

## मनाली के सियाल में मकान जला, 10 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, मनाली**

सियाल में एक मकान जलकर राख हो गया है, जिसमें दो भाइयों को करीब दस लाख रुपए से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह अचानक मकान में आग लग गई, जिसके चलते आसपास अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी, जिसके चलते दमकल विभाग की टीम फायर टेंडर लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग मकान को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले चुकी थी, जिसके चलते मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन दमकल विभाग के नौ सदस्यों की टीम ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आसपास की करीब एक करोड़ की संपत्ति को बचा लिया है। दमकल विभाग के अधिकारियों की माने तो, यह मकान प्रदीप कुमार और तेजिंदर कुमार पुत्र नानक चंद सियाल, डाकघर व तहसील मनाली जिला कुल्लू का संयुक्त मकान था, जिसके चलते दोनों भाइयों को 10 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दो दिन पूर्व कुल्लू के बंदरोल में एक दो मंजिला मकान जलकर राख हो गया था इस घटना में भी दो भाइयों को करीब 12 लाख का नुकसान हुआ था लिहाजा तीन दिनों के भीतर यह आगजनी की दूसरी घटना है।



## 20 तक बहाल होगा मनाली-लेह मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

मनाली-बारालाचा-लेह मार्ग अब जल्द ही बहाल होने वाला है। मौसम ने यदि साथ दिया, तो यह मार्ग 20 मई तक बहाल हो जाएगा।

अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन समिति एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल ने बताया कि बीआरओ की ओर से यह मार्ग वाहनों के लिए बहाल नहीं किया गया है, लेकिन वाहन चालक जिला प्रशासन की बिना अनुमति के ही दारचा के समीप पहुंच गए हैं। गत शाम तक लगभग 200 के करीब भारी वाहन ट्रक दारचा पुलिस चेक पोस्ट पर रोके गए हैं, जिसमें 350 से अधिक ड्राइवर, हेल्पर व अन्य लोग फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन की ओर से उन्हें आवश्यक भोजन सामग्री उपलब्ध करवाकर उचित व्यवस्था की गई है। मौसम की अनुकूलता पर 20 मई तक इस मार्ग को बहाल किया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि लेह की ओर आने वाले ट्रक, भारी वाहन चालक मनाली से आगे न आएं। वहीं, कुल्लू प्रशासन से भी आग्रह किया है कि लेह जाने वाले वाहनों को मनाली से आगे न भेजें। संयुक्त टीम के निरीक्षण के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि जब तक सीमा सड़क संगठन द्वारा इस मार्ग को बहाल न किया जाए, तब तक ट्रकों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।



### हेल्पलाइन नंबर जारी

जिला प्रशासन की जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की एडवाइजरी को फॉलो करें और उस पर अपडेट जानकारी लेते रहें। डीडीएमए के हेल्पलाइन नंबर 1077 व 94594-61355, लैंड लाइन नं. 01900-202510-202517 -202509 पर संपर्क करें।

### पहले सेना के वाहन होंगे रवाना

सेना के वाहनों के काफिले के आवाजाही के उपरांत ही भारी वाहनों को वैकल्पिक दिवस के आधार पर ही जाने की जिला प्रशासन द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी।

## ड्यूटी के दौरान कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : विनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लोकसभा के आम चुनाव के लिए मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विनीत नंदनवार ने वीरवार को कुल्लू जिले में लोकसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाएं, ताकि निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो सके। सामान्य पर्यवेक्षक ने चुनाव प्रक्रिया में तैनात अधिकारियों के प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी हासिल की तथा कहा कि प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही सामने न आए। उन्होंने ईवीएम, वीवीपैट, मतगणना केंद्रों, स्ट्रांग रूम में आवश्यक प्रबंधों तथा मतदान पर तैनात होने वाले कर्मचारी, अधिकारियों, पुलिस व होमगार्ड की तैनाती सबंधी जानकारी भी हासिल की। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व सेवारत मतदाताओं के लिए मतदान के लिए किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी हासिल की।



## पार्वती नदी में मशीन से हो रही खुदाई

### ग्रामीणों ने लगाया आरोप - एनएचपीसी नदी में कर रहा अतिक्रमण

**अनंत ज्ञान, सैंज**

एनएचपीसी के आवासीय परिसर सपांगनी गांव में इमारतों की सुरक्षा के लिए पिन पार्वती नदी में परियोजना प्रबंधन ने खुदाई का कार्य शुरू किया है, ताकि बरसात आने से पूर्व उनकी इमारतें को कोई नुकसान न हो। वीरवार को एनएचपीसी ने सुरक्षा दीवारों के लिए निर्माण कार्य निर्वाध गति से शुरू किया है, लेकिन सपांगनी के ग्रामीणों ने एनएचपीसी की इस कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है।

प्रभावित ग्रामीणों व तलाड़ा पंचायत के प्रतिनिधियों ने एनएचपीसी प्रबंधन को घेरते हुए कहा कि नदी के बीच अवैज्ञानिक तरीके से खुदाई हो रही है और एनएचपीसी ने अपनी इमारतों को बचाने के चक्कर में गांव की बलि लेने का मसौदा तैयार किया है। तलाड़ा पंचायत के प्रधान मोहर सिंह ने बताया कि सपांगनी गांव के लोग एक तरफ प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ एनएचपीसी ने उक्त गांव की उपजाऊ भूमि व बस्ती की बलि लेने के लिए नया प्लान तैयार किया है। पंचायत प्रधान ने बताया कि एनएचपीसी पहले राइट बैंक में सुरक्षा दीवार का निर्माण करें, ताकि दाहिने तट पर बसे ग्रामीणों को बरसात से पूर्व उनकी समस्या का समाधान हो सके। एनएचपीसी अपना स्वार्थ निकाल रही है, जबकि सपांगनी के ग्रामीणों को बरसात में परियोजना प्रबंधन की लापरवाही के चलते मजबूरन पलायन करना पड़ सकता है। ग्रामीण मेहर सिंह कारदार, मोहर सिंह, तीरथ राम, गुड्डू, रोशन लाल, नरेंद्र कुमार ने कहा कि अभी तक उन्हें सरकार की ओर से उत्पन्न खतरों के स्थान पर सुरक्षा के उपाय व अन्य पुख्ता प्रबंध नहीं हो पाए हैं, लेकिन एनएचपीसी प्रबंधन नदी में अतिक्रमण कर रहा है। उधर, इस बारे जब परियोजना के प्रभारी प्रकाश चंद से बात की तो उन्होंने बताया कि एनएचपीसी अपनी पुरानी सीमा पर निर्माण कार्य कर रही है। ग्रामीणों के आरोप निराधार हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### छलाली की शिल्पा ठाकुर बनीं नर्सिंग ऑफिसर

**आनी।** जिला कुल्लू के आनी खंड की दुर्गम पंचायत लझेरी के छलाली गांव की बेटी शिल्पा ठाकुर नर्सिंग ऑफिसर बनी है। उनका चयन एम्स में बतौर नर्सिंग ऑफिसर और आर्मी में लेफ्टिनेंट रैंक पर हुआ है। उन्होंने अपनी पंचायत क्षेत्र का पहला ऑफिसर बनने का गौरव प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्रवासी बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शिल्पा आनी विधानसभा क्षेत्र की दुर्गम पंचायत लझेरी के छलाली गांव में वर्ष 2000 में यज्ञदत्त ठाकुर और शांति देवी के घर पैदा हुई। उन्होंने अपनी 5वीं तक प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक पाठशाला डीम से ग्रहण की, जिसके बाद 10वीं तक पढ़ाई उन्होंने आनी के लॉरेंस पब्लिक स्कूल और 12वीं तक कि पढ़ाई आदर्श माध्यमिक विद्यालय आनी से ग्रहण की, जिसके बाद शिल्पा ने कुल्लू के माहोल स्थित निजी नर्सिंग कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई की, जिसके बाद वे चंडीगढ़ के एक कोचिंग सेंटर से कोचिंग लेने चली गई।

### चनौन में स्वीप टीम ने बताया मतदान का महत्व



**बंजार।** स्वीप 24 बंजार की टीम थणी गांव में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनौन और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलाहच गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी तेजा सिंह ओर रवि प्रकाश ने बताया कि थणी में गांव के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। चनौन स्कूल और पलाहच स्कूल में लोकतंत्र और लोकतंत्र में मतदाताओं की जागरूक सहभागिता पर प्रकाश डाला। स्वीप टीम ने अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को मतदान के बारे में जागरूक और शिक्षित किया। स्कूल के विद्यार्थीयों के माध्यम से गांवों तक संदेश पहुंचाने का आह्वान किया गया। धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र, भाषा, लिंग या किसी अन्य मतभेद से ऊपर उठकर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से विश्लेषण करके मतदान में भाग लेने का आग्रह किया गया।

### 7 और 8 जुलाई को होगी अग्निवीर भर्ती

**कुल्लू।** सरकारी नौकरी ओर सेना में भर्ती की चाह रख रहे लाहौल-स्पीति के युवाओं को जल्द ही भारतीय सेना में सेवा करने का फिर से अवसर प्रदान किया जा रहा है। लाहौल-स्पीति के युवाओं के लिए फिर से अग्निवीर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। लाहौल-स्पीति के युवाओं का भारतीय सेना में सेवा देने का सपना अब फिर से पूरा होने जा रहा है ओर जुलाई माह की 7 से 8 तारीख को जिला मुख्यालय केलांग में अग्निवीर भर्ती का आयोजन किया जाएगा। अग्निवीर में भर्ती के इच्छुक सभी लाहौल-स्पीति के युवा इस भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इससे पहले भी 31 मार्च 2024 को लद्दाख स्काउट के लिए अग्निवीर भर्ती का आयोजन किया गया था, जिसमें लाहौल के 12 युवाओं ने ग्राउंड और लिखित परीक्षा को पास कर अग्निवीर योजना के माध्यम से भारतीय सेना में सेवा करने के अपने सपनों को पूरा किया था।

### कर्मचारियों को स्वच्छता की दिलाई शपथ



**कुल्लू।** केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एनएचपीसी की पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण-दो में 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' का वीरवार को आगाज हुआ। 16-31 मई तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ मौके पर परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह ने नगवाईं कार्यालय परिसर में कर्मिकों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलवाई। इस दौरान परियोजना के पीके श्रीवास्तव, ग्रुप उपमहाप्रबंधक (सिविल), श्वेता ओझा, उपमहाप्रबंधक (मा.सं.), डॉ. ज्योतिर्मय जैन, सीएमओ, अंगद कुमार, उपमहाप्रबंधक (सिविल), अरविंद कौशिक, उपमहाप्रबंधक (मा.सं.) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में, परियोजना के पावर हाउस सैंज, बांध परिसर कार्यालय मणिकरण एवं गड़सा कार्यालय में स्वच्छता शपथ ग्रहण की गई। इस पखवाड़े के दौरान परियोजना की ओर से अपने सभी कार्यस्थलों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, कार्यालय में कार्यस्थल, केबिन, परिसर की साफ-सफाई, स्थानीय स्कूली बच्चों के लिए स्वच्छता पर व्याख्यान, चित्रकला प्रतियोगिता और स्वच्छता के महत्त्व के बारे में कार्मिकों के साथ-साथ स्थानीय जनता को जागरूक करने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## 22 मई को कुल्लू में गरजेंगे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आगामी चुनावों के मद्देनजर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की 22 मई को कुल्लू में प्रस्तावित रैली की तैयारियों कोले कर अटल सदन परिसर कुल्लू में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में 22 मई को रथ मैदान में होने वाली रैली को लेकर पूर्व मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी गोविंद ठाकुर के बहुमूल्य सुझावों के बीच विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। गोविंद ने बताया कि इस रैली में कुल्लू, बंजार व कुल्लू भाजपा मंडल से 15,000 कार्यकर्ता भाग लेंगे। संख्या की दृष्टि से तीनों मंडल अध्यक्षों को प्रमुख जिम्मेवारी सौंपी गई है। बैठक में पूर्व विधायक महेश्वर सिंह, मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रवासी सह प्रभारी कुलदीप कुमार, संगठन मंत्री सुरेश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अमर ठाकुर, जिला भाजपा सचिव नैना शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### देर शाम पैराग्लाइडिंग करने का मामला, जिला पर्यटन विभाग ने पैराग्लाइडिंग संचालकों पर की कार्रवाई

## एसोसिएशन पर लगाया 10,000 का जुर्माना

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

पीज से ढालपुर मैदान के लिए देर शाम पैराग्लाइडिंग करने और पर्यटकों की जान को जोखिम में रखने के मामले में पैराग्लाइडिंग संचालकों पर जिला पर्यटन विभाग के द्वारा कार्रवाई की गई है।

13 मई को देर शाम के अंधेरे में करीब 7: 30 बजे पीज की पहाड़ी से ढालपुर मैदान के लिए पैराग्लाइडिंग की जा रही थी और नियमों के मुताबिक धूप छुपने के बाद पैराग्लाइडिंग करने पर सख्त मनाही है। इस संदर्भ में जिला पर्यटन विभाग कुल्लू को मिली शिकायत पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए पैराग्लाइडिंग संचालकों की एसोसिएशन पर नियमों की अवहेलना ओर पर्यटकों की जान जोखिम में रखने के लिए 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही एसोसिएशन को भी सख्त चेतावनी जारी कर नियमों के अनुरूप ही पैराग्लाइडिंग करवाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही पैराग्लाइडिंग गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए और नियमों का सख्ती से पालन हो इसके लिए विभाग के साथ-साथ मार्शलों को भी जरुरी निर्देश जारी किए जा चुके हैं। जिले में पैराग्लाइडिंग के लिए तय किए गए नियमों के मुताबिक धूप छुपने के बाद किसी भी तरह की पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को करवाना मना है और इन नियमों का उल्लंघन होने पर विभाग के द्वारा पैराग्लाइडर पायलट, पैराग्लाइडिंग संचालक या फिर एसोसिएशन पर कार्रवाई की जा सकती है। पीज से ढालपुर मैदान के लिए देर शाम हुई पैराग्लाइडिंग में पायलटों की मनमानी का मामला भी सामने आया है इसलिए पैराग्लाइडिंग पायलटों को भी सख्त चेतावनी दी गई है कि अगर किसी भी तरह की मनमानी की तो पायलटों के लाइसेंस भी रद्द किए जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)




> पीज से ढालपुर के लिए हुई पैराग्लाइडिंग मामले में हमनें विभाग की तरफ से कार्रवाई करते हुए एसोशिएशन पर 10,000 का जुर्माना लगाया है और साथ ही मोनिटरिंग के लिए मार्शलों का जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पायलटों को चेतावनी जारी कर नियमों का पालन करने को कहा है साथ ही अगर अगली बार से ऐसी कोताही बरती, तो विभाग पीज से ढालपुर मैदान के लिए होने वाली पैराग्लाइडिंग पर रोक भी लगा सकती है
>
> **सुनैना शर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू।**

## नग्गर खंड की पंचायतों में कूड़ा फैलाने वालों की अब खैर नहीं

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

नग्गर खंड की समस्त ग्राम पंचायतों को कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कोई भी व्यक्ति कूड़ा फैलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध पंचायतीराज अधिनियम की धारा 12,13 व 15 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एक से 5 हजार तक के जुर्माने का प्रावधान है।

खंड विकास अधिकारी नग्गर मुकेश कुमार ने बताया कि खंड स्तर पर गठित कमेटी की ओर से पंचायतों में जाकर हि.प्र. पंचायतीराज अधिनियम-1994 की धारा 12,13 व 15 के अलावा एसडब्ल्यूएम नियम-2016 के बारे में ग्राम पंचायत सदस्यों को जानकारी दी जा रही है, ताकि वे गांव स्तर पर ग्रामीणों को जागरूक कर सकें। (अनंत ज्ञान)



स्वयं सहायता समूह एवं महिला मंडल के सदस्य साफ-सफाई करते हुए।

### पंचायतों से मिल रहा सकारात्मक सहयोग

ग्राम पंचायतें अब ठोस कचरा प्रबंधन के लिए उपयुक्त भूमि को चिन्हित करने के लिए खोजबीन कर रही हैं। खंड विकास अधिकारी की ओर से इस बारे में पंचायत से प्रस्ताव के माध्यम से अवगत करवाने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायतों को नदी व नालों में लगे कूड़े के ढेर का उचित निपटान करने को कहा गया है तथा कार्रवाई से खंड विकास अधिकारी को अवगत करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन समूहों व महिला मंडलों का मिल रहा सहयोग

पंचायतों के समस्त महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, युवक मंडलों को इस कड़ी में जोड़ा जा रहा है, जिसके चलते कई स्वयं सहायता समूह सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं, जिसमें पंचायत मनाली से अभिलाषा ग्राम संगठन, कृष्णा स्वयं सहायता समूह मनाली आदि के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

### अलग-अलग करें निपटान

नगर खंड में स्वच्छता की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो कि जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने सभी लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें व सूखे व गीले कूड़े का अलग-अलग कर निपटान करें।

> एक आदर्श नागरिक होने के नाते हम सभी का दायित्व बनता है कि हम अपने परिवेश को साफ रखें। व्यक्तिगत साफ-सफाई से ही हमारी पंचायत व जिला साफ हो पाएगा। विकास खंड नग्गर इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है। **मुकेश कुमार, खंड विकास अधिकारी।**

## कल होगा 29वां मां भगवती जागरण

**सोलन।** मां शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर्स यूनियन सोलन का 29वां मां भगवती जागरण सपरून चौक के समीप 18 मई को आयोजित होगा। यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने कहा कि मां भगवती की चौकी एवं भंडारे को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए यूनियन की ओर से कई समितियों का गठन किया है और सभी सदस्यों को इसमें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस साल यूनियन की ओर से मां भगवती के 29वें जागरण का आयोजन किया जा रहा है।



# आचार संहिता के बाद मिलेगा प्रॉपर्टी टैक्स का बिल

## 12 हजार भवन मालिकों को 20 महीनों के प्रॉपर्टी टैक्स को दो किस्तों में जमा करवाने की रहेगी छूट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन की लेटलतीफी के चलते प्रॉपर्टी टैक्स का निर्धारण अब आचार संहिता के बाद होगा। यानी शहर के करीब 12 हजार भवन मालिकों एक साथ 20 महीने के प्रॉपर्टी टैक्स जारी होगा। हालांकि इससे किस्तों में जमा करने की छूट रहेगी।

बता दें की प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित करने के लिए निगम ने भवनों का सर्वेक्षण किया पर इसमें 8 महीने का समय लग गया। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में निगम पुरानी दर से 4 अगस्त, 2023 तक 125 दिन यानी 4 महीने का टैक्स वसूल कर चुकी है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है क्योंकि सरकार ने 4 अगस्त से 2023 से नए प्रॉपर्टी टैक्स को लागू करने की अधिसूचना जारी की थी। अब सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका पर आचार संहिता के बिल नहीं भेजे गए। पिछले वित्तीय वर्ष के 8 महीने मिलकर वित्तीय वर्ष 2024-25 का भी प्रॉपर्टी टैक्स लंबित है। (अनंत ज्ञान)



सोलन शहर।

### 20 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद

निगम के मुताबिक शहर में 30 से 40 फीसदी से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसमें एनओसी के बाद निर्माण किया गया है, लेकिन इसका टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर अगस्त, 2023 नई दरों के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण का निर्णय लिया है। इसके लिए भवनों की ड्रोन तकनीक से मैपिंग की गई है। इसके बाद नक्शे से अधिक या अतिक्रमण कर बने भवनों की मैनुअल मैपिंग के बाद नई दरों से भवनों का प्रोपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा। निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ने की उम्मीद है। निगम को पुरानी दर से करीब 5-6 करोड़ की टैक्स की आय होते रही है, जबकि नई दर से 15 से 16 करोड़ रूपए टैक्स जमा होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष के टैक्स को मिलाकर इस वर्ष निगम को 20 करोड़ की आय की उम्मीद।

### भवनों की मैपिंग का कार्य पूरा

शहर के करीब 12 हजार घरेलू व व्यावसायिक भवनों की मैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इससे पहले निगम ने प्राइवेट कंपनी के सहयोग से शहर की ड्रोन मैपिंग भी की है। अब आचार संहिता के बाद भवन मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी होंगे। निगम ने पहले वार्ड वाइज टैक्स का बिल जारी करने का निर्णय लिया था पर प्रॉपर्टी टैक्स के संशोधन का पेंच फंस गया। इस कारण अभी तक नई दर के हिसाब से प्रॉपर्टी टैक्स जारी नहीं हुए हैं। दरअसल बेस लाइन सर्वे में फ्लैट्स के लिए निर्धारित 7 फीसदी टैक्स को कमर्शियल कैटेगरी में माना गया, जबकि यह आवासीय कैटेगरी में होना चाहिए था। आवासीय कैटेगरी के मुताबिक यह 6 फीसदी होना चाहिए। अब हाउस ने इसे अपनी संस्तुति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से फ्लैट मालिकों को राहत प्रदान मिली है। अब उन्हें के पहले से कम टैक्स देना होगा।



सोलन शहर में नए सिरे से प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित करने के लिए मैनुअल मैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। आचार संहिता हटने के बाद प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी होंगे। भवन मालिकों को किस्तों में टैक्स जमा करवाने की छूट रहेगी।

**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

# नालागढ़ में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पुलिस थाना नालागढ़ के तहत राजपुरा में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हुई। मृतक की पहचान विक्की पुत्र हरिदास वार्ड-दो नालागढ़ से हुई। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है, जबकि पुलिस ने मृतक का नालागढ़ अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल पर जा रहे युवक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत हुई है और अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### टैंपो ट्रेवलर से बाइक की टक्कर, एक की मौत

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के यूनिकेम चौक के पास तेज रफ्तार टैंपो ट्रेवलर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने टैंपो ट्रैवलर के चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। विशाल सिंह निवासी भटौलीकलां ने बताया कि यूनिकैम चौक के पास तेज रफ्तार टैंपो ट्रेवलर बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद चालक सड़क पर गिर गया और टैंपो-ट्रेवलर का पिछला टायर सवार के सिर के ऊपर चढ़ गया, जिसे स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने बताया कि पुलिस ने टैंपो ट्रेवलर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, तीन घायल

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत गोलजमाला में एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी पर सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान अमन, दिवांशु, पीयूष निवासी नालागढ़ को स्थानीय की ओर से अस्पताल ले जाया गया। इस संबंध में थाना नालागढ़ में कार चालक शमशेर सिंह पुत्र राम लोक निवासी गांव खनोया डाकघर खिल्लियां ने तहसील नालागढ़ जिला सोलन में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन जेल में बंद विचाराधीन कैदी की मौत

**सोलन।** सोलन जेल में बंद कसौली तहसील के पट्टा महलोग क्षेत्र के खलग गांव की विचाराधीन कैदी 52 वर्षीय किशना देई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उक्त महिला हत्या व जानलेवा हमले के आरोप में पिछले सात सालों से न्यायिक हिरासत पर थी। तबियत बिगड़ने के बाद उसे सोलन के क्षेत्रीय चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि महिला कैदी के शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी शिमला भेजा गया है। जेल अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी कि सोलन जेल में बंद कसौली तहसील के पट्टा महलोग क्षेत्र के खलग गांव की रहने वाली विचाराधीन कैदी 52 वर्षीय किशना देई की तबीयत बिगड़ने पर उसे सोलन के क्षेत्रीय चिकित्सालय में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### महिला की किराना दुकान से शराब बरामद

**बीबीएन।** पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत कुंजाहल में पुलिस टीम ने एक आरोपी महिला ममता कुमारी निवासी गांव बृगुन डाकघर सांही तहसील झुलारा चंबा हिमाचल प्रदेश की किराने की दुकान से तलाशी के दौरान 14 बोतल अवैध देशी शराब की बरामद की हैं। इस पर बरोटीवाला पुलिस थाना में मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी गई है। बद्दी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### पारुल ने पास की एनएमएमएस परीक्षा

**नाहन।** सरांहा शिक्षा खंड के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगर धारयर की नौवीं कक्षा की छात्रा पारुल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पारुल का चयन नेशनल कम मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम के तहत हुआ है। राज्य स्तरीय परीक्षा के हर चरण को पार कर पारुल ने यह सफलता पाई है। इस होनहार को 12वीं तक हर माह 1000 की स्कॉलरशिप मिलेगी। राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता सुरेश ने बताया कि धरयार निवासी देश राज व सुमन देवी की बेटी है। 26 नवंबर 2023 को पारुल ने एससीआरटी के माध्यम से ली गई राज्य स्तर की परीक्षा में भाग लिया था।

### सोलन के देवेंद्र अत्री बने कार्यकारी अध्यक्ष

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से मोर्चा का विस्तारीकरण किया जा रहा है, जिसके तहत सोलन के देवेंद्र अत्री को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इस नियुक्ति के लिए उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सोहन वर्मा और महासचिव पूर्ण चंद का आभार किया। उन्होंने कहा कि यह जो मुझे प्रदेश कांग्रेस किसान मोर्चा ने पदभार दिया है।

### पंचायत स्तर पर मतदाता किए जा रहे जागरूक

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) नोडल अधिकारी एवं नगर निगम सोलन की संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रियंका चंद्रा ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पंचायत स्तर पर हस्ताक्षर अभियान और मतदान प्रतिज्ञा के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। 16 मई को पंचायत सचिव, महिला मंडल तथा स्वयं सहायता समूहों के संयुक्त समन्वय से चुनाव पाठशाला तथा मतदाता साक्षरता क्लब कार्यक्रम 17 को पंचायत स्तर पर मतदान से संबंधित रैलियों का आयोजन, 18 से 20 तक घर-घर आमंत्रण तथा हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम तथा 21 को पंचायत सचिवों की ओर से स्कूलों में खेल गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अनुपस्थित मतदाता डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

**सोलन।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 53-सोलन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुपस्थित मतदाता श्रेणी के लिए डाक मतपत्र से मतदान की तिथियां अधिसूचित कर दी गई हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. पूनम बंसल ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक, पात्र दिव्यांग वर्ग (पीडब्ल्यूडी) और कोविड-19 श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा 21 से 23 मई तक प्रदान की जाएगी।

### शिकायत के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सोलन।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष मिनी सहिवालय के नजदीक नए बस अड्डा सोलन में कमरा नंबर 417 में स्थापित किया गया है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि अगर उनके संज्ञान में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की उल्लंघना आदर्श आचार संहिता एवं अन्य कानून या नियमों की अवहेलना का कोई मामला आता है, तो वे इसकी सूचना इस कंट्रोल रूम के टेलीफोन नंबर 01792-297435 पर दे सकते हैं।

### तनुजय तनवर सेना में बनीं नर्सिंग लेफ्टिनेंट

**दाड़लाघाट।** अर्की उपमंडल के बाड़ीधार क्षेत्र के कुंहर की रहने वाली तनुजय तनवर भारतीय सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। तनुजय के पिता रमेश तनवर जो कि राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता हैं और माता कांता तनवर गृहिणी हैं अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। तनुजय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय लड़ोग से प्राप्त की।

# पांवटा में क्रशर बंद करवाने की मांग ग्रामीणों ने आंदोलन की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

बरोटीवाला गांव के लोग उस समय आग बबूला हो गए जब टिप्पर चालक ने बिजली के पोल को टक्कर मार दी, जिससे पोल क्षतिग्रस्त होने के साथ बिजली की सप्लाई बाधित हो गई। ऐसे में लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया, मीडिया की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों ने क्रशर चालक और टिप्पर चालकों की मनमानी के आरोप लगाए।



बरोटीवाला में क्रशर बंद करवाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

बरोटीवाला गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीनों से टिप्पर चालकों की मनमानी से पूरे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। रात के अंधेरे में यहां बुलेट ट्रेन की तरह टिप्पर सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे आम जनमानस परेशान हो रहे हैं। इधर बिजली का पोल टूटने से स्कूली छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है और सड़कों पर धूल का गुब्बार उड़ने से ग्रामीण परेशान हैं।

लोगों ने बस एक ही मांग की है कि यहां पर सभी क्रशर को बंद कर दिया जाए, ताकि लोग चैन की सांस ले सके अन्यथा गांव के लोग तीन दिनों के बाद यहां पर उग्र आंदोलन और चक्का जाम करेंगे। एसडीएम के पास बैठकों का दौरा भी हो चुका है, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई है अब सब्र का बांध टूट चुका है अब ग्रामीण अपनी भाषा में इनका जवाब देगी क्योंकि टिप्पर चालकों के लिए प्रशासन द्वारा अलग वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है।

# सरकारी स्कूलों में शुरू होगी इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई

**नाहन।** सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई होगी। इसे लेकर प्रारंभिक शिक्षा विभाग की ओर से डाइट में प्राथमिक अध्यापकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में नाहन शिक्षा खंड के स्कूलों में कक्षा प्रथम व कक्षा द्वितीय में अंग्रेजी मीडियम आरंभ करने के दृष्टिगत शिक्षकों को पठन-पाठन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में 64 जेबीटी, 9 हेड टीचर और सात सीएचटी अध्यापकों सहित कुल 80 अध्यापकों ने भाग लिया। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी नाहन महिमा दत्त शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश पर हो रही है। इसी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अन्य स्कूलों के अध्यापकों के लिए भी किया जाएगा।

# झूठे साबित हुए युवाओं को रोजगार देने के वादे : विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला भाजपा के अध्यक्ष विनय गुप्ता व जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने कहा कि कांग्रेस के नेता इन दिनों युवाओं के बीच वोट मांगने जा रहे हैं, जबकि युवाओं से किया कोई भी वादा यह सरकार पूरा नहीं कर पाई।

मौजूदा सरकार ने वादा किया था कि सत्ता में आते ही सरकार पहले साल में एक लाख युवाओं को रोजगार देगी, मगर 15 महीने के कार्यकाल में एक नौकरी भी यह सरकार नहीं दे पाई और आज युवा प्रदेश में रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं साथ ही यह युवा वर्ग अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रहा है। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के केंद्रीय व प्रदेश के नेताओं ने मंचों से रोजगार देने के बड़े-बड़े भाषण दिए, मगर जमीनी स्तर पर युवाओं के लिए सरकार कोई कदम नहीं उठा पाई। प्रदेश सरकार का युवा मौजूदा सरकार से तंग आ चुका है और इस लोकसभा चुनाव में प्रदेश का युवा इसका जवाब जरूर देगा।



उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ भी सरकार ने धोखा किया है, जिन्हें वादा करने के बावजूद 1500 रुपए प्रति माह अभी तक नहीं दे पाई है।

# नाहन के रानीताल तालाब में मरी मिलीं मछलियां

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन के ऐतिहासिक रानीताल तालाब में लगातार मछलियों के मरने का सिलसिला जारी है। यहां तालाब में भारी संख्या में मछलियां मरने के चलते आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैली है। नगर परिषद को सूचना मिलने के बाद नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

सर्वप्रथम तालाब से मरी हुई मछलियों को निकालने और तालाब की साफ-सफाई करने को लेकर संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मीडिया से परिचित हुए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने बताया कि काली स्थान तालाब का रिनोवेशन का कार्य किया जा रहा है। तालाब को खाली किया गया है तालाब से निकाली गई मछलियों को रानीताल तालाब में डाला गया है। पानी के बदलाव के चलते भी मछलियां मरने का एक कारण हो सकता है। मौके पर पहुंचकर रानीताल तालाब से मरी हुई मछलियों को बाहर निकालना और तालाब की साफ-सफाई करने को लेकर संबंधित ठेकेदार को कहा गया है, ताकि अन्य मछलियों पर इसका प्रभाव न पड़े।

### तालाब की साफ-सफाई और पानी को स्वच्छ रखने के निर्देश

# नारकोटिक्स दवाओं के लाइसेंस रद्द

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

राज्य दवा नियंत्रक विभाग ने नशीली दवाओं के अवैध सप्लाई व निर्माण में खामियां पाने पर बरोटीवाला के झाड़माजरी स्थित उद्योग के नारकोटिक्स दवाओं के तमाम लाइसेंस को रद्द कर दिया गया है। इससे पहले इसी ग्रुप के ढ़ाणा स्थित उद्योग के भी दवा लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं।

ड्रग विभाग की कार्रवाई से तमाम नारकोटिक्स दवाओं का निर्माण करने वाले उद्योगों में हड़कंप मचा है। पंजाब पुलिस की एसटीएफ व राज्य दवा नियंत्रक विभाग ने बरोटीवाला स्थित उद्योग से 1.98 करोड़ एप्राजॉलेम की गोलियां व 40 किलो कच्चा माल बरामद किया था। ड्रग विभाग ने उद्योग में कई तरह की खामियां पकड़ने के बाद उद्योग प्रबंधन को नोटिस जारी किया था, लेकिन कंपनी मैनेजमेंट की ओर से कोई जवाब न आने के बाद विभाग ने कार्रवाई अमल में लाई है। बीते 9 मई को पंजाब पुलिस की नारकोटिक्स सेल व एसटीएफ ने ढ़ाणा स्थित उद्योग में दबिश देकर ट्रामा-डोल की लाखों गोलियां व कच्चा माल बरामद किया था और पुलिस ने कंपनी द्वारा चलाए जा रहे बड़े नेटवर्क को ब्रेक करने का भी दावा दिया था, जिसके बाद पंजाब पुलिस की टीमें दूसरे यूनिट बायोजेनेटिक में भी पहुंची और वहां से भारी मात्रा में गोलियां बरामद की। पंजाब पुलिस के डीजीपी ने दावा किया था कि कंपनी से देश के पांच राज्यों में नशीली दवाइयां सप्लाई हो रही थी।

### ड्रग उद्योग का दवा लाइसेंस रद्द : कपूर

अनंत ज्ञान फॉलोअप

स्टेट ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर ने बताया कि विभाग पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और एक कमेटी हर पहलू पर तफ्तीश कर रही है। खामियां मिली थी, जिस पर नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई जवाब न आने के बाद बायोजेनेटिक ड्रग उद्योग के नारकोटिक्स दवाओं के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। मैनेजमेंट की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं आया है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**NOTICE**

I, Rajiv Sood S/o Vipan Chand Sood R/o Near Govt. Primary School Chambaghat, Solan H.P. Pin 173213 declare that my Son's actual name is Vanssh Krol but mentioned as Vansh Karol Sood in MC Solan record. Correct Name is Vanssh Krol. Please note.

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी (नायव तहसीलदार) उप-तहसील पन्जैहरा, जिला सोलन हि.प्र.।**

मुकद्मा नं. 06/2024
तारीख रजुआ 02.04.2024
तारीख फैसला

**श्री गुरदेव सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी बगलैहड़ उप- तहसील जिला सोलन (हि.प्र.)।**

**बनाम**

**आम जनता**

**दरखास्त दुरूस्ती नाम**

**ईश्तहार बनाम आम जनता**

हर आम व खास को सूचित किया जाता हे कि श्री गुरदेव सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी बगलैहड़ उप-तहसील जिला सोलन हि.प्र. ने इस न्यायालय में दरखास्त नाम दुरूस्ती प्रस्तुत की है। जिसमें आवेदक ने मौजा बगलैहड़, उप-तहसील पंजैहरा, जिला सोलन हि.प्र. के राजस्व अभिलेख में श्री गुरदेव हो गया है, जोकि गलत दर्ज है। जिसकी दरूस्ती हेतू आवेदन किया है कि उसका नाम श्री गुरदेव की बजाये श्री गुरदेव सिंह किया जावे। अगर इस नाम की दुरूस्ती बारे आम जन साधारण को कोई एतराज हो, तो वह अपनी एतराज/आपत्ति अधोहस्ताक्षरी न्यायालय में दिनांक 22.05.2024 से पूर्व असालतन या वकालतन प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद एतराज काबले समायत न होगा तथा आदेश दुरूस्ती नाम नियमानुसार जारी कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 23.04.2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पंजैहरा, जिला सोलन हि.प्र.**

# हाटी विरोधी हैं कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ता : प्रताप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता एवं कार्यकर्ता हाटी विरोधी हैं।



कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता कम है और कांग्रेस पार्टी की चिंता ज्यादा है गिरि पार क्षेत्र के लोग एसटी का दर्जा पाने के लिए 1967 से लेकर आज तक संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता नहीं चाहते कि गिरी पार क्षेत्र के लोगों को एसटी का दर्जा मिले। कांग्रेस पार्टी के नेता चाहते तो जौनसार बाबर के साथ ही गिरि पार क्षेत्र के लोगों को भी एसटी का दर्जा मिल गया होता क्योंकि उस समय केंद्र में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी और प्रदेश में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, लेकिन उस समय की सरकार में सिरमौर से इकलौते मंत्री स्वर्गीय गुमान सिंह नहीं चाहते थे कि गिरि पार क्षेत्र की जनता को एसटी का दर्जा मिले। इसके पीछे उनकी यह मंशा थी कि यदि गिरि पार क्षेत्र को एसटी का दर्जा मिलता है, तो इस क्षेत्र के पढ़े-लिखे बच्चे उच्च पदों पर बैठेंगे फिर हमारे को कोई नहीं पूछेगा और हमारी राजनीति संकट में पड़ जाएगी।

# सिरमौर मैनुअल स्कैवेंजर मुक्त घोषित

**नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने एक सूचना जारी कर सिरमौर की सभी पंचायतों, नगर पालिका परिषद नाहन एवं पांवटा साहिब व नगर पंचायत राजगढ़ की ओर से किए गए सर्वेक्षण के आधार पर सिरमौर को अस्वच्छ शौचालय और मैनुअल स्कैवेंजर मुक्त घोषित किया है। डीसी ने जारी सूचना में कहा कि यदि सिरमौर हिमाचल प्रदेश में मैला उठाने वाले कार्मिक के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 की धारा 11 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति बतौर मैनुअल स्कैवेंजर कार्य कर रहा है, तो वह इस सूचना के 15 दिनों के भीतर अपना लिखित दावा संबंधित पंचायत, नगर पालिका परिषद या स्थानीय शहरी निकाय के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

# अग्निशमन विभाग के कर्मियों की छुट्टियां रद्द

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब**

पावंटा साहिब के अति संवेदनशील इलाका होने के साथ औद्योगिक क्षेत्र भी है, जहां आगजनी की घटनाएं सामने आने लगी हैं, जिसके लिए वन विभाग समेत अग्निशमन विभाग ने भी फायर सीजन के मद्देनजर कर्मियों की छुट्टियों को रद्द कर कमर कस ली है। पावंटा साहिब औद्योगिक क्षेत्र है, जहां आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं, गर्मियां शुरू होते ही जंगलों व घरों में आगजनी की घटनाओं को लेकर अग्निशमन विभाग ने कर्मियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है।

अग्निशमन विभाग के प्रभारी राम कुमर शर्मा ने बताया कि आग लगने की घटनाओं में इजाफा हुआ है, जहां जनवरी से लेकर अभी तक 60 फायर केस के मामले उनके पास आये हैं, जिनमें 35 फायर केस वन विभाग के अंतर्गत हैं, 6 हाउस फायर के हैं। वहीं, गेहूं सहित खेतों में लगी आग के 15 फायर केस हुए हैं। अभी तक उद्योगिक इकाइयों कों कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि कई जगहों पर पहुंचना बहुत मुश्किल होता है, जहां आग लगी होती है, ऐसे में बड़े अग्निशमन विभाग के वाहनों को उस क्षेत्र में छोटे रास्तों पर पहुंचाना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में छोटे वाहनों को वहां भेजा जाता है, ताकि आग पर काबू पाया जा सके।

### जंगलों को आग से बचाने के लिए कर्मियों की टीमें गठित

**संदेश** मुरारी मार्केट माल रोड पर स्वीप के तहत नुक्कड़-नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए किया प्रोत्साहित

# 'वोट करो, मतदान करो सब लोग' गीत से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन विभाग के तत्वावधान में गत सायं सोलन शहर के मुरारी मार्केट माल रोड पर निर्वाचक शिक्षा कार्यक्रम (स्वीप) के तहत नुक्कड़-नाटक व गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर गुरुकुल के स्टूडेंट्स की ओर से 'वोट करो, मतदान करो सब लोग' गीत तथा 'एक दो तीन चार, वोटर बनो होशियार', 'लोकतंत्र की क्या पहचान, सारे लोग करो मतदान' नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश चंद नेगी ने उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया कि लोकतंत्र के महापर्व में सहयोगी बनें। मतदान एक ऐसा माध्यम है, जिससे आम आदमी अपनी आने वाले भविष्य को संवार सकता है। मतदान अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य भी है, जिसे सभी पात्र मतदाताओं को निभाना चाहिए, ताकि लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की जा सके।




सोलन में स्टूडेंट्स सुव्यवस्थित मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए।

### लोगों से मतदान में सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान

**सोलन।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम ने हनुमान बड़ोग और भराड़ी घाट के थाच तथा दीनन मतदान केंद्रों में युवा और महिला मतदाताओं तथा स्कूल के विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने सभी लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। स्कूल के स्टूडेंट्स अपने माता-पिता एवं परिचितों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित करें।स्वीप अधिकारी प्रो. योगेश ने गीत के माध्यम से मतदान का महत्व समझाया। उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग के मुख्य अध्यापक पीसी बट्टू ने स्टूडेंट्स से अपील करते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता तथा परिवार के सभी पात्र मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।



अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड

| फिक्स साइज | |
|---|---|
| Size | Rate |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### नांदेड़ में प्रसाद खाने से 100 से अधिक लोग बीमार

**मुंबई।** नांदेड़ जिले के नायगांव तहसील में स्थित लालवंड इलाके में स्थित महादेव मंदिर में प्रसाद खाने से 100 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। कुछ लोगों का इलाज स्थानीय ग्रामीण अस्पताल में चल रहा है, जबकि करीब सौ लोगों को वीरवार सुबह गंभीर हालत में नांदेड़ स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार लालवंडी गांव में एक किसान के खेत में बने महादेव मंदिर में भंडारा था। इसी कार्यक्रम में प्रसाद खाने से गांव वालों को उल्टियां होने लगीं। वीरवार सुबह तक करीब सौ लोगों को नायगांव ग्रामीण अस्पताल में पहुंचाया गया है। नायगांव पुलिस ने गुरुवार को प्रसाद का सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया है।

### राजनाथ की पहल से लखनऊ में बने 12 फ्लाईओवर



**लखनऊ।** लखनऊ में तीसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे भाजपा के उम्मीदवार राजनाथ सिंह की पहल से लखनऊ शहर को जाम से मुक्ति मिली है। वह शहर को जाम से मुक्त कराने के लिए जनता से जो वादे किए, उसे समय रहते पूरा किया। दो बार लखनऊ लोकसभा सीट से जीतकर संसद में पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 1573 करोड़ से 12 फ्लाईओवर व अंडरपास के निर्माण करवाए। लखनऊ शहर के विकास के साथ बढ़ती गई आबादी के कारण लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता था। 10 वर्ष पूर्व में शहर के कुछ चौराहों पर भीषण जाम लगता था। जाम को खुलवाने में यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती थी। वर्ष 2014 में लखनऊ से लोकसभा चुनाव लड़ने आए राजनाथ सिंह ने सबसे पहले जाम की समस्या को दूर करने का वचन दिया था।

### सपा के संस्थापक ने सभी पदों से दिया इस्तीफा



**मऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक सदस्य रामहरी चौहान ने पार्टी के नीतियों से क्षुब्ध होकर पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद निवासी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामहरी चौहान ने समाजवादी पार्टी की स्थापना के पूर्व समय से मुलायम सिंह यादव के साथ राष्ट्रीय लोकदल में काम करते रहे, जो समाजवादी पार्टी की स्थापना के साथ पार्टी के संस्थापक सदस्य बने। वह सपा के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए 2017 में अखिलेश यादव के कार्यकाल में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भी बने।

### उधमपुर में ग्रिड स्टेशन में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में वीरवार को एक ग्रिड स्टेशन में आग लग गई, जिस पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह ग्रिड स्टेशन बट्टल बलियान औद्योगिक क्षेत्र में है तथा पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस उपाधीक्षक प्रहलाद शर्मा ने कहा, 'हम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वहां तेल का भंडार और बड़े ट्रांसफार्मर हैं।' उन्होंने कहा कि आग को फोम से बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

### तंगधार में तलाशी के दौरान गोला-बारूद बरामद

**कुपवाड़ा।** भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने खुफिया सूचना पर गुरुवार को अमरोही तंगधार, कुपवाड़ा के सामान्य क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो पिस्तौल, गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे सामान बरामद हुए हैं। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अवैध हथियारों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सावधानीपूर्वक अमरोही तंगधार इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान बरामद सामान में पिस्तौल और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद है।

### सेमीफाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर ज्वेरेव



**रोम।** विश्व के 5वें नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने एक घंटे और 30 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में अपनी मजबूत सर्विस और त्रुटिहीन बेसलाइन खेल की बदौलत अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 6-3 से हराया। ज्वेरेव ने मैच जीतने के बाद एटीपी के हवाले से अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा कि यही वह शॉट है जिससे मैं या तो मैच जीतता हूं या हारता हूं। इसी तरह मेरा पूरा करियर रहा है। जब मैं उस शॉट को अच्छी तरह से मारता हूं, तभी मैं जीतता हूं। जब मैं इसे बहुत अच्छी तरह से नहीं मार रहा होता हूं, तब मैं हार जाता हूं।

### फेडरेशन कप: नीरज चोपड़ा ने जीता स्वर्ण




**भुवनेश्वर।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। चोपड़ा ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता डीपी मनु ने 82.06 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। उत्तम पाटिल ने 78.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता किशोर जेना पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके। नीरज ने फाइनल में 82 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की। हालांकि, डीपी ने अपने पहले प्रयास में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बना ली।

### चुनौतीपूर्ण सत्र में जीत दर्ज करने में सफल रहे : एलिस



**गुवाहाटी।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज नाथन एलिस आईपीएल के इस चुनौतीपूर्ण सत्र के बाद दूसरे स्थान पर काबिज राजस्थान रॉयल्स पर मिली जीत के बाद काफी राहत महसूस कर रहे हैं। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी पंजाब टीम 13 मैचों में पांच जीत और आठ हार के बाद दस अंक लेकर 9वे स्थान पर है। एलिस ने मैच के बाद कहा कि विकेट अपेक्षा से धीमा था, लेकिन अच्छा था। मुझे टीम के लिए खुशी है कि एक चुनौतीपूर्ण सत्र में हम यह जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। रॉयल्स को नौ विकेट पर 144 रन पर रोकने के बाद पंजाब ने सात गेंद बाकी रहते पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला : उसेन बोल्ट



**नई दिल्ली।** फर्राटा के शहंशाह उसेन बोल्ट ने कहा कि मैं क्रिकेट देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं। यह मेरे खून में है। मैं क्रिकेट से दूत के रूप में जुड़ रहा हूं, जो शानदार है। क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ, लेकिन टी-20 विश्व कप का दूत होना शानदार है। पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है, लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी-20 है। आठ ओलंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना साकार हुआ।

### ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना सपना: प्रिंस



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम इस महीने के अंत में होने वाले अपने यूरोप दौरे के लिए तैयारी कर रही है और टीम के गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह अन्य देशों की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका पाकर रोमांचित हैं। रोहित की अगुवाई में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। दौरे का हिस्सा बनने के लिए चुने गए बीस खिलाड़ियों में प्रिंस दीप सिंह भी शामिल हैं, जिन्हें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभाने के लिए बिक्रमजीत सिंह के साथ चुना गया है। पंजाब के पठानकोट जिले की एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले प्रिंस दीप सिंह ने 2016 में पहली बार हॉकी स्टिक उठाई थी।

## कुपवाड़ा में आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार



श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने वीरवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी 20 मई को कुपवाड़ा जिले में होने वाले मतदान से ठीक चार दिन पहले हुई है, जो बारामूला लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। अधिकारियों ने कहा कि सेना, सीमा सुरक्षा बल एवं पुलिस की एक संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कुपवाड़ा जिले के लोन हेरी इलाके में मुश्ताक अहमद लोन को पकड़ा। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने आरोपी के कब्जे से मैगजीन के साथ दो पिस्तौल, 10 हथगोले और 54 कारतूस बरामद किये। अधिकारियों ने कहा कि लोन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# अब जाकर चुनाव आयोग सही मायने में हुआ है स्वतंत्र : मोदी

## बोले-100 नहीं, पहले सवा सौ दिन का बना रहे हैं एजेंडा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव आयोग सही मायने में अब जाकर स्वतंत्र हुआ है। उन्होंने यह बात एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कही। चुनाव आयोग से जो लोग निकले, वे कभी गवर्नर बने, कभी एमपी बने, कभी आडवाणी के सामने पार्लियामेंट का चुनाव लड़ने गए।

मतलब उन्होंने कैसे लोगों को बिठाया था, यह इसका उदाहरण है। उस जमाने के जो इलेक्शन कमिश्नर हैं, वे रिटायर होकर आज भी उसी फिलोसाफी को प्रमोट करने वाले ट्वीट करते हैं, ओपिनियन अपने देते हैं, आर्टिकल लिखते हैं। इसका मतलब है कि अब जाकर इलेक्शन कमीशन पूर्ण रूप से स्वतंत्र बना है। मोदी ने अपने 100 दिन के एजेंडे को लेकर कहा कि वह 100 नहीं, अब सवा सौ दिन का एजेंडा बना रहे हैं। उन्होंने 2001 में गुजरात में आए भूकंप का जिक्र कर अपने अनुभव साझा किए।



पीएम मोदी से पूछा गया कि जब लोग चुनाव की तैयारी करते हैं, कैंडिडेट्स की लिस्ट बनाते हैं, घोषणापत्र तय करते हैं, लेकिन आप 100 दिन आगे का एजेंडा बनाने में लग गए हैं। वर्ष 2014 में जब पहली बार केंद्र की सत्ता में आए तो 100 दिन के अंदर वन रैंक वन पेंशन, काले धन पर एसआईटी गठित की। 2019 में आए तो 62 दिन में ट्रिपल तलाक से आजादी दिलाई और कश्मीर में 370 से आजादी दिलाई।

वर्ष 2024 में अगर सत्ता में आते हैं, तो 100 दिन में क्या करेंगे? कौन से बड़े और सख्त फैसले ले सकते हैं? जवाब देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये शायद मेरी कार्यशैली का हिस्सा रहा है कि मैं चीजों को बहुत वेल एंड एडवांस तरीके से करता हूं। जब मैं संगठन का काम करता था, तब भी मैं काफी पूर्वानुमान लगाता था कि मुझे इस समय यह करना है, इस समय वो करना है, इसलिए मैं टाइम का भी ढंग से बंटवारा करता हूं। इससे प्रायोरिटी भी आसानी से तय कर सकता हूं। मैं किसी मैनेजमेंट स्कूल का स्टूडेंट तो नहीं रहा हूं, लेकिन शायद काम करते-करते यह डेवलप हुआ है।

## बम की सूचना पर 18 घंटे देरी से दिल्ली से वडोदरा पहुंची फ्लाइट



**वडोदरा।** एयर इंडिया की एआई-819 फ्लाइट में दिल्ली हवाई अड्डे पर बम की सूचना के बाद यात्रियों को वडोदरा आने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वीरवार दोपहर करीब 18 घंटे की देरी से फ्लाइट के वडोदरा पहुंचने पर यात्रियों और परिजनों ने राहत की सांस ली है। बताया गया कि बुधवार शाम 7.30 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर वडोदरा आने वाली फ्लाइट के टेक आफ से कुछ मिनट पहले विमान को रोक दिया गया।

एयर इंडिया की ओर से जानकारी दी गई कि विमान में बम होने की सूचना मिली है। इससे फ्लाइट में बैठे 150 यात्रियों की जान सांसत में फंस गई। फ्लाइट में बैठे यात्रियों को नीचे उतार कर फ्लाइट की तीन-तीन बार सघन जांच की गई। तमाम जांच एजेंसियां जांच में जुटी रही, लेकिन किसी तरह की संदिग्ध वस्तु हाथ नहीं लगने से सभी ने राहत की सांस ली। बम होने की सूचना अफवाह साबित हुई।

## हम राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन का हिस्सा हैं और रहेंगे : ममता बनर्जी

**एजेंसी, तमलुक ( पश्चिम बंगाल )**

सत्ता में आने पर विपक्षी गठबंधन को बाहर से समर्थन देने की घोषणा के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वीरवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। तमलुक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है।



बनर्जी ने कहा, ''कुछ लोगों ने कल के मेरे बयान को गलत समझा है। अखिल भारतीय स्तर पर, मैं पूरी तरह से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा हूं। इंडिया गठबंधन का मैंने सुझाव दिया था। हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे।'' बनर्जी ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन में शामिल माकपा और कांग्रेस दोनों की पश्चिम बंगाल इकाइयां ने हाथ मिला लिया है और राज्य में भाजपा की मदद कर रही हैं। उन्होंने रैली में कहा, ''बंगाल में माकपा और कांग्रेस पर भरोसा नहीं करें। वे हमारे साथ नहीं हैं, वे यहां भाजपा के साथ हैं।''

बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन को बाहर से समर्थन देगी। लोकसभा चुनाव में 400 सीटें हासिल करने के भारतीय जनता पार्टी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोग उन्हें खारिज कर देंगे। उन्होंने कहा, ''पूरा देश जान गया है कि भाजपा चोरों से भरी पार्टी है। हम (तृणमूल) केंद्र में सरकार बनाने के लिए बाहर से विपक्षी गठबंधन का समर्थन करेंगे। हम अपना समर्थन देंगे, ताकि बंगाल में हमारी माताओं-बहनों को कभी दिक्कत न हो और 100 दिन रोजगार योजना में काम करने वालों को भी दिक्कत न हो।''

## राखी सावंत अस्पताल में भर्ती, पेट में है ट्यूमर

**मुंबई।** राखी सावंत अस्पताल में भर्ती है, हमेशा की तरह जब उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबर आई तो किसी को इस पर यकीन नहीं हुआ और कई तरह की बातें सामने आने लगीं, लेकिन अब राखी सावंत के पूर्व पति रितेश ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि एक्ट्रेस अस्पताल में भर्ती है और उनकी हालत गंभीर है। उन्होंने राखी सावंत के फैंस से उनके लिए दुआ करने के लिए भी कहा है। राखी सावंत की एक फोटो आई थी, जिसमें वह अस्पताल में नजर आ रही थीं।



राखी सावंत के पूर्व पति रितेश ने राखी सावंत की तबीयत सही में खराब होने की पुष्टि की है और मीडिया से बातचीत में कहा कि राखी ने अपनी ऐसी इमेज बना ली है कि लोगों का लगता है ड्रामा है। मैं आपसे सीधा कहूंगा कि राखी अगर क्रिटिकल में है तो क्रिटिकल में हैं।

## संदेशखाली में एक और महिला से दुष्कर्म तृणमूल नेताओं के खिलाफ एफआईआर

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के चर्चित संदेशखाली में एक बार फिर दुष्कर्म हुआ है। स्थानीय निवासी एक महिला से रात के अंधेरे में दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में स्थानीय तृणमूल नेता दिलीप मल्लिक समेत कुल पांच लोगों को नामित किया गया था।




गौर हो कि एफआईआर में तृणमूल नेता दिलीप और उनके साथी सैकत दास का नाम है। संदेशखाली के माजेरपाड़ा इलाके में तीन अज्ञात युवकों ने एक महिला को उठाया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। महिला का पति सिविक वालंटियर के तौर पर काम करता है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, महिला खुद को छुड़ाने की कोशिश करती रही। वह पास के तालाब में गिर गई। महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े। महिला के मुताबिक अपराधी भाग गए।

स्थानीय लोगों ने महिला को बचाया और घर ले आए। महिला ने बुधवार रात संदेशखाली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। सुबह शिकायत को एफआईआर के रूप में दर्ज किया गया और जांच शुरू हुई। पुलिस वीरवार सुबह महिला को संदेशखाली थाने ले आई। उनका बयान रिकॉर्ड किया गया है।

## जीत के साथ विदा लेना चाहेंगी मुंबई और लखनऊ टीमें

**एजेंसी, मुंबई**

आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी।

मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाए और रनरेट भी खराब हो गया। केकेआर से 98 रन से हार के बाद उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने दस विकेट से और दिल्ली कैपिटल्स ने 19 रन से हराया। सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0. 787 है, जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का रनरेट 0. 387 है। मुंबई के बल्लेबाजों ने पूरी तरह निराश किया, तो गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह (13 मैचों में 20 विकेट) दूसरे गेंदबाजों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित नहीं कर सके।



### आईपीएल से बाहर होने वाली पहली टीम थी मुंबई इंडियंस

**पांच** बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे, जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा।

## छेत्री का संन्यास का ऐलान छह जून को खेलेंगे आखिरी मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के महान फुटबाल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबाल को अलविदा कहने का फैसला लिया है, जिससे उनके लंबे और सुनहरे कैरियर पर विराम लग जाएगा। भारतीय टीम के कप्तान छेत्री ने सोशल मीडिया पर डाले वीडियो के जरिये यह घोषणा की। 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबाल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने भारत के लिए 94 गोल किए हैं।



उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल और सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच है। सक्रिय फुटबाल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के बाद उनके नाम सबसे ज्यादा गोल हैं। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

## काम पूरा हो गया तो चला जाऊंगा: विराट कोहली

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी की ओर से सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा है।



मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता, ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो। एक बार काम पूरा हो जाए, तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा। जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं। यही मेरी प्रेरणा है। हर खिलाड़ी के कैरियर का अंतिम समय आता है। मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा, लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता। कोहली अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम के सदस्य हैं।

## शरत कमल और मनिका करेंगे भारत का नेतृत्व

**दिल्ली।** अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने वीरवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया।

## अंजुम, स्वप्निल ने ओलंपिक चयन ट्रायल में पहली जीत दर्ज की

**एजेंसी, भोपाल**

ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने वीरवार को ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमशः महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की।



पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463.7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की। स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने 463.9 अंक का स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया।

## हस्सी को उम्मीद, दो साल और खेलेंगे धोनी



**बेंगलरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे, क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं।

**चैंपियन** डुसान व्लाहोविक का गोल हुआ निर्णायक साबित, अटलांटा को 1-0 से हराया

## जुवेंटस ने 15वां कोपा इटालिया खिताब जीता

**एजेंसी, रोम**

**जुवेंटस** ने डुसान व्लाहोविक के गोल की बदौलत अटलांटा को 1-0 से हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब हासिल किया। जुवेंटस ने इससे पहले 14 बार टूर्नामेंट जीता था और उनकी आखिरी जीत 2021 में हुई थी, जबकि अटलांटा ने 1962-63 सीजन में केवल एक बार खिताब जीता था।




जुवेंटस ने मैच में स्वप्निल शुरुआत की। चौथे मिनट में ही डुसान व्लाहोविक ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। व्लाहोविच के पास 54वें मिनट में पेनल्टी अपील थी, जब वह बॉक्स में गिर गया था, लेकिन रेफरी ने खेल जारी रखा, इससे पहले कि ऑफसाइड के कारण सर्बियाई खिलाड़ी का एक और गोल चूक गया। अटलांटा के पास बराबरी करने का मौका था, लेकिन एडेमोला लुकमैन ने 80वें मिनट में अपनी स्ट्राइक को पोस्ट पर मार दिया, जबकि जुवे के फैबियो मिरेटी ने भी बार पर एक शॉट लगाया। खिताबी जीत के बाद मुख्य कोच मैसिमिलियानो एलेग्री ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मैच था। फाइनल खेलना हमेशा अद्भुत होता है। हम तीन कठिन महीनों से गुजरे, जो बहुत विकास के थे। जुवेंटस एक महत्वपूर्ण क्लब है और हमें वह मिला जो हमें चाहिए था, चैंपियंस लीग और कोपा इटालिया फाइनल खेलना शानदार था, जिन्हें जीतने के लिए लड़कों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## आईसीसी टी-20 की रैंकिंग में हसरंगा-शाकिब शीर्ष पर

**एजेंसी, दुबई**

**टी-20** ऑलराउंड आईसीसी रैंकिंग में हार्दिक पंड्या सातवें स्थान पर बने हुए हैं, जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पंड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं।




अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं, जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्ररम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं, जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (781), बाबर आजम (761) और दक्षिण अफ्रीका के माक्ररम (755) उनके बाद है। भारत के यशस्वी जायसवाल 714 अंक लेकर छठे स्थान पर हैं।